आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 133 | उज्जैन, शुक्रवार 29 मई, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 13 (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### कर्नाटक के सीएम पद से सिद्धारमैया ने दिया इस्तीफा


**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार को इस्तीफा दे दिया। उन्होंने बेंगलुरु में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- मैंने पहले ही कहा था कि हाईकमान जब कहेगा, मैं इस्तीफा दे दूंगा। कल हाईकमान ने कहा और आज मैंने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने बताया कि राज्यपाल थावरचंद गहलोत के सचिव को इस्तीफा सौंपा है। गहलोत फिलहाल पारिवारिक कारणों से बेंगलुरु से बाहर हैं। इसके बाद डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार का मुख्यमंत्री बनना तय माना जा रहा है। शुक्रवार को विधायक दल की बैठक में इसका ऐलान किया जा सकता है। सिद्धारमैया का हटना रोटेशनल सीएम फॉर्मूला के तहत माना जा रहा है। इससे पहले सिद्धारमैया ने अपने घर पर मंत्रियों के साथ बैठक की और फैसले की जानकारी दी।

### होर्मुज पर किसी का कंट्रोल बर्दाश्त नहीं, उड़ा देंगे: ओमान

**तेल अवीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के बाद अब ओमान की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट अंतरराष्ट्रीय समुद्री रास्ता है और यहां किसी एक देश का कब्जा नहीं हो सकता। दुनिया के सभी जहाजों को यहां से गुजरने की आजादी होगी। दरअसल ईरान होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से फीस वसूलने के लिए ओमान के साथ मिलकर एक सिस्टम तैयार करने पर बातचीत कर रहा है। ट्रम्प ने कहा कि हम होर्मुज पर नजर रखेंगे, लेकिन इसे कोई कंट्रोल नहीं करेगा। ईरान इसे कंट्रोल करना चाहता है, लेकिन ऐसा नहीं होगा। यह अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र है। ओमान को भी बाकी देशों की तरह व्यवहार करना होगा, नहीं तो उसे उड़ा देंगे।

### कुणाल कोहली बोले

### रणवीर सिंह फिर फ्लॉप फिल्म भी दे सकते हैं



**फ्लॉप फिल्मों से स्टारडम खत्म नहीं होता बॉक्स ऑफिस से एक्टर को जज न करें**

**मुंबई।** फिल्म डायरेक्टर कुणाल कोहली ने अभिनेता रणवीर सिंह की फिल्मों के फ्लॉप परफॉरमेंस और बॉक्स ऑफिस के दबाव पर खुलकर बात की है। एनडीटीवी को दिए इंटरव्यू में कुणाल ने कहा कि रणवीर सिंह आगे भी हिट फिल्में देंगे और वे फिर से फ्लॉप फिल्म भी दे सकते हैं, यह कोई बड़ी बात नहीं है। कुणाल के मुताबिक, दुनिया का कोई भी बड़ा स्टार फ्लॉप फिल्मों से बच नहीं सकता है। उन्होंने दर्शकों से अपील की कि किसी भी कलाकार के टैलेंट को सिर्फ फिल्म के हिट या फ्लॉप होने से तय न करें। फ्लॉप फिल्म देना कोई बड़ी बात नहीं कुणाल कोहली ने फिल्म इंडस्ट्री और दर्शकों के रवैये पर बात की। उन्होंने कहा कि जब किसी स्टार की फिल्म नहीं चलती, तो लोग जरूरत से ज्यादा प्रतिक्रिया देने लगते हैं। फिल्म इंडस्ट्री में कोई भी ऐसा सुपरस्टार नहीं है जिसकी कोई फिल्म फ्लॉप न हुई हो। हर एक्टर, प्रोड्यूसर और डायरेक्टर के जीवन में ऐसा समय आता है। एक फ्लॉप फिल्म किसी कलाकार की काबिलियत तय नहीं कर सकती। रणवीर सिंह फिर से हिट फिल्म देंगे और वे दोबारा फ्लॉप फिल्म भी दे सकते हैं। यह सब फिल्म बिजनेस का हिस्सा है, इसे लेकर ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। बॉक्स ऑफिस से जज करना दर्शकों की कमजोरी रणवीर सिंह की एक्टिंग की तारीफ करते हुए कुणाल ने कहा कि वे एक शानदार अभिनेता हैं। फिल्म 'धुरंधर' में उन्होंने कुछ दृश्यों में बेहतरीन काम किया है। यही नहीं, रणवीर ने उन फिल्मों में भी शानदार एक्टिंग की है जो बॉक्स ऑफिस पर नहीं चल सकी थीं। कुणाल ने दर्शकों को नसीहत देते हुए कहा कि केवल टिकटों की बिक्री देखकर किसी के काम का फैसला करना फिल्म देखने वालों की कमजोरी को दिखाता है।

### जापान ने भारतीय आमों पर फिर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** भारतीय आमों की मिठास दुनिया भर में पसंद की जाती है, लेकिन अब जापान ने एक बार फिर भारतीय आमों के आयात पर रोक लगा दी है। यह फैसला ऐसे समय आया है जब भारतीय आम निर्यातक पहले से ही वैश्विक बाजार में कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। जापान द्वारा लगाया गया यह प्रतिबंध इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि करीब 20 साल पहले लंबी पाबंदी हटने के बाद पहली बार भारतीय आमों का निर्यात दोबारा रोका गया है। जापानी अधिकारियों ने मार्च 2026 में भारत की वेपर हीट ट्रीटमेंट यानी वीएचटी सुविधाओं का निरीक्षण किया था, जिसमें फ्यूमिगेशन और डिसइंफेक्शन प्रक्रिया में कमियां पाई गईं थी।

### पटना में भीषण नाव हादसा, 15 लोग गंगा नदी में डूबे, 7 की मौत

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना जिले के बाढ़ अनुमंडल स्थित उमानाथ गंगा घाट पर एक दर्दनाक नाव हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। रोजी-रोटी के लिए दियारा इलाके में परवल तोड़ने जा रहे किसानों से भरी नाव गंगा नदी में पलट गई। इस हादसे में अब तक 7 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि कई लोगों को स्थानीय नाविकों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मृतकों में 1 पुरुष और 6 महिलाएं शामिल हैं। सभी मृतक बाढ़ क्षेत्र के बिंद टोली के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जहां घटना के बाद चीख-पुकार और मातम का माहौल है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बिंद टोली के किसान हर दिन की तरह सुबह भी नाव के जरिए गंगा पार दियारा इलाके में परवल तोड़ने जा रहे थे।

---

**राजस्थान-मध्यप्रदेश समेत देश के 15 से ज्यादा राज्यों में गर्मी से राहत मिलने की संभावना**

# अगले 3 दिन बारिश का अलर्ट, राजस्थान का श्रीगंगानगर देश में सबसे गर्म

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के 15 से ज्यादा राज्यों में शुक्रवार से गर्मी से राहत मिलने वाली है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, यूपी में अगले तीन दिन बारिश हो सकती है। बिहार के 32 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 60 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।

वहीं राजस्थान में जयपुर सहित 11 जिलों में आंधी बारिश का अलर्ट है। जैसलमेर, फलोदी, गंगानगर, बीकानेर में कल हीटवेव का सबसे ज्यादा असर रहा।



बुधवार को राजस्थान का श्रीगंगानगर देश में सबसे गर्म शहर रहा, यहां तापमान 48 डिग्री को पार करके 48.2 डिग्री तक पहुंचा। महाराष्ट्र के नागपुर में पिछले तीन दिन में 16 लोगों के शव रेलवे स्टेशन, सड़क, फ्लाईओवर के नीचे समेत अन्य सार्वजनिक जगहों पर मिले। प्रशासन को आशंका है कि हीटवेव के कारण इन लोगों की मौत हुई। नागपुर में बुधवार को भी अधिकतम तापमान 46 डिग्री रहा।

पहाड़ी राज्यों की बात करें तो आज उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बारिश और ओले गिर सकते हैं।

### मप्र के 10 शहरों में पारा 45 डिग्री पार, दमोह में ओले गिरे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

नौतपा के चौथे दिन भी मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी का असर बना रहा। प्रदेश के 10 शहरों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक दर्ज किया गया। खजुराहो सबसे गर्म रहा, जहां पारा 46.5 डिग्री तक पहुंच गया। प्रदेश के बड़े शहरों में ग्वालियर सबसे गर्म रहा, जहां पारा 44.7 डिग्री तक पहुंचा। जबलपुर में 44 डिग्री, भोपाल में 43.8 डिग्री, उज्जैन में 42.5 डिग्री और इंदौर में 41.8 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, इस बार नौतपा में भीषण गर्मी के साथ आंधी और बारिश का दौर भी जारी है। पिछले तीन दिनों से कई जिलों में बारिश हो रही है। शुक्रवार को भी प्रदेश के 48 जिलों में हीटवेव और तेज गर्मी का अलर्ट जारी किया गया। छतरपुर जिले के खजुराहो और नौगांव पिछले 10 दिनों से प्रदेश के सबसे गर्म शहर बने हुए हैं। दोनों शहरों में तापमान 47 डिग्री के करीब पहुंच चुका है।

**दमोह के तेंदूखेड़ा में आधे घंटे ओले गिरे-** इधर, दमोह में गुरुवार शाम अचानक मौसम बदल गया। शाम करीब 4.30 बजे बारिश के साथ ओलावृष्टि शुरू हो गई। जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक में करीब आधे घंटे तक ओले गिरते रहे। बाद में ओलावृष्टि थम गई, लेकिन बारिश जारी रही। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली और मौसम में ठंडक घुल गई।

# पूर्व सरपंच मां और बेटे सहित 4 लोगों की जिंदा जलाकर हत्या

**स्कॉर्पियो में पीछे की सीट पर मिली तीन लाश, महिला का शव खेत में पड़ा था**

एजेंसी ▶▶ अजमेर

अजमेर में स्कॉर्पियो में पूर्व सरपंच मां-बेटे सहित 4 लोगों की जिंदा जलाकर हत्या कर दी। घटना शहर से करीब 60 किलोमीटर दूर बोराड़ा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह 5.30 बजे की है।

घटना श्रीरामपुरा गांव में हुई। इसमें पूर्व सरपंच रामसिंह चौधरी, उनकी मां और पूर्व सरपंच पूसी देवी, पत्नी सुरज्ञान देवी और भांजी महिमा की हत्या की गई। तीन शव गाड़ी में पीछे की तरफ थे। सुरज्ञान देवी का अधजला शव खेत में पड़ा था।

सुरज्ञान देवी जिला परिषद मेंबर थीं। बताया जा रहा है कि परिवार कांग्रेस से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार, पूसीदेवी के सीने में दर्द हो रहा था। इसलिए रामसिंह उन्हें लेकर हॉस्पिटल जा रहे थे। पहले हादसा में मौत बताई जा रही थी, लेकिन पुलिस झगड़े और हत्या की आशंका के एंगल से भी जांच कर रही है।



#### घर पर मिले खून के निशान

पुलिस के अनुसार, पूर्व सरपंच रामसिंह चौधरी श्रीरामपुरा गांव के ही रहने वाले थे। घटना गांव से 1 किलोमीटर दूर हुई। पूर्व सरपंच की पत्नी और जिला परिषद सदस्य सुरज्ञान देवी के गले पर खून के निशान मिले हैं। वहीं, घर की जांच में पुलिस को 2 ईंटें और खून के निशान भी मिले हैं। घर पर माचिस भी मिली है, जिस पर खून के निशान है। पास ही ट्रैक्टर से डीजल निकालने की बात भी सामने आई। घर पूरी तरह धोया हुआ था।

#### दूसरी पत्नी और बेटे से पूछताछ

पूछताछ के लिए पुलिस रामसिंह की दूसरी पत्नी, बेटे और परिवार को थाने लेकर गई है। अजमेर एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला ने बताया- घटना के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है, लेकिन पुलिस इसे हत्या मानकर ही जांच कर रही है।

#### पूर्व सरपंच ने सोशल मीडिया किया था पोस्ट

पूर्व सरपंच रामसिंह का एक सोशल मीडिया पोस्ट भी सामने आया है। इसमें उन्होंने लिखा है कि साथियों क्या मुझे वापस पुलिस सुरक्षा मिलनी चाहिए। जो भी उचित हो। क्या मैं मेरे हक की लड़ाई लड़ रहा हूं। जो भी सहमत हैं, मेरी मदद करें। आशा है आप बड़े ओहदे वाले एमपी, एमएलए और मंत्री से सवाल करेंगे।

### ट्विशा केस-सीबीआई ने रिटायर्ड जज सास को गिरफ्तार किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

भोपाल के एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा मौत मामले में सीबीआई ने उसकी सास रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। टीम गिरिबाला सिंह को मेनिट लेकर पहुंची है। यहीं मेडिकल बोर्ड को बुलाकर उनका चेकअप कराया जाएगा। सीबीआई ने मेनिट परिसर में ही कैंप ऑफिस बनाया है। मेडिकल चेकअप के बाद गिरिबाला को सीबीआई कोर्ट में पेश किया जाएगा। सीबीआई के अधिकारी गुरुवार सुबह साढ़े 10 बजे गिरिबाला के घर पहुंचे थे। करीब 7 घंटे तक पूछताछ करने के बाद शाम 5 बजकर 10 मिनट पर उन्हें गिरफ्तार किया गया। इससे पहले बुधवार को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने गिरिबाला की अग्रिम जमानत रद्द कर दी थी। हाईकोर्ट ने देर रात 17 पन्नों का आदेश जारी किया। इसमें कहा- मामले की गंभीरता, सबूत और जांच की स्थिति को देखते हुए आरोपी पक्ष को राहत देना उचित नहीं था।

**सादगी का संदेश**

### सीएम यादव बस से जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ पहुंचे उज्जैन



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सादगी, मितव्ययिता और सुशासन के मंत्र को आत्मसात करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में एक नई कार्यसंस्कृति स्थापित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रशासनिक खर्चों में संयम और संसाधनों के संतुलित उपयोग को लगातार प्राथमिकता दी जा रही है।

इसी कड़ी में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने काफिले में वाहनों की संख्या सीमित रखते हुए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ एक ही बस में सवार होकर इंदौर से उज्जैन तक की यात्रा की। इस दौरान सुरक्षा और आवश्यक व्यवस्था हेतु केवल तीन अन्य वाहन ही साथ रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यह पहल सादगीपूर्ण प्रशासन, ईंधन बचत और अनावश्यक खर्चों में कमी की दिशा में एक सकारात्मक संदेश है। यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से जल गंगा संवर्धन अभियान सहित विभिन्न विकास कार्यों एवं जनहित योजनाओं पर चर्चा भी की।

### शायर बशीर बद्र का 91 साल की उम्र में निधन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

उर्दू गजल के शायर डॉ. बशीर बद्र (91) नहीं रहे। त्याग और बलिदान के पर्व को उन्होंने फानी दुनिया को अलविदा कहा। उर्दू अदब की रूह में समाए डॉ बशीर बद्र तकरीबन 14 बरस से डिमेंशिया की गिरफ़्त में रहे, जिससे उनकी याददाश्त कमजोर होती चली गई, मगर उनके शेर आज भी दिलों में धड़कते हैं। परिजन के अनुसार शाम 7.30 बजे सुपुर्दे खाक किया गया। उनकी पत्नी, डॉ. राहत बद्र, जब उनके शेर गुनगुनाती थीं, तो बशीर बद्र साहब के चेहरे पर शादाबी की हल्की सी झलक उभर आती थी। कभी-कभी वे खुद भी मिसरा पूरा करने लगते। एक वक़्त था, जब उनके बिना मुशायरे अधूरे माने जाते थे। उनकी मौजूदगी महफिल की कामयाबी की जमानत हुआ करती थी। जब भी उन्हें मुशायरे की याद आती थी तो इरशाद, इरशाद कहने लगते थे।



### मप्र सरकार ने स्थापित किए 8 नए पुरस्कार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार ने विज्ञान, सामाजिक शोध और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 8 नए पुरस्कार स्थापित किए हैं। इनमें 4 राष्ट्रीय और 4 राज्य स्तरीय पुरस्कार शामिल हैं। सामाजिक शोध को लेकर मध्यप्रदेश को अपनी कर्मभूमि बनाने वाले और चित्रकूट में दीनदयाल शोध संस्थान (डीआरआई) के संस्थापक नानाजी देशमुख के नाम पर राष्ट्रीय स्तर का तथा सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक डॉ. हरिसिंह गौर के नाम पर राज्य स्तरीय सामाजिक विज्ञान पुरस्कार स्थापित किया गया है।

**दैनिक अवंतिका द्वारा चलाए जा रहे प्रदेश स्तरीय सकोरा वितरण अभियान के तहत**

### पक्षियों को शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए सकोरे बांधे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

दैनिक अविन्तका द्वारा चलाए जा रहे प्रदेश स्तरीय सकोरा वितरण अभियान के तहत बड़नगर, नीमच के बाद राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में नौतपे की भीषण गर्मी और 44 डिग्री तापमान में पक्षी शीतल छाया और पानी की तलाश में इधर-उधर ना भटके इसलिए विशेष अभियान के अंतर्गत महिला मंडल और बच्चों द्वारा जगह-जगह मिट्टी के सकोरे (पात्र) वितरित कर बांधे जा रहे। उक्त अभियान के तहत समाजसेवी एवं कर्मठ शिक्षिका इंदिरा कुशवाह के नेतृत्व में महिला मंडल द्वारा मिट्टी के सकोरों में शीतल पेयजल की व्यवस्था की।





मुक पक्षी और जीव जंतुओं के प्रति अपनी संवेदना रखते हुए आमजन से आग्रह किया है कि अपने अपने मकान की छतों पर मिट्टी के सकोरों में ठंडा पानी भरकर अवश्य रखें।

**वॉट्सएप-फेसबुक-इंस्टाग्राम के प्लस वर्जन के पैसे लगेंगे**

# मोबाइल से 24 घंटे के बाद भी नहीं हटेगी स्टोरी

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

सोशल मीडिया कंपनी मेटा ने इंस्टाग्राम, फेसबुक और वॉट्सएप के लिए नए सब्सक्रिप्शन प्लान पेश किए हैं। इसके तहत एप्स के प्लस वर्जन रोल आउट किए जा रहे हैं। इस प्लान को लेने वाले यूजर्स को स्पेशल टूल्स और कस्टमाइजेशन के विकल्प मिलेंगे।

यह कदम मेटा की विज्ञापन के अलावा कमाई का नया जरिया बनाने की रणनीति का हिस्सा है। नए प्लस प्लान कंपनी के मौजूदा 'मेटा वेरिफाइड' प्लान की जगह नहीं लेंगे। मेटा ने अभी इन नए 'प्लस' सब्सक्रिप्शन प्लान्स को वैश्विक स्तर पर रोलआउट करने की घोषणा की है, लेकिन कंपनी ने भारत में इसकी लॉन्चिंग की तारीख का ऐलान नहीं किया है। चूंकि, भारत मेटा के लिए दुनिया का सबसे बड़ा यूजर बेस वाला मार्केट है, इसलिए कंपनी आमतौर पर यहां किसी भी बड़े फीचर को फेज्ड मैनर रोलआउट करती है।



#### वॉट्सएप प्लस में क्या होगा खास?

यह पूरी तरह से पर्सनलाइजेशन और मैसेजिंग पर केंद्रित है। इसमें यूजर्स को एप थीम्स, कस्टम रिंगटोन्स, एडिशनल पिंड चैट्स, लिस्ट कस्टमाइजेशन और प्रीमियम स्टिकर्स जैसे फीचर्स मिलेंगे।

मेटा एआई यूजर्स के लिए भी दो प्लान टेस्ट किए जा रहे

- **मेटा वन प्लस** : $7.99 (करीब 770 रुपए) प्रति महीना।
- **मेटा वन प्रीमियम**: $19.99 (करीब 1,900 रुपए) प्रति महीना।

दोनों में फीचर्स समान हैं, लेकिन प्रीमियम प्लान मुश्किल कामों के लिए डीपर रीजनिंग और हाई कंप्यूट क्वेरीज की क्षमता अनलॉक करेगा। इससे मेटा एप्स पर बेहतरीन वीडियो और इमेज-जनरेशन की सुविधा मिलेगी। सामान्य यूजर्स के लिए मेटा एआई मुफ्त रहेगा।


#### इंस्टाग्राम प्लस और फेसबुक प्लस में क्या मिलेगा खास?

इंस्टाग्राम प्लस और फेसबुक प्लस मुख्य रूप से सोशल एक्सप्रेशन और क्रिएटर्स को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसमें यूजर्स को यह देखने की सुविधा मिलेगी कि कुल कितने लोगों ने उनकी स्टोरी को दोबारा देखा है। इनके अलावा ये 5 फायदे भी मिलेंगे।

- **पसंदीदा लोगों की अलग-अलग लिस्ट:** अभी आप सिर्फ 'क्लोज फ्रेंड्स' की एक ही लिस्ट बना सकते हैं। नए फीचर से आप अपनी मर्जी से कई अलग-अलग लिस्ट बना सकेंगे और तय कर पाएंगे कि कौन सी फोटो या वीडियो किसे दिखे।
- **24 घंटे के बाद भी नहीं हटेगी स्टोरी:** अभी स्टोरी 24 घंटे में हट जाती है। अब इसे 24 घंटे से ज्यादा समय तक अपनी प्रोफाइल पर रख पाएंगे। हफ्ते में एक बार अपनी किसी स्टोरी को 'स्पॉटलाइट' कर सकेंगे, जिससे उसे ज्यादा से ज्यादा लोग देख सकें।
- **चोरी-छिपे देख सकेंगे दूसरों की स्टोरी:** आप सामने वाले की स्टोरी देख भी लेंगे और उसे पता भी नहीं चलेगा, क्योंकि उसका नाम देखने वालों की लिस्ट में नहीं आएगा। इसके अलावा आप अपनी स्टोरी को देखने वालों के नाम भी सर्च कर सकेंगे।
- **बिना दूसरों को परेशान किए प्रोफाइल अपडेट:** आप कोई भी फोटो या वीडियो सीधे अपनी प्रोफाइल या हाइलाइट्स में सेव कर सकते हैं। इसके लिए आपके दोस्तों के होम पेज पर कोई नोटिफिकेशन या नया पोस्ट नहीं जाएगा।
- **सजावट के नए तरीके:** आपकी प्रोफाइल को सुंदर बनाने के लिए नए तरीके के फॉन्ट, स्क्रीन पर तैरने वाले 'सुपर हार्ट' रिएक्शन और मनपसंद एप आइकॉन मिलेंगे।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## निरीक्षणों का भय बरकरार....




महाआयोजन को लेकर निरंतर रूप से तैयारी करवाने में लगे युवा अधिकारी जमकर मेहनत कर रहे हैं। चाहे शहर की बात की जाए या जिले की सभी तरफ एक जैसे ही रात और दिन ठेकेदारों से त्वरित गति से काम करवाने के लिए लगे हुए हैं। पैसा बचाने के लिए ठेकेदार तमाम जुगत लगाते हैं। इसमें लेबर कम लगाने से लेकर मशीनरी का उपयोग कम करने और काम को धीमी गति से करने जैसे सभी हथकंडे इस्तेमाल किए जाते हैं। पिछले माहों से निरंतर रूप से प्रति दिन और यूं कहें की रात और दिन निरीक्षण के दौर ने ठेकेदारों की नींद हराम कर दी है। दबाव के साथ काम को नियमितता से करवाने की योजना ने अपना काम दिखा दिया है और इसके परिणाम सामने आए हैं। प्रतिदिन अधिकारियों के बयानों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि तकरीबन सभी निर्माण अपनी गति से चल रहे हैं और निर्धारित समय पर पूर्ण होंगे तो अतिश्योक्ति नहीं है। निरंतर निरीक्षणों का ही परिणाम है कि काम की गति आई है। इसके साथ ही गुणवत्ता में भी सुधार आया है। ठेकेदारों से निरंतर प्रगति की स्थिति लेने में उन्हें भी भय होने लगा है। इसके साथ ही जिन्हें समझ नहीं आया उनके साथ दंडात्मक स्थितियों में बात हुई तो वे भी उस भाषा में समझ गए हैं। अब निरीक्षण का भय खासा हो चुका है। ऐसे में सीधे तौर पर महाआयोजन के नवाचारों को आधार देने के लिए अच्छा खासा समय सामने है। इसका सद्उपयोग करते हुए नवाचारों को लेकर योजनबद्धता के साथ आगे बढ़ा जाना चाहिए और उसे अभी से प्रचारित प्रसारित करवाना चाहिए जिससे की महाआयोजन में संख्या बल जमकर रहे। खुसूर-फुसूर है कि निरीक्षण के भय से अब अच्छी प्रगति कामों को मिल रही है। वर्क चार्ट तकरीबन सभी साईटों पर दिए जा चुके हैं। ऐसे में मानसून पूर्व ठेकेदारों को आवश्यक कार्यों के निपटान की हिदायत देते हुए उनसे काम करवाए जाना चाहिए। इसमें साईटों पर मानसून के दौरान आसपास के रहवासियों को परेशानी न हो ऐसी स्थिति निर्मित करवा दी जाए। आवागमन में बाधा जैसी स्थिति न हो।

## न्यूज कॉलम

### महाकाल के दर्शन के लिए हरसिद्धि चौराहे से भी मिलेगी एंट्री

**उज्जैन।** ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में अब सामान्य दर्शनार्थियों के लिए हरसिद्धि चौराहा से भी सुविधा का नया सफर शुरू हो गया है। मंदिर प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था को सुव्यवस्थित और सुगम बनाने के लिए यहां नया एंट्री गेट बना दिया है। इस व्यवस्था से मार्ग पर होने वाला अतिक्रमण, अवैध पार्किंग, वाहनों की आवाजाही तथा भिक्षुकों की समस्या समाप्त हो गई है, अब यह रास्ता पैदल दर्शनार्थियों के लिए अधिक सुरक्षित और सुगम बन गया है। श्रद्धालुओं का कहना है कि पहले हरसिद्धि चौराहा क्षेत्र में भीड़, वाहन और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण दर्शन के लिए महाकाल मंदिर तक पहुंचना मुश्किल हो जाता था, लेकिन नई व्यवस्था लागू होने के बाद से यह मार्ग खुला और व्यवस्थित हो गया है। इससे आवागमन में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो रही है। नए मार्ग पर ग्रीष्म ऋतु को देखते श्रद्धालुओं की सुविधा के व्यापक इंतजाम भी किए गए हैं।

### नगर निगम में स्थायी अधिकारियों को दरकिनार कर संविदा को सौंपे दायित्व

**उज्जैन।** उज्जैन नगर निगम में एक बार फिर महत्वपूर्ण, योजना और वित्तीय अधिकार वाले पद पर संविदा अधिकारी की नियुक्ति ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड के संविदा कार्यपालन यंत्री पलाश शर्मा सहित दो सहायक यंत्रियों को प्रतिनियुक्ति पर नगर निगम के प्रकाश विभाग का कार्यपालन यंत्री बनाया गया है। यह नियुक्ति ऐसे समय हुई है जब नगर निगम में स्थायी इंजीनियरों और सहायक यंत्रियों की उपलब्धता को लेकर किसी बड़े संकट की स्थिति सामने नहीं आई है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि सिंहस्थ से पहले आखिर स्थायी अधिकारियों को दरकिनार कर संविदा अधिकारी को महत्वपूर्ण दायित्व क्यों सौंपा गया। नगर निगम के भीतर भी इस निर्णय को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। नेता-जनप्रतिनिधि और अफसर-कर्मचारियों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि यदि वास्तव में कार्यपालन यंत्री स्तर के अधिकारी की आवश्यकता थी तो शासन से नियमित तबादले के जरिए अधिकारी क्यों नहीं बुलाया गया।

## यूडीए परिसर में धरती के दामन को पानी से भरने की तैयारी

# जल जमाव की जगह बनाया सरफेस वाटर रिचार्ज पिट

## आधा बीघा क्षेत्र में होता है बड़ा जलजमाव, कार्यालयों में प्रवेश के लिए आती है समस्या

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

विकास प्राधिकरण ने अपने पुराने परिसर में धरती के दामन को पानी से भरने की तैयारी कर ली है। परिसर के एक क्षेत्र में जल जमाव वाले स्थान पर एक बड़ा 10 बाय 10 फीट आकार का सरफेस वाटर रिचार्ज पिट बनाया जा रहा है। इससे करीब 2 बीघा से अधिक जमीन के जलजमाव को धरती में सहेजा जा सकेगा इसके साथ ही तीन बड़े भवनों की छत के पानी को भी यहां जमीन में उतारा जा सकेगा।

उज्जैन विभाग प्राधिकरण की स्थापना उज्जैन संभाग की स्थापना के बाद हुई। शुरूआत में इसका प्रारंभिक कार्यालय कंट्रोल रूम के पास एलआईसी के भवन के स्थान पर नगर सुधार न्यास के कार्यालय में संचालित होता था। उसके उपरांत भरतपुरी क्षेत्र में इसका पहला कार्यालय तीन बिल्डिंगों के निर्माण के साथ हुआ। यहां निचले तल में बाद में बैंक का संचालन होता रहा जो वर्तमान में 6 मंजिला स्वयं के भवन में चल रहा है।



### ये किया जा रहा

विकास प्राधिकरण ने अपने पुराने परिसर में सुलभ शौचालय के पास की खाली पड़ी जमीन में सरफेस रिचार्जिंग पीट बनाया है। यहां पास की छोटी बिल्डिंग में भोज का क्षेत्रीय कार्यालय एवं पिछड़ा वर्ग का कार्यालय संचालित होता है। इस परिसर के तीन भवनों की छत का और परिसर का पानी ढलान इस और होने से यहीं पर एकत्रित होता है जिससे बरसात के समय में भोज के क्षेत्रीय कार्यालय एवं पिछड़ा वर्ग कार्यालय में जाना बहुत मुश्किल हो जाता है। पूरा क्षेत्र तालाब का रूप ले लेता है। यहां इकठ्ठा होने वाले सतह के पानी को जमीन में डालने के लिए पीट बनाया गया है। बकौल सहायक यंत्री सतीश मुंगी जल जमाव का क्षेत्र होने से यहां पीट बनाया गया है। इसका केल्कुलेशन नहीं किया गया है कि कितनी जमीन एवं छतों का पानी इसमें समाहित होगा।

### करीब 4 बीघा का पानी सहेजा जाएगा

विकास प्राधिकरण के पुराने परिसर में कुछ समय पूर्व तक आरटीओ कार्यालय संचालित होता था। यहां एक से लगायत एक तीन भवन बने हैं। ये पूरा परिसर लगभग एक हेक्टेयर का है। इसमें करीब 3 बीद्या खुली जमीन है और 2 बीद्या क्षेत्र में तीन भवन बने हुए हैं। परिसर का पानी एक तरफ ढलान होने से उसी और आता है। ढलान के मुहाने पर बड़ी नाली है जिसमें यह पानी जाकर सीधे ऋषिनगर के नाले में होता हुआ नदी तक चले जाता है। भवन की छतों का पानी भी परिसर में इसी स्थान की और आता है। ऐसे में करीब 4 बीघा क्षेत्र का पानी सरफेस रिचार्जिंग पीट में एकत्रित होकर जमीन के दामन को भरेगा। बकौल श्री मुंगी भवनों के लिए भी विचार किया जा रहा है कि इनकी छतों के पानी को सहेजने के लिए भी सिस्टम बनाया जाए।

## नगर निगम ने शहर की छवि एवं सुंदरता को धूमिल करने वाले

# अवैध फ्लेक्स और होर्डिंग्स हटाए

## बिना अनुमति प्रचार सामग्री लगाने वालों पर होगी चालानी कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर की छवि एवं सुंदरता को धूमिल करने वाले अवैध फ्लेक्स, बैनर और होर्डिंग्स के खिलाफ नगर निगम ने गुरुवार को व्यापक कार्रवाई की। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर अतिक्रमण रिमूवल गैंग द्वारा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों और चौराहों से बिना अनुमति लगाए गए फ्लेक्स एवं होर्डिंग्स हटाए गए।

नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में बिना अनुमति किसी भी प्रकार के फ्लेक्स, बैनर या होर्डिंग लगाने पर संबंधित व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, कोचिंग संस्थानों एवं दुकानदारों को चेतावनी दी गई है कि प्रचार-प्रसार के नाम पर शहर की सुंदरता को नुकसान न पहुंचाएं।

**प्रमुख क्षेत्रों में चली कार्रवाई-** नगर निगम की टीम ने शहर के कई प्रमुख क्षेत्रों में अभियान चलाकर अवैध फ्लेक्स एवं होर्डिंग्स हटाए। कार्रवाई के दौरान निम्न मार्ग एवं चौराहे शामिल रहे- गोपाल मंदिर से छत्री चौक, चामुंडा माता मंदिर से फ्रीगंज ओवरब्रिज, तीन बत्ती से इंदिरा गांधी प्रतिमा एवं टावर चौक, तीन बत्ती से सिंधी कॉलोनी होते हुए दो तालाब से नानाखेड़ा चौराहा, हरीफाटक से शांति पैलेस चौराहा, दरगाह मंडी से सेंट पॉल स्कूल कानीपुरा रोड, कोठी रोड से स्मार्ट सिटी होते हुए तरणताल देवास रोड, चरक अस्पताल से इंदौर गेट होते हुए हरिफाटक ब्रिज, जूना सोमवारिया से पिपली नाका अंकपात मार्ग, इन क्षेत्रों में खंभों, रोटरियों, डिवाइडरों एवं अन्य शासकीय संपत्तियों पर लगे अवैध फ्लेक्स और होर्डिंग्स हटाए गए।






### स्वच्छता और सुंदरता बनाए रखने के निर्देश

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों, स्वच्छता निरीक्षकों एवं अतिक्रमण गैंग प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत शहर की स्वच्छता एवं सुंदरता बनाए रखना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी क्षेत्र में शासकीय संपत्तियों, बिजली पोल, डिवाइडर, रोटरी अथवा सार्वजनिक स्थलों पर बिना अनुमति फ्लेक्स, बैनर या होर्डिंग लगाए जाते हैं तो संबंधित व्यक्तियों पर भारी जुमार्ना लगाया जाए। नगर निगम प्रशासन के अनुसार अवैध प्रचार सामग्री हटाने का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# ईदगाह पर मुख्य नमाज अदा कर मनाई बकरीद

## समाजजनों ने एक-दूसरे को गले लगकर दी मुबारकबाद



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन में गुरुवार को मुस्लिम समाज भाईचारे के साथ ईद-उल-अजहा (बकरीद) मना रहा है। मुख्य नमाज सुबह 7:30 बजे इंदिरानगर स्थित ईदगाह पर अदा की गई। नमाज शहरकाजी खालिकुर्रहमान ने अदा कराई, जिसके बाद देश में अमन-चैन, भाईचारा और शांति के लिए खास दुआ मांगी गई।

नमाज के दौरान ईदगाह और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस और प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। संवेदनशील इलाकों, प्रमुख चौराहों और बाजारों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। ड्रोन कैमरों की मदद से भी पूरे क्षेत्र पर निगरानी रखी गई। सुरक्षा व्यवस्था के तहत एक दिन पहले फ्लैग मार्च भी निकाला गया था। ईद के मौके पर हजारों की संख्या में लोग अलग-अलग मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने पहुंचे। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और देश में अमन, शांति और भाईचारे की दुआ की। शहर की जामा मस्जिद, शाही मस्जिद, फतेह मस्जिद, मस्जिद सारवान, लाल मस्जिद, कोट मोहल्ला मस्जिद, मिजार्वाड़ी मस्जिद, नूरे इस्माइल मस्जिद (आगर रोड), बड़ी मस्जिद जांसापुरा और आदर्श नगर सहित अन्य मस्जिदों में भी नमाज अदा की गई, जहां बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

## दीर्घकालिक ट्रैफिक प्लान तैयार करने के निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन


सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के अंतर्गत उज्जैन शहर में विभिन्न महत्वपूर्ण विकास एवं अधोसंरचना संबंधी कार्य तीव्र गति से प्रगतिरत है। इसी क्रम में श्री महाकालेश्वर मंदिर जाने वाले प्रमुख मार्ग पर यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के लिए हरि फाटक ब्रिज निर्माण कार्य और अंडरपास निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिससे शहरवासियों एवं श्रद्धालुओं को भविष्य में बेहतर एवं निर्बाध आवागमन सुविधा उपलब्ध हो सके।

सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभागार में ब्रिज निर्माण कार्यों की प्रगति एवं समन्वय की समीक्षा के लिए बुधवार को संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला मेला अधिकारी आशीष सिंह द्वारा संबंधित विभागों की एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में हरि फाटक ब्रिज, प्रस्तावित अंडरपास तथा वाकणकर ब्रिज से संबंधित परियोजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान दिए। संभागायुक्त सिंह ने निर्देश दिए कि इन सभी परियोजनाओं को आपस में समन्वित करते हुए एक सुव्यवस्थित एवं दीर्घकालिक ट्रैफिक प्लान तैयार किया जाए, ताकि सिंहस्थ के दौरान उज्जैन आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को किसी भी प्रकार की ट्रैफिक जाम अथवा आवागमन संबंधी असुविधा का सामना न करना पड़े।

# जून में होगा ग्रहों के सेनापति मंगल का वृषभ राशि में प्रवेश

### 12 राशियों के जातकों के लिए आएगा बड़ा परिवर्तन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



जून 2026 का महीना ज्योतिष की नजर से काफी अहम माना जा रहा है। वजह है ग्रहों के सेनापति मंगल का वृषभ राशि में प्रवेश। 21 जून की रात जब मंगल अपनी चाल बदलेंगे, तब इसका असर सिर्फ राशियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि लोगों की सोच, फैसलों, रिश्तों और आर्थिक स्थिति पर भी देखने को मिल सकता है। ज्योतिष जानकारों का मानना है कि मंगल का यह गोचर कई लोगों के लिए अचानक बदलाव लेकर आएगा। कहीं करियर में तेजी दिखेगी तो कहीं रिश्तों में तनाव बढ़ सकता है।

खास बात यह है कि इस बार मंगल शुक्र की राशि वृषभ में प्रवेश कर रहे हैं, जो सुख, पैसा और स्थिरता से जुड़ी मानी जाती है। ऐसे में ऊर्जा और स्थिरता का यह मेल कई बड़े संकेत दे रहा है। आइए जानते हैं इस गोचर का देश-दुनिया और 12 राशियों पर क्या असर पड़ सकता है।

वैदिक ज्योतिष में मंगल को साहस, भूमि, सेना, ऊर्जा और क्रोध का ग्रह कहा जाता है। जब भी मंगल राशि बदलते हैं, उसका असर लोगों की मानसिकता और आसपास के माहौल पर साफ दिखाई देता है। इस बार मंगल वृषभ राशि में प्रवेश करेंगे, जो एक स्थिर और भौतिक सुखों वाली राशि मानी जाती है। ज्योतिषियों के मुताबिक, यह गोचर लोगों को आर्थिक फैसलों की तरफ ज्यादा आकर्षित कर सकता है। कई लोग इस दौरान जमीन, घर या निवेश से जुड़े बड़े कदम उठा सकते हैं। वहीं कुछ लोगों में जिद और गुस्सा भी बढ़ सकता है।

## कचरे ने बताया अपना पता: खुले में कचरा डालने वालों पर होगी चालानी कार्रवाई

# डी-मार्ट पर लगाया 10 हजार का जुर्माना





दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नगर निगम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार सुबह जोन क्रमांक-06 अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता निरीक्षक एवं दरोगा द्वारा क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया जा रहा था। इसी दौरान इंजीनियरिंग कॉलेज ग्राउंड परिसर में खुले में कचरे का ढेर पाया गया।

नगर निगम अमले ने जब कचरे की जांच की तो उसमें तेल के पाउच, रेट लिस्ट के कागज, डिस्पोजल ग्लास सहित अन्य सामग्री मिली। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि संबंधित कचरा डी-मार्ट द्वारा खुले में फेंका गया था।

**पहले किया इंकार, वीडियो देखने के बाद मानी गलती-** स्वास्थ्य विभाग का अमला जब डी-मार्ट पहुंचा और प्रबंधन को खुले में कचरा फेंकने की जानकारी दी गई तो प्रारंभ में मैनेजर ने कचरा अपना होने से इंकार कर दिया। इसके बाद स्वच्छता निरीक्षक एवं दरोगा द्वारा कचरे से संबंधित वीडियो साक्ष्य दिखाए गए। वीडियो में मिले सामान के आधार पर डी-मार्ट प्रबंधन ने अपनी गलती स्वीकार कर ली।

मैनेजर ने भविष्य में ऐसी गलती नहीं दोहराने और शहर की स्वच्छता बनाए रखने का आश्वासन भी दिया। नगर निगम द्वारा डी-मार्ट पर खुले में कचरा फेंकने के मामले में 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि खुले में कचरा फेंकने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उक्त कार्रवाई स्वच्छता निरीक्षक श्री बंटी लोट एवं दरोगा लखन डागर द्वारा की गई।

## संभागायुक्त सिंह और कलेक्टर सिंह ने किया

# सदावल हैलीपेड और नवीन फोरलेन मार्ग निर्माण का निरीक्षण



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

गत दिवस नियमित निरीक्षण के तहत संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के माध्यम से निर्माणाधीन सदावल क्षेत्र में 4 हैलीपेड कार्य का निरीक्षण किया। यहां पर जानकारी दी गई कि लाउज निर्माण कार्य प्रगतिरत है।

संभागायुक्त सिंह ने कार्य की गति बढ़ाने के साथ गुणवत्ता पूर्ण कार्य हो इसका विशेष ध्यान दें। इसके साथ ही निर्माण के पूर्व मटेरियल की लेब टेस्टिंग भी लगातार हो। कार्य की गुणवत्ता में कमी होने पर कार्रवाई होगी और संबंधित से पुनः निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसके बाद संभागायुक्त सिंह और कलेक्टर सिंह ने बड़ा पुल से रंजीत हनुमान मंदिर-मौजमखेड़ी में निर्माणाधीन नवीन फोरलेन मार्ग निर्माण और मंगलनाथ मंदिर से चक कमेड़ तक निमार्णाधीन फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। संभाग आयुक्त सिंह ने मार्ग निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेकर कार्य गुणवत्ता के साथ बारिश से पहले जमीन स्तर के काम समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की जयंती पर किया नमन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, महान स्वतंत्रता सेनानी, स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया पर जारी संदेश में कहा कि शहीद वीर सावरकर के नाम मात्र के स्मरण से ही रोम-रोम, राष्ट्रभक्ति-साहस और आत्म गौरव के भाव से पुलकित हो उठता है। वे असह्य यातनाओं को निर्भीकता और निडरता से सह गए, लेकिन स्वतंत्रता के दीप को जलाए रखा। मां भारती की सेवा में स्वयं का होम कर देने वाले स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर देशवासियों के लिए सदा वंदनीय रहेंगे।

### इंदौर में पानी की टंकी पर परिवार ने जताई आपत्ति, कोर्ट से स्टे लाए

**इंदौर।** इंदौर में जलसंकट के बीच पानी की टंकी निर्माण रुकने का मामला सामने आया है। जिन परिवारों ने टंकी निर्माण पर आपत्ति जताते हुए कोर्ट में याचिका दायर की, उनके घर सांसद शंकर लालवानी के साथ रहवासी पहुंचे और उन्हें निर्माण के लिए राजी करने की कोशिश की। कुछ लोगों ने हाथ जोड़कर मनाया, जबकि कुछ ने नारेबाजी कर विरोध जताया। दरअसल, टंकी निर्माण शुरू होते ही निर्माण स्थल के पास रहने वाले परिवारों ने कोर्ट से स्टे ले लिया, जिसके बाद काम रुक गया। क्षेत्रीय पार्षद नंदू पहाड़िया ने बताया कि टंकी की योजना बनाते समय संबंधित परिवार सहमत थे, लेकिन काम शुरू होने के बाद उन्होंने स्टे ले लिया। उनका कहना है कि टंकी का निर्माण उनके बंगलों के बहुत करीब हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन टंकी की क्षमता कम करने के प्रस्ताव पर भी तैयार है और यह प्रस्ताव परिवारों को दिया जा चुका है। रहवासियों के अनुसार, रानी सती क्षेत्र और आसपास के मोहल्लों में पानी की भारी किल्लत है, क्योंकि यहां पानी की सप्लाई यशवंत क्लब और मालवा मिल की टंकियों से होती है। लंबे समय से नई टंकी की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसके लिए वितरण लाइन और मुख्य पाइपलाइन भी बिछाई जा चुकी है, लेकिन टंकी के लिए खुदाई शुरू होते ही मामला कोर्ट पहुंच गया।

### हातोद के आसपास विकसित हो रहा नया औद्योगिक जोन

**इंदौर।** एमपीआईडीसी द्वारा धार जिले के औद्योगिक क्षेत्र हातोद में तेजी से औद्योगिक विकास कार्य किए जा रहे हैं। लगभग 152 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित इस औद्योगिक क्षेत्र का विकास लगभग 43 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है, जिससे यह क्षेत्र प्रदेश के प्रमुख उभरते औद्योगिक निवेश केंद्रों में शामिल हो रहा है। इसके साथ ही वर्तमान में फार्मा, फूड प्रोसेसिंग, एग्रो आधारित एवं अन्य विभिन्न उद्योग भी सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं, जिससे क्षेत्र जिससे क्षेत्र में एक मजबूत औद्योगिक इकोसिस्टम विकसित हो रहा है।औद्योगिक क्षेत्र हातोद में अब तक 53 औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटित की जा चुकी है। इन इकाइयों द्वारा 750 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश तथा लगभग 500 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों को देखते हुए एमपीआईडीसी द्वारा भविष्य के विकास हेतु 150 हेक्टेयर से अधिक अतिरिक्त भूमि भी चिन्हित की गई है।

### 40 .5 बल्क लीटर अवैध शराब और दो वाहन जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर जिले में अवैध मदिरा के क्रय-विक्रय और परिवहन करने वालों के विरुद्ध कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज अग्रवाल एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री धर्मेंद्र जोशी के नेतृत्व में गुरुवार को को वृत्त-बंबई बाजार के प्रभारी उप निरीक्षक मीरा सिंह की टीम के द्वारा शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। गस्त के दौरान शंका के आधार एक एक्टिवा दोपहिया वाहन की पलसीकर मेन रोड की ओर एक थैले में कुछ भरकर ले जा रहा था, जिसकी तलाशी करने पर 50 पाव देशी मदिरा प्लेन एवं गाड़ी की डिक्की खोल के देखने पर 75 पाव देशी मदिरा प्लेन कुल 22.5 बल्क लीटर देशी मदिरा बरामद हुआ।

### अपंजीकृत संस्थानों की जानकारी देकर श्रमिक कल्याण में करें योगदान

**इंदौर।** श्रमिकों को सुरक्षित कार्यदशाएं और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से श्रम विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। आम नागरिक 'श्रम प्रहरी' के रूप में आगे आकर अपंजीकृत संस्थानों और निर्माण स्थलों की गोपनीय सूचना दे सकते हैं, जिससे श्रमिक कल्याण योजनाओं का लाभ लक्षित वर्ग तक सुचारू रूप से पहुँचाया जा सके। श्रमिकों के हितों के संरक्षण और कार्यस्थल पर उनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए सभी संस्थानों एवं निर्माण स्थलों का श्रम विभाग के अंतर्गत पंजीयन होना अनिवार्य है, पंजीकरण न होने की स्थिति में श्रमिक सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। श्रम विभाग द्वारा कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए वर्तमान में संचालित व पंजीकृत निर्माण कार्यों, अति-खतरनाक और अन्य कारखानों की ऑनलाइन सूची विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर सार्वजनिक कर दी गई है।

---

पीएम मोदी की पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील का असर: सीएम के काफिले में बड़ा बदलाव

## नई स्वदेशी इलेक्ट्रिक कार से चलेंगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

### ड्राइवर्स की ट्रेनिंग और सेफ्टी प्रोटोकॉल पूरे होने के बाद सीएम के काफिले में शामिल होगी ईवी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ईंधन बचाने की अपील के बाद मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अब इलेक्ट्रिक कार से सफर करेंगे। इसके लिए स्टेट गैरेज ने महिन्द्रा की नई इलेक्ट्रिक कार खरीदी है। डॉ. मोहन यादव देश के पहले मुख्यमंत्री होंगे, जिन्होंने प्रधानमंत्री की अपील के बाद अपने काफिले के लिए ईवी खरीदी है।

सीएम के लिए खरीदी गई नई इलेक्ट्रिक कार में जेड प्लस सिक्योरिटी प्राप्त वीआईपी के लिए तय प्रोटोकॉल के हिसाब से बदलाव किए जाएंगे। इलेक्ट्रिक कार में सेफ्टी मॉडिफिकेशन कराए जा रहे हैं। सीएम हाउस में कार की चार्जिंग के लिए पॉइंट बनाया जाएगा। सीएम की नई इलेक्ट्रिक कार चलाने वाले ड्राइवर्स भी ट्रेंड किए जा रहे हैं। सेफ्टी प्रोटोकॉल के हिसाब से मॉडिफिकेशन और ड्राइवर्स की ट्रेनिंग पूरी होने के बाद दो-तीन दिनों में सीएम इसी इलेक्ट्रिक कार से सफर करते नजर आएंगे।







#### डिप्टी सीएम ने भी खरीदी इलेक्ट्रिक कार

इधर, डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल ने भी एमजी कंपनी की इलेक्ट्रिक कार खरीदी है। डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल सोमवार को रीवा जनपद पंचायत क्षेत्र के लोही ग्राम स्थित खेम सागर तालाब में जल पूजन के लिए इलेक्ट्रिक कार से ही पहुंचे।

#### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बचत की नसीहत दी

पेट्रोल-डीजल की कमी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बचत की नसीहत दी थी। वे स्वयं इसका पालन भी रहे हैं। उनकी अपील के बाद एमपी के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी अपने कारकेड में वाहन कम कर दिए हैं। मंत्रियों को भी सलाह दी गई है कि वे तामझाम से दूर रहें। सादगी के साथ जाएं और ईधन बचाएं।

**पुलिस प्रायः रोड का ट्रैफिक रोक कर मंत्रियों, विधायकों के काफिले को निकालती है-** प्रदेश में मंत्रियों के काफिलों से आमजन परेशान होते रहे हैं। काफिले के वाहनों की लंबी फौज के चलते कई जगह जाम के हालात भी बनते हैं। यातायात पुलिस प्रायः रोड का ट्रैफिक रोक कर मंत्रियों, विधायकों के काफिले को निकालती है। इस दौरान राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

#### पहले उसके सुरक्षा मानकों को जांचा जाएगा

सीएम की सुरक्षा से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार अब नई गाड़ी को सीएम के कारकेड में शामिल करने से पहले उसके सुरक्षा मानकों को जांचा जाएगा। इस दौरान ईवी के मुताबिक ड्राइवर को भी ट्रेंड किया जाएगा। उसके बाद जल्द ही यह ईवी गाड़ी सीएम के कारकेड में शामिल होगी। इस बीच ईवी के अनुरूप चार्जिंग व अन्य व्यवस्थाओं की तैयारी शुरू हो चुकी है। बता दें, सीएम डॉ यादव ने पीएम की अपील के बाद अपने कॉरकेड को छोटा करते हुए गाडियों की संख्या घटा दी थी।

---

सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा

## उज्जैन के आस-पास गांवों में बनेंगे होम स्टे

### पर्यटन विभाग देगा शासकीय-तकनीकी मदद, इंदौर रोड के डेंडिया-मेंडिया से शुरूआत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन से रवाना होने से पूर्व अधिकारियों को एक महत्वपूर्ण आदेश दे गए। आदेश ये कि सिंहस्थ से पहले शहर के आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर 'होम स्टे' विकसित किए जाएं। ये होम स्टे, शहर की मुख्य सड़क से सटे 30 किलोमीटर परिधि के गांवों में पर्यटन विभाग के सहयोग से तैयार किए जाएं। इसके लिए ग्रामीणों के घरों और उनके खेतों का रचनात्मक उपयोग किया जाए। जिन ग्रामीणों के पास बड़े और खुले घर हैं, उन्हें होम स्टे योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित करें। पर्यटन विभाग के माध्यम से इन ग्रामीणों को हर संभव शासकीय व तकनीकी मदद मुहैया कराई जाए।

सिंहस्थ महापर्व के दौरान देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को ठहरने में कोई दिक्कत न हो और उन्हें ग्रामीण परिवेश में बेहद किफायती दरों पर स्वच्छ आवास मिल सके। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि महापर्व के दौरान आने वाले श्रद्धालु आधुनिक होटलों की भीड़भाड़ से दूर, मालवा के गांवों के स्वच्छ, शांत और पावन वातावरण का आनंद ले सकेंगे। इससे न केवल श्रद्धालुओं को सस्ता और अच्छा ठिकाना मिलेगा।



#### इंदौर रोड के गांवों से शुरूआत, कलेक्टर ने संभाली कमान

इस महत्वाकांक्षी योजना को जमीन पर उतारने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन करते हुए जमीनी स्तर पर काम शुरू कर दिया गया है। योजना के पहले चरण में उज्जैन से सटे इंदौर रोड पर स्थित डेंडिया-मेंडिया गांव में 30 होम स्टे यूनिट बनाने की तैयारी की जा रही है। जिन-जिन गांवों से ग्रामीणों के आवेदन प्राप्त होंगे, उन सभी गांवों में होम स्टे तैयार करवाए जाएंगे। सभी होम स्टे की एक विस्तृत सूची तैयार की जाएगी।

#### 2023 में शुरू हुई योजना




उज्जैन शहर में होम स्टे योजना वर्ष 2023 में शुरू हुई थी। योजना अनुसार मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड उज्जैनवासियों को उनके घर में उपलब्ध अतिरिक्त कमरे किराये पर देकर आय कमाने का सुनहरा अवसर देता है। इसके लिए भवन मालिक को सिर्फ पर्यटन बोर्ड की होम स्टे योजना में पंजीयन कराना होता है। पर्यटन विभाग द्वारा पंजीकृत इकाईयों का प्रचार-प्रसार किया जाता है।

---

## सार्वजनिक वितरण प्रणाली में स्वचालन के साथ आय योजना के लिए मंजूरी सराहनीय

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री का माना आभार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा सार्थक-पीडीएस फेज-2 के लिए 25 हजार 530 करोड़ की मंजूरी देने पर आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि ₹राशन परिवहन और प्रबंधन में सहायता- सार्वजनिक वितरण में स्वचालन के साथ आय₹ की यह पहल सराहनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सार्थक- पीडीएस योजना में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और अन्य आधुनिक तकनीकों के उपयोग से राशन वितरण व्यवस्था अधिक पारदर्शी हो सकेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का यह निर्णय गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को दशार्ता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गत एक दशक में टीपीडीएस के संपूर्ण कम्प्यूटरीकरण, पीडीएस के एकीकृत प्रबंधन (आईएम-पीडीएस) और स्मार्ट पीडीएस जैसी कई डिजिटलीकरण पहलों को लागू करने के साथ ही मेरा राशन, अन्न मित्र, राइटफुल टारगेटिंग डैशबोर्ड और अन्न सहायता जैसी नागरिक-केंद्रित प्राथमिकताओं को भी लागू किया गया है। राशन कार्ड डिजिटलीकरण, आधार सीडिंग, ई-पीओएस के माध्यम से एफपीएस स्वचालन, ऑनलाइन आवंटन और कम्प्यूटरीकृत आपूर्ति-श्रृंखला प्रबंधन को सक्षम बनाते हुए प्रौद्योगिकी-आधारित अनेक सुधारों की पहल कर ऐतिहासिक कार्य किया गया है।

---

## इंदौर में 11 जोड़ों ने किया एकादशी व्रत का उद्यापन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

श्री सकल पंच राठौर समाज महिला मंडल द्वारा पुरुषोत्तम माह के पावन अवसर पर एकादशी व्रत उद्यापन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 11 जोड़ों ने विधि-विधान के साथ एकादशी व्रत उद्यापन में भाग लेकर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया। कार्यक्रम का समापन लड्डू गोपाल की आरती एवं पूजा-अर्चना के साथ भक्तिमय वातावरण में हुआ।

इस अवसर पर महिला मंडल अध्यक्ष संगीता विजय देवड़ा ने सकल पंच राठौर समाज अध्यक्ष ललित राठौर एवं समाजजनों के साथ व्रतधारियों का सम्मान पत्र एवं दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक मंजू श्री बोडाने, अर्चना, उषा राठौर, शिवकन्या राठौर, सीता राठौर, भावना गहलोत, वंदना राठौर, महिला मंडल महामंत्री हेमलता राठौर, प्रमिला राठौर, प्रेमलता राठौर, रचना राठौर, लता राठौर, तारा राठौर, आरती राठौर, गीता राठौर एवं नीतु राठौर उपस्थित रहीं। धार्मिक आयोजन में समाज अध्यक्ष के नेतृत्व में संरक्षक सोनू राठौर, अशोक राठौर, हरीश राठौर, महेश राणावत, राजू राठौर, विजय राठौर, पंकज राठौर सोनी, जितेंद्र राठौर, महामंत्री नितिन राठौर तथा युवा टीम के सदस्य मयंक दीप, राजू राठौर, मयंक राठौर, अक्षय राठौर एवं निलेश राठौर ने आयोजन व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन पर महिला मंडल अध्यक्ष संगीता विजय देवड़ा ने सभी अतिथियों, समाजजनों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए आयोजन को समाज की धार्मिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त बनाने वाला बताया।

---

## नौकरी के नाम पर 25 लाख की ठगी

### ठग ने खुद को डीजीपी का रिश्तेदार बताकर 10 लोगों को फंसाया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन में खुद को डीजीपी का रिश्तेदार बताकर पुलिस विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकताओं ने एसपी कार्यालय उज्जैन में आवेदन देकर आरोप लगाया कि झारखेड़ी निवासी बालूसिंह पिता भेरूलाल वाड़िया ने पुलिस में नौकरी लगवाने का झांसा देकर उनसे लाखों रुपये ठग लिए। आरोपी खुद को पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना का रिश्तेदार बताता था और पुलिस विभाग में नौकरी लगवाने का भरोसा देता था। शिकायत के अनुसार आरोपी ने अलग-अलग 10 लोगों से तीन से चार लाख रुपये लेकर करीब 25 लाख रुपये वसूल किए, लेकिन किसी की भी नौकरी नहीं लगवाई। जब पीड़ितों ने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने उनके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।

#### इन लोगों से हुई ठगी

एसडीओपी जेंडर लिंगजेरपा ने बताया कि किसी ने जमीन गिरवी रखकर तो किसी ने अपनी जमा पूंजी देकर आरोपी को रुपये दिए थे। शिकायतकताओं में जितेंद्र पिता रणजीत, फतेसिंह पिता अंबाराम, बलराम पिता रमेश, रमेश बोड़ाना, विकास पिता अंतरसिंह, विक्रम पिता रमेश, मुकेश पिता रामेश, लालूबाई पति स्वर्गीय अनिल, कमलाबाई पति स्वर्गीय सत्यनारायण निवासी उज्जैन तथा हेमंत पिता रणजीत और विकास यादव पिता वासुदेव निवासी देवास शामिल हैं।

#### आरोपी टालमटोल करता रहा




पुलिस ने बालूसिंह के खिलाफ 25 लाख रुपये की ठगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आया है कि पीड़ितों ने करीब तीन साल पहले आरोपी को रुपये दिए थे। नौकरी के बारे में बार-बार पूछने पर आरोपी टालमटोल करता रहा और अब तक किसी की भी नौकरी नहीं लगवाई।

---

## कब मिलेगा युवा मोर्चा अध्यक्ष? कार्यकर्ताओं में बढ़ी चर्चा

### युवा मोर्चा इंदौर अध्यक्ष की अंतिम दौड़ तेज, क्या सरप्राइज नाम देकर चौंकाएगी पार्टी ?

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

भाजपा संगठन में इन दिनों भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा की नियुक्ति को लगभग डेढ़ वर्ष और युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर की नियुक्ति को भी सात माह से अधिक समय बीत चुका है ओर उनकी इंदौर यात्रा आज तक आते आते रुक जाती है। नगर अध्यक्ष की घोषणा नहीं होने से दावेदारों की दौड़ लगातार जारी है। संगठन कार्यालय से लेकर बड़े नेताओं के बंगले और प्रदेश स्तर तक रोजाना सक्रियता देखने को मिल रही है। युवा मोर्चा के कई चेहरे लगातार अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुटे हैं।

युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष की दौड़ में रोहित चौधरी, अक्षत चौधरी, निक्की राय, अक्षांशु तिवारी, मयूरेश पिंगले, धीरज ठाकुर और अमित पालीवाल जैसे नाम प्रमुख रूप से चर्चा में हैं।



संगठन और नेताओं के बीच लगातार संपर्क, कार्यक्रमों में सक्रियता और सोशल मीडिया उपस्थिति के जरिए सभी दावेदार अपनी ताकत दिखाने में लगे हुए हैं। राजनीतिक गलियारों में अब यह चर्चा भी शुरू हो गई है कि ह्लदौड़ लगाते-लगाते दावेदार अब हाफने लगे हैं, क्योंकि लंबे समय से नियुक्ति अटकी हुई है और संगठन की ओर से कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिल रहा।

#### दूसरी पंक्ति के नाम भी चर्चा में

बड़े दावेदारों की खींचतान के बीच अब दूसरी पंक्ति के नाम भी संगठन की नजर में बताए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार वर्तमान अध्यक्ष सौगात मिश्रा की टीम में कार्य कर चुके कुछ मंडल अध्यक्षों और कार्यकताओं की रिपोर्ट संगठन में बेहतर मानी जा रही है। इनमें राहुल अवस्थी, विकास यादव और ऋषभ हार्डिया जैसे नाम भी चर्चा में सामने आ रहे हैं। संगठनात्मक कार्य, बूथ स्तर की सक्रियता और कार्यक्रम प्रबंधन के कारण इन चेहरों को भी संभावित विकल्प माना जा रहा है।

**फैसला कब?-** अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर युवा मोर्चा इंदौर को नया नगर अध्यक्ष कब मिलेगा। फिलहाल भाजपा संगठन पूरी तरह शांत है, लेकिन अंदरखाने बैठकों और फीडबैक का दौर लगातार जारी बताया जा रहा है।

#### बढ़ते कार्यकाल से खुश वर्तमान अध्यक्ष?

वर्तमान युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष सौगात मिश्रा का कार्यकाल लगातार बढ़ता जा रहा है। राजनीतिक चचाओं में यह बात भी सामने आ रही है कि नियुक्ति में जितनी देरी होगी, उतना ही वर्तमान नेतृत्व को फायदा मिलेगा। प्रदेश और नगर भाजपा संगठन में अधिकांश महत्वपूर्ण नियुक्तियां पहले ही हो चुकी हैं, ऐसे में संगठन में बड़े पद सीमित बचे हैं। यही कारण है कि युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष पद को लेकर प्रतिस्पर्धा और ज्यादा बढ़ गई है।

**क्या भाजपा फिर चौंकाएगी?-** भाजपा संगठन कई बार ऐसे फैसले कर चुका है, जहां अंतिम समय में चर्चित दावेदारों के बजाय नया नाम सामने आ गया। इसी कारण अब यह सवाल भी उठने लगा है कि क्या इस बार भी भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष के नाम पर सभी को चौंका सकती है? राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा संगठन केवल भीड़, सोशल मीडिया या व्यक्तिगत समीकरणों के आधार पर निर्णय नहीं करता, बल्कि जमीन पर संगठनात्मक सक्रियता, मंडल स्तर का काम, वरिष्ठ नेताओं की रिपोर्ट और भविष्य की राजनीतिक रणनीति को भी महत्व देता है।

---

### ग्राम स्तर तक नियुक्त होंगे बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी

**इंदौर।** बाल विवाह पर प्रभावी रोक लगाने और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित अभियानों को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने के उद्देश्य से राज्य शासन ने बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने पूर्व में जारी अधिसूचना को निरस्त करते हुए अब जिला से लेकर ग्राम स्तर तक विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों को ह्लबाल विवाह प्रतिषेध अधिकारीह्व के रूप में अधिसूचित किया है। यह निर्णय बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 16 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के तहत लिया गया है। भारत सरकार के निर्देशों के अनुपालन में नई व्यवस्था लागू की गई है, जिससे बाल विवाह की रोकथाम, निगरानी और त्वरित कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

## न्यूज कालम



## सदभावना मंच ने चाचा नेहरू की पुण्यतिथि पर नमन किया

**खंडवा।**भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर सद्भावना मंच कार्यालय में उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। सद्भावना मंच सदस्य कमल नागपाल के अनुसार इस अवसर पर संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि पंडित नेहरू ने आधुनिक भारत के निर्माण,लोकतंत्र की मजबूती और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।बच्चों के प्रति उनके विशेष स्नेह के कारण उन्हें च्चाचा नेहरूज्ज के नाम से भी जाना जाता है।इस स्मरण सभा में सद्भावना मंच के संस्थापक प्रमोद जैन,पूर्व डीएसपी आनंद तोमर,कैलाश शर्मा,गणेश भावसार,अपूर्व शर्मा,राधेश्याम शाक्य,त्रिलोक चौधरी,कमल नागपाल,निर्मल मंगवानी,अर्जुन बुंदेला और सुभाष मीणा आदि ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों को याद किया।

## नारायण बाहेती 8 वी बार बहु प्रांतीय लायन्स मल्टीपल अवार्ड से सम्मानित

**खण्डवा।**लायन्स इंटरनेशनल मल्टीपल 3233 सी से मिलकर बनी है जिसमे राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ शामिल है। इस मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट की मल्टीपल कांफ्रेंस इंदौर के मनमोहन मेहता सभागृह में सम्पन्न हुई। लायन नारायण बाहेती खण्डवा को बहु प्रांतीय डिस्ट्रिक्ट का सर्वश्रेष्ठ लायन्स पिन कलेक्शन अवार्ड से सम्मानित किया गया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल खण्डेलवाल गेट एरिया वाइस लीडर कुलभूषण मित्तल के मार्गदर्शन में इंदौर में आयोजित कांफ्रेंस में मल्टीपल के मल्टीपल काउंसिल चेयरमेन लायन मनीष शाह अतिथि के रूप में लायन्स इंटरनेशनल के वाइस प्रेसिडेंट इंडोसी मनोज शाह अफ्रीका ,पास्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर कमलेश जैन ,राजू मनवानी,विनोद लड़िया,सभी डिस्ट्रिक्ट के गवर्नर हमारी डिस्ट्रिक्ट के गवर्नर अनिल खण्डेलवाल, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जय प्रकाश त्रिपाठी व राम जाट व पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर्स के आतिथ्य में आयोजित कांफ्रेंस में मल्टीपल के 955 क्लबो के1800 से अधिक मल्टीपल व विभिन्न प्रान्तों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में लायन नारायण बाहेती को बहु प्रंतीय मल्टीपल का सर्वश्रेष्ठ लायन्स पिन कलेक्शन अवार्ड प्रदान किया गया।



## नितेश सुराणा जिला सेवादल अध्यक्ष बने

**जावरा ।** क्षेत्र के युवा अभिभाषक नितेश सुराणा को रतलाम जिला सेवा दल का अध्यक्ष मनोनीत किए जाने से युवाओं में हर्ष व्याप्त होकर अभिभाषको ने नियुक्ति पर पुष्प मालाओं से स्वागत कर सुराणा का सम्मान किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ,कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सेवादल राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई, प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव की अनुशंसा एवं प्रदेश कांग्रेस जिला अध्यक्ष हर्ष विजय गहलोत की सहमति से सुराणा जिला अध्यक्ष नियुक्त हुए । जिला अध्यक्ष सुराणा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सेवा दल अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया ।सुराणा को मनोनीत होने पर जिले के कई इष्ट मित्रों एवं कांग्रेस साथियों ने बधाई दी।



## 31 मई को बड़वानी में निकलेगी जिला स्तरीय जनजागरण यात्रा

**बड़वानी ।** बड़वानी जिले में व्यसन से बचो, सृजन में लगाओ अभियान के तहत 24 मई से व्यसन मुक्ति सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान बड़वानी कलेक्टर जयंती सिंह के निर्देशन में अखिल विश्व गायत्री परिवार एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग बड़वानी के संयुक्त तत्वावधान में संचालित हो रहा है। युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक श्री लखन विश्वकर्मा एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के उपसंचालक श्री रौनक सोलंकी ने बताया कि सप्ताहभर जिले की विभिन्न तहसीलों में जनजागरण, संपर्क अभियान, संकल्प सभाएँ, मानव श्रृंखला, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिताएँ, नुक्कड़ नाटक तथा व्यसन मुक्ति से जुड़े रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज को नशामुक्त, स्वस्थ एवं संस्कारवान बनाना है। इसके अंतर्गत गायत्री परिवार के कार्यकर्ता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राएं घर-घर संपर्क कर लोगों को तंबाकू, शराब एवं अन्य नशों के दुष्परिणामों से अवगत करा रहे हैं तथा व्यसन त्यागने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। अभियान का समापन 31 मई विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय जन जागरण यात्रा के रूप में होगा।

## श्री यादव को राज्यसभा भेजकर निमाड़ मालवा में परचम लहरा सकती है कांग्रेस

**खंडवा/मुंदी।** मध्य प्रदेश में आगामी दिनों में राज्यसभा के चुनाव होने जा रहे हैं जिसमें से एक सीट कांग्रेस की सुरक्षित है जिसको लेकर निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही है मध्य प्रदेश की एकमात्र सुरक्षित राज्यसभा सीट को लेकर कांग्रेस में कई नाम सामने आ रहे हैं तो वही कांग्रेस पार्टी भी इस पर गहन मंथन कर रही है वही पार्टी की ओर से इस बार पिछड़ा वर्ग से एक चेहरा राज्यसभा में भेजना चाहती है जिसको लेकर वर्तमान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी कमलेश्वर पटेल एवं पूर्व पीसीसी चीफ अरुण यादव का नाम प्रमुख रूप से सामने आ रहा है देखना होगा कांग्रेस पार्टी की ओर से राज्यसभा सीट का शेहरा किस नेता के सर पर बढ़ेगा मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की ओर से राज्यसभा नहीं जाने फैसले के बाद में प्रमुख नाम सामने आ रहा है।

## चारखेड़ा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं हरिश्चंद्र मुक्ति धाम का निरीक्षण किया

**खंडवा।** नगर निगम महापौर अमृता अमर यादव, निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, एमआईसी सदस्य अनिल वर्मा, विक्की भांवरे एवं राजेश यादव, आयुक्त प्रियंका राजावत, अतिरिक्त आयुक्त शिल्पा चौहान तथा एसडीएम हरसूद द्वारा बुधवार को चारखेड़ा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा जल स्तर की स्थिति का अवलोकन किया गया।

# तेल की बढ़ती कीमतों ने आमजन की तोड़ी कमर-सोलंकी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा,



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेश महासचिव एवं किसान कांग्रेस नेता गजेंद्र सिंह सोलंकी ने पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर राज्य एवं केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश की जनता महंगाई से कराह रही है, लेकिन सरकार राहत देने के बजाय टैक्स वसूली और कॉर्पोरेट हितों को बढ़ावा देने में लगी हुई है।

सोलंकी ने कहा कि वर्ष 2014 में जब केंद्र में भाजपा सरकार सत्ता में आई थी, तब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत लगभग 105 डॉलर प्रति बैरल थी और उस समय देश में पेट्रोल की कीमत लगभग 72 रुपये प्रति लीटर थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि बाद के वर्षों में कई बार अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे पहुंच गई, लेकिन इसके बावजूद देश के कई राज्यों में पेट्रोल 95 से 105 रुपये प्रति लीटर तक बिकता रहा। इसके बावजूद आम जनता को किसी प्रकार की राहत नहीं दी गई।

उन्होंने समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में व्याप्त अव्यवस्थाओं और विसंगतियों को लेकर भी सरकार को घेरा। सोलंकी ने कहा कि डिजिटल व्यवस्था के नाम पर किसानों को परेशान किया जा रहा है। बिना फार्मर आईडी के खाद एवं शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं देने का नियम किसानों के लिए नई मुसीबत बन गया है। अधिकांश किसान इस प्रक्रिया को समझ नहीं पा रहे हैं, जिसके कारण उन्हें खाद प्राप्त करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि वन एवं राजस्व पट्टा धारक, डूब क्षेत्र के किसान तथा संयुक्त खाता धारकों के सामने खाद प्राप्त करने का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। यूरिया एवं डीएपी की मांग निर्धारित करने की प्रक्रिया पर भी किसान कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं।

किसान कांग्रेस ने सरकार से मांग की है कि गांव-गांव शिविर लगाकर किसानों की मुफ्त फार्मर आईडी बनाई जाए, ग्राम पंचायत स्तर पर सहायता केंद्र खोले जाएं तथा तकनीकी समस्या होने पर किसानों को पारंपरिक दस्तावेजों के आधार पर खाद उपलब्ध कराया जाए। साथ ही सर्वर डाउन होने की स्थिति में ऑफलाइन खाद वितरण व्यवस्था लागू करने की मांग भी की गई है।

## एसपी अगम जैन ने पुलिस लाइन और कार्यालय परिसर में रखवाए सकोरे

**खंडवा।** भीषण गर्मी के बीच इंसानों के साथ-साथ पक्षियों और जीव-जंतुओं के लिए भी पेयजल संकट गहराता जा रहा है। ऐसे समय में खंडवा पुलिस ने पर्यावरण और जीव संरक्षण की दिशा में संवेदनशील पहल करते हुए पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था शुरू की है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अगम जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय और पुलिस लाइन परिसर में स्वयं उपस्थित रहकर विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए सकोरे रखवाए। अधिकारियों ने अपने हाथों से सकोरों में पानी भरकर कर्मचारियों को भी गर्मी के मौसम में पक्षियों और जीव-जंतुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अधिकारियों ने च्पक्षी राष्ट्र की धरोहर हैं, इन्हें बचाइये संदेश के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और पक्षियों के संवर्धन का जनजागरूकता संदेश भी दिया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि गर्मी के दिनों में छोटी-सी पहल भी हजारों पक्षियों के लिए जीवनदायिनी साबित हो सकती है।सुनील जैन ने बताया कि पुलिस विभाग की इस पहल को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक कदम माना जा रहा है। अधिकारियों ने कर्मचारियों को भी निर्देशित किया गया कि वे अपने घरों, कार्यालयों और आसपास के क्षेत्रों में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें।

### बुरहानपुर में हत्या केस का सनसनीखेज मोड़

# जिस युवती की हत्या के आरोप में पिता और भाई जेल में बंद हैं, वह अचानक जिंदा लौटी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



जिस युवती की हत्या के आरोप में पिता और भाई जेल में बंद हैं, वह अचानक जिंदा लौट आई। शिवानी ने 27 मई की रात बुरहानपुर जिले के खकनार थाने पहुंचकर पुलिस से कहा, च्साहब, मैं जिंदा हूं, मेरे पिता और भाई को छोड़ दीजिए। इस खुलासे ने हत्या के केस को पूरी तरह पलट दिया।

खकनार थाना प्रभारी अभिषेक जाधव ने बताया कि शिवानी २४ अप्रैल को लापता हो गई थी। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर १ मई को खकनार थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। जांच के दौरान पता चला कि क्षेत्र का ही एक युवक अर्जुन भी लापता है। दोनों के साथ रहने की जानकारी सामने आई। अर्जुन की गुमशुदगी ९ मई को दर्ज की गई थी।

इसी दौरान महाराष्ट्र के जलगांव जामोद क्षेत्र में एक युवती की सिर कटी और जली हुई लाश मिली, जिसकी पहचान नहीं हो पा रही थी। सीसीटीएनएस पर दर्ज गुमशुदगी के आधार पर महाराष्ट्र पुलिस बुरहानपुर पहुंची।

खकनार पुलिस से जानकारी लेने के बाद उस अज्ञात शव को शिवानी मान लिया गया। इसके बाद शिवानी के पिता बापूराव और भाई अजय को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर बुलढाणा जेल भेज दिया गया।

मामले ने तब नया मोड़ लिया जब शिवानी को पता चला कि उसके पिता और भाई उसकी हत्या के आरोप में जेल में हैं। इसके बाद उसने परिजनों से संपर्क किया। सूचना मिलते ही खकनार पुलिस ने शिवानी और अर्जुन को खोज निकाला। शिवानी ने पुलिस को बताया कि वह 24 अप्रैल को अर्जुन के साथ चली गई थी और दोनों जिंदा हैं। उसने कहा कि वह अपने पिता और भाई को जेल से छुड़ाना चाहती है।

टीआई के अनुसार, शिवानी की पहचान थम इम्प्रेशन और सरकारी पहचान पत्रों के जरिए की गई। परिजनों और रिश्तेदारों की मौजूदगी में पंचनामा तैयार कर पुष्टि की गई कि वह शिवानी ही है। बुधवार रात महाराष्ट्र पुलिस शिवानी और अर्जुन को अपने साथ जलगांव जामोद ले गई। अब उसके पिता और भाई की रिहाई की कानूनी प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

शिवानी के जिंदा सामने आने के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि महाराष्ट्र में मिली सिर कटी और जली हुई लाश आखिर किसकी थी। खकनार पुलिस का कहना है कि अब पूरे मामले की नए सिरे से जांच होगी और अज्ञात शव की पहचान के साथ पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने लाई जाएगी।

### भूतेडा से अरनिया तक बनने वाली सड़क को लेकर विवाद

# ग्रीन फील्ड सड़क बनी तो शहर उजड़ जाएगा, जन संघर्ष समिति ने ज्ञापन दिया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



भूतेडा से अरनिया तक बनने वाली 7 किलोमीटर सड़क को लेकर विवाद लगातार बढ़ता ही जा रहा है। जन संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में ग्रीन फील्ड नियमों और भू अर्जन कानून का पालन नहीं किया जा रहा है ।इससे निकट भविष्य में शहर एवं व्यापार दोनों को भारी नुकसान हो सकता है। समिति ने एक बार फिर बुधवार को एसडीएम को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी मुख्यमंत्री मोहन यादव एमपी आरडीसी के एमडी के नाम ज्ञापन दिया।

उक्त निर्माण की सड़क को ग्रीनफील्ड रोड के रूप में बताया गया तो रोड सेंटर से करीब 200 फीट तक निर्माण और व्यवसाय प्रभावित हो सकते हैं ।इससे कई मकान दुकान एवं व्यापारिक गतिविधियां संकट में आ जाएगी। यहां ग्रीन फील्ड नियम लागू करना शहर हित में नहीं होगा। 2010-11 में जावरा उज्जैन रोड के लिए टू लेन सड़क के हिसाब से भूमि अधिग्रहण किया गया था लेकिन बाद में इस जमीन पर फोरलेन बनाने की कोशिश हुई जिसे निरस्त करना पड़ा था ।अब फिर उसी तरह नियमों को बदलकर सड़क निर्माण की तैयारी किए जाने का आरोप लगाया जा रहा है। समिति ने कहा कि हुसैन टेकरी से जोयो तिराहा तक भूमियों की खरीदी बिक्री और नामांतरण पर पिछले कई माहो से रोक लगी हुई है ।लोग अपनी जमीन की रजिस्ट्री भी नहीं करवा पा रहे ।समिति के ज्ञापन में कहा कि शहर को उजाड़ने से बचाया जाए ग्रीन फील्ड नियम हटाकर सिटी फोर लेन बनाया जाए।

यदि ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट बनाया जाता है तो ओवरब्रिज इंटरचेंज और एक्सेस कंट्रोल जैसे सभी नियम लागू किए जाएं ।जन संघष समिति ने स्पष्ट कहा है कि यदि नियमों के विरुद्ध सड़क निर्माण किया गया तो मामला हाई कोर्ट तक भी जा सकता है ।यहां केवल सड़क का मामला नहीं है बल्कि जावरा नगर के भविष्य व हजारों लोगों के व्यापार व रोजगार से जुड़ा मुद्दा है।



## 16 जून से शुरू होगा मूकबधिर-अंध विद्यालय का नया शिक्षण सत्र

**बुरहानपुर।** जायंट्स चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निशुल्क संचालित मूकबधिर-अंध विद्यालय का वर्ष 2026-27 का शिक्षण सत्र 16 जून 2926 से प्रारंभ होगा। ट्रस्ट की कार्यकारिणी बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। विद्यालय 1994 से लगातार दिव्यांग बच्चों को शिक्षा देकर उन्हें आत्मनिर्भर बना रहा है।

ट्रस्ट अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल ने बताया कि विगत लगभग 31 वर्षों से संचालित इस शाला से कई दिव्यांग छात्र-छात्राएं पढ़-लिखकर समाज और विभिन्न विभागों में कार्यरत होकर देश के उत्थान में सहायक बन रहे हैं।

ट्रस्ट सचिव महेंद्र जैन ने कहा कि एक भी बालक-बालिका से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता। दिव्यांग विद्यार्थियों की शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए उनके जीवन को सबल बनाने में ट्रस्ट सदस्यों और गुरुजनों का बड़ा योगदान है। कोषाध्यक्ष सुनील कक्कड़ ने कहा कि विद्यालय दानदाताओं के सहयोग से संचालित होकर दिव्यांग छात्रों को आत्मनिर्भर बना रहा है। कार्यकारिणी सदस्यों सत्यनारायण शर्मा, रविन्द्र गुप्ता, प्रशांत श्रॉफ और शाला स्टाफ ने विद्यालय हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लेकर 16 जून से सत्र शुरू करने का निश्चय किया।

विद्यालय का उद्देश्य है कि जिले के अंतर्गत जितने भी दिव्यांग भाई-बहन पहली से आठवीं तक शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, वे शाला में आकर या गुरुजनों से संपर्क कर अपना प्रवेश कराएं। दूरदराज ग्राम से आने वाले छात्र को यदि आने-जाने में कठिनाई हो तो वह प्रवेश लेकर शाला छात्रावास में रहकर निशुल्क शिक्षा ग्रहण कर सकता है।

# एक बोलेरो पीकअप और 222 पेटी बीयर लूट कांड का कोतवाली पुलिस ने किया चंद घंटों में खुलासा

### 6 आरोपीयो से लूट का 13 लाख 40 हजार का माल किया बरामद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बडवानी



दिनांक 27 मई को फरियादी ने थाना आकर बताया की इन्दौर से पाटी उसकी बोलेरो पीकप गाड़ी में परमिट की 222 पेटी बीयर शराब लेकर जा रहा था। रास्ते में पाटी नाका के आगे मोटर सायकल से आये अज्ञात युवको के द्वारा उसे रोक कर डरा धमका कर साथ ले जाकर बावनगजा पहाड़ियो तरफ उसकी बोलेरो पीकप व उसमें भरी बीयर शराब को छिनकर फरियादी व उसके साथी को जगंल में देर रात छोड़ दिया। फरियादी की रिपोर्ट पर से अपराध धारा 309(4) क्त्रहस् का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

आरोपीयो के द्वारा देर रात किये गये सनसनीखेज घटनाक्रम को कोतवाली बड़वानी पुलिस टीम द्वारा गंभीरता से लेकर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री पद्म विलोचन शुक्ल के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर व एसडीओपी श्री महेश सुनैया के निर्देशन में विशेष पुलिस टीम को आरोपीयो को शीघ्र गिरफ्तार करने के लिए थाना प्रभारी बलजीत बिसेन को निर्देशित किया गया।

कोतवाली बड़वानी पुलिस द्वारा क्षैत्र में अलग अलग टीमो को तैनात कर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया तथा आवश्यक भौतिक व वैज्ञानिक साक्ष्यो के आधार पर लूटकांड घटना में शामिल आरोपीयो की पहचान कर उन्हे हिरासत में लेकर एक बोलेरो पीकप और 102 पेटी बीयर कीमती 13 लाख 40 हजार रुपये के माल सहित घटना में प्रयुक्त वाहनो को जप्त किया गया है। प्रकरण में अब तक कुल ०६ आरोपीयो को हिरासत में लिया गया है और अन्य आरोपीयो की तलाश की जा रही है। कोतवाली पुलिस टीम द्वारा की गई तत्काल कार्यवाही पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा किए गए कार्य की प्रशंसा कर उचित ईनाम की घोषणा भी की है।

विशेष भूमिकाः-* निरीक्षक बलजीत सिंह बिसेन, उनि रवि ठाकुर, सुरेश मुवेल, कमल मोरे, प्र.आर.जगजोध सिंह, अजमेर सिंह, चंद्रशेखर चौहान, आरक्षक आत्माराम खोड़े, पुरुषोत्तम मण्डलोई, अंतरसिंह रावत, हितेंद्र मण्डलोई, पवन मण्डलोई, दीपक वर्मा, योगेश्वर चौहान, तारिक रजा, भूपेश बर्मन, दिनेश बैरवा, नरसिंह जमरा, तारिक रजा, चेतन, ज्ञानेश्वर तायड़े *साइबर टीमः-* उनि रितेश खत्री, योगेश पाटिल, अर्जुन नरगावे, मड़िया डावर, मोनिका पटेल की भूमिका रही।

## 30 मई को रेडक्रॉस सभागार में वृद्धजन हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**नीमच।** जिला चिकित्सालय, नीमच द्वारा शनिवार, 30 मई2026 को प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक रेड क्रॉस सभागार में वृद्धजनों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में जिला चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सकों एवं मेडिकल टीम द्वारा वृद्धावस्था से जुड़ी बीमारियों की निःशुल्क जांच, परामर्श, उपचार* किया जाएगा तथा *निःशुल्क दवाओं का वितरण* भी किया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ. महेन्द्र पाटिल एवं वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. मनीष यादव ने जिले के समस्त वृद्धजनों से शिविर में उपस्थित होकर अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है।

# कलेक्टर ने विकास कार्यों में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी। में साप्ताहिक समय-सीमा (टीएल) बैठक संपन्न हुई। बैठक में पेयजल आपूर्ति, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल गंगा संवर्धन अभियान और विभिन्न शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं के निराकरण और बुनियादी सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्य में कोताही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रशासन ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। लोअर गोई परियोजना का पानी आमल्यापानी तक पहुँच चुका है, और मात्र 18 किलोमीटर का कार्य शेष बचा है, जिसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही, इंदिरा सागर का पानी भी उपलब्ध हो चुका है। जल स्तर में आ रही गिरावट को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि जहाँ हैंडपंपों में पाइप बढ़ाने या मोटर/बोर डालने की आवश्यकता हो, वहाँ तत्काल उचित कार्रवाई की जाए। सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया है कि वे निजी नलकूपों का अधिग्रहण कर पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें। प्रत्येक पंचायत में गर्मी के प्रकोप को देखते हुए कुओं, नल-जल योजनाओं और हैंडपंपों की नियमित जाँच की जाएगी। नगर पालिका को भी जल प्रदाय हेतु आवश्यकतानुसार निजी सोर्स का उपयोग करने की अनुमति दी गई है। इसके अतिरिक्त, एमपीईबी, सिंचाई विभाग और ॅत्क को आपसी समन्वय बनाकर तालाबों से पानी छोड़ने तथा आवश्यकता पड़ने पर डच्म्ठ को ट्रांसफार्मर की तत्काल व्यवस्था करने हेतु पाबंद किया गया है।

कृषि विभाग को खाद वितरण की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। किसानों को खाद वितरण में देरी न हो, इसके लिए तुरंत ई-टोकन व्यवस्था और श्फार्मर आईडीश बनाकर उर्वरक वितरण सुनिश्चित करने को कहा गया है। मिर्च के बीजों की उपलब्धता और किसानों को जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित करने पर विशेष बल दिया जाए। साथ ही, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की उपलब्धियों में प्रगति लाने को कहा गया है। राजस्व विभाग के अंतर्गत स्वामित्व योजना के लक्ष्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं को सुधारने के तहत ६७ भवनों में शौचालयों का कार्य पूरा करने तथा अधूरे पड़े क्रियाशील शौचालयों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया है कि वे विशेष शिविर लगाकर टी.बी. का शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग सुनिश्चित करें; जहाँ मशीनों की कमी होगी, वहाँ प्रशासन मशीनें उपलब्ध कराएगा। सिकलसेल से पीड़ित पाए गए लोगों के उपचार हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। श्रम विभाग को संबल योजना के प्राप्त आवेदनों तथा सामाजिक न्याय विभाग को दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य कार्ड और विधवा पेंशन के मामलों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना के आवेदकों की त्वरित जाँच कर निराकृत करने के निर्देश दिए गए हैं। एनआरएलएम (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) के तहत नवनिर्मित भवनों का उपयोग शुरू करते हुए उनमें सिलाई, वेल्डिंग, डिजिटल सेवाएँ आदि मशीनें स्थापित कर रोजगारोन्मुखी गतिविधियाँ प्रारंभ की जाए। मुर्गीपालन के लिए भी एक बेहतर बैकअप प्लान तैयार कर उसका उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, रोजगार मेले के माध्यम से चयनित या आने वाली कंपनियों द्वारा युवाओं को दिए जाने वाले पदों पर भर्ती की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ताकि सभी खाली पद भरे जा सकें।

## न्यूज -कॉलम

### बाइक में पेट्रोल भरवाने के बाद कर्मचारी से मारपीट

**उज्जैन।** ग्राम बिछडौद में इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर शाम को बाइक सवार पहुंचा और पेट्रोल भरने के लिये कहा। कर्मचारी अरविंद पिता अशोक प्रजापत 20 साल ने बाइक में पेट्रोल भर दिया और रूपये मांगे। बाइक सवार ने गाली-गलौच करते हुए रूपये देने से मना किया और खुद को दादा-पहलवान बताते हुए कर्मचारी के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और बिना रूपये दिये भाग निकला। अरविंद की शिकायत पर घट्टिया थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। एसआई शैलेन्द्रसिंह अलावा ने बताया कि पेट्रोल के रूपये ना देकर मारपीट करने वाले बाइक सवार की पहचान भूपेन्द्र पिता हाकमसिंह गुर्जर निवासी गुराड़िया गुर्जर के रूप में कर ली गई है। जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

### अज्ञात वाहन ने ग्रामीण को कुचला, अस्पताल में मौत



**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम गामडी में बुधवार-गुरूवार रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार अजय पिता मोहन चौधरी को कुचल दिया। अजय गंभीर घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिये अस्पताल लाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर ग्राम गामडी से परिजन अस्पताल पहुंच गये थे। गुरूवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि अजय घर से 2 किलोमीटर दूर खेत पर गया था, जहां से लौटते समय उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। नरवर पुलिस ने मामले में जांच शुरू की है। पुलिस के अनुसार अज्ञात वाहन कार होना सामने आ रहा है। जिसका मार्ग पर लगे कैमरे देखे नम्बर ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर भाग निकला था।

### ग्राम गौंसा में रास्ता रोक 3 बदमाशों ने मांगे 5 हजार

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गौंसा में निलेश पिता रविन्द्र मालवीय 37 साल निवासी राज रॉयल कालोनी और उसके 2 दोस्तों का रास्ता रोक तीन बदमाशों ने अवैध रूपये से 5 हजार रूपयों की मांग की। निलेश के मना करने पर बदमाशों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। भैरवगढ़ थाना एसआई सत्यनारायण प्रजापति ने बताया निलेश मालवीय की शिकायत पर बदमाश राहुल और 2 अन्य के खिलाफ अवैध वसूली का प्रकरण दर्ज किया गया है। निलेश मालवीय और उसके दोनों साथी कोर्ट में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। तीनों परिचित की मां का निधन होने पर चक्रतीर्थ आये थे। जहां से निलेश एक साथी को छोड़ने चकरावदा जा रहा था, उसी दौरान बदमाशों ने उसका रास्ता रोका था। बदमाश राहुल के गिरफ्त में आने पर उसके साथी बदमाशों के नाम सामने आ पायेगें।

### खाईवाल के पास मिले 18 हजार और सट्टा अंक पर्ची

**उज्जैन।** जीवाजीगंज थाना पुलिस ने कुछ दिनों से केडी गेट क्षेत्र में सट्टा खाईवाली होने की सूचना मिलने पर बीती शाम घेराबंदी की। केडी गेट चौराहा से अक्षय पिता राधेश्याम सोनी निवासी अब्दालपुरा को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके पास 8 सट्टा अंक पर्ची के साथ 18 हजार 350 रूपये नगद बरामद हो गये। जिसे थाने लाया गया और मामले में सट्टा अधिनियम की धारा 4-ए का प्रकरण दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि पूर्व में उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज है।

### बाइक के सामने आया कुत्ता, चालक हुआ घायल

**उज्जैन।** अभिलाषा कालोनी देवासरोड पर रहने वाला नानकराम पिता रामचरण 35 साल नागझिरी स्थित पोहा फैक्ट्री में काम करता है। बुधवार रात फैक्ट्री से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। घर से कुछ दूरी पर ही बाइक के सामने कुत्ता आ गया, जिसके चलते संतुलन बिगड़ने पर गिर गया। चेहरे पर गंभीर चोंट लगने पर परिजनों ने चरक अस्पताल में भर्ती कराया। सड़कों पर दौड़ते आवारा कुत्ते जहां लोगों को अपना शिकार बना रहे है, वहीं अब दुर्घटना का कारण भी बनते जा रहे है। पूर्व में भी कई मामले बाइक के सामने आने पर हुई दुर्घटना के सामने आ चुके है।

### तापमान पहुंचा 42 डिग्री पार

**उज्जैन।** नौतपा में जहां हवा की रफ्तार 12 किलोमीटर प्रतिघंटा से अधिक बनी हुई और लू का खतरा बना हुआ है, वहीं तापमान भी गुरूवार को 42 डिग्री के पार पहुंच गया। नौतपा के शुरूआती दिनों में तापमान 41 डिग्री के आसपास दर्ज हो रहा था। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार तापमान में और अधिक तेजी आयेगी। दिन के तापमान में आ रही तेजी के साथ रात में न्यूनतम 27 डिग्री से अधिक दर्ज हो रहा है। ब?ते तापमान से दिन-रात बैचेनी महसूस हो रही है। स्थानीय जीवाजी वेधशाला के अनुसार नौतपा में तापमान 43 डिग्री के पार जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 124-7 | 357-5 |
| मेन बाजार | 559-9 | 490-3 |
| कल्याण नाइट | 369-8 | 599-3 |
| मिलन डे | 240-6 | 130-4 |
| मिलन नाइट | 290-1 | 466-6 |
| मधुर डे | 223-7 | 589-2 |
| मधुर नाइट | 670-3 | 459-8 |
| शुभांक | 3 2 | 8 |

नलियाबाखल में हुई हत्या के आरोपी हिरासत में...

# रंजिश में चाकूओं से किया था युवक पर हमला





दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नलियाबाखल में बुधवार-गुरूवार रात हुई युवक की हत्या में शामिल 2 नाबालिग और एक युवक को पुलिस ने चंद घंटों बाद हिरासत में ले लिया गया। पुरानी रंजिश में तीनों ने चाकूओं से हमला कर हत्या को अंजाम दिया था। चाकू मारने का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि रविशंकर नगर ठाकुर चाट वाले के मकान में रहने वाले मोहित पिता प्रेमनारायण मंसोरिया 18 साल की रात 11.30 बजे के लगभग नलियाबाखल क्षेत्र के भैरू मंदिर के पास चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। घटनाक्रम के बाद पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर चाकू मारने वालों की तलाश शुरू की थी। गुरूवार सुबह हत्या में शामिल एकलव्य पिता विनोद शर्मा 19 साल निवासी नलियाबाखल और उसके 2 नाबालिग साथियों को हिरासत में ले लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि उनके बीच पिछले 4-5 माह से विवाद चला आ रहा था। पूर्व में लात - घूंसों से मारपीट हो चुकी थी। लेकिन मामला पुलिस थाने तक नहीं पहुंचा था। तीनों आरोपियों ने मोहित पर अलग-अलग चाकू से हमला किया था। थाना प्रभारी बादल के अनुसार तीनों से चाकू बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जायेगा। तीनों आरोपियों को चंद घंटों में गिरफ्तार करने के लिये एसआई जितेन्द्र झाला, एएसआई बलराम थिरोठा, चंद्रभानसिंह चौहान, प्रधान आरक्षक शैलेष योगी, आरक्षक गोपाल, शशांक, पंकज, दीपक पटेल, यादवेन्द्र की टीम बनाई गई थी। पूरी टीम ने रातभर हत्या करने वाले आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी और परिजनों के पूछताछ कर सुबह गिरफ्तार कर लिया।

### कैमरे में दिखा घटनाक्रम

रात में हुई हत्या के बाद पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें हत्या का पूरा घटनाक्रम दिखाई दिया। एक्टिवा से मोहित 2 दोस्त हर्ष और आदी के साथ नलियाबाखल जतिन के बुलाने पर पहुंचा था। जहां बातचीत के दौरान पीछे से एकलव्य आया और थप्पड़ मार दियाद्व जिसके बाद विवाद बड़ गया। जतिन ने बीच-बचाव का प्रयास किया, तभी एकलव्य के 2 साथी आये और तीनों थप्पड-लात से मारते हुए चाकू घोंप दिये। मोहित का 3से4 चाकू लगे और वह लहूलुहान हो गया। कुछ लोगों ने बीच-बचाव किया। घायल मोहित को दोस्त हर्ष और आदी अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

### परिजनों और साथियों का हंगामा

घटनाक्रम के बाद चरक अस्पताल से मोहित को निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। खबर मिले ही रात 12.30 बजे पोस्टमार्टम कक्ष के बाहर मृतक के साथियों और परिजनों की भीड़ जमा हो गई, आरोप लगाया जाने लगा कि पुलिस आरोपियों को नहीं पकड़ रही है। हंगामे की खबर पर महाकाल टीआई गगन बादल, माधवनगर टीआई गजेन्द्र पचौरिया, कोतवाली टीआई दीनबंधुसिंह तोमर और पुलिस बल पहुंच गया। मामला शांत कराने के बाद पुलिस ने शिकायत के लिये परिजनों और दोस्तों को थाने बुलाया, वहां भी काफी देर तक हंगामा किया गया।

# गिरफ्त में हत्या का भय दिखाकर रूपये हड़पने वाला बदमाश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



रजिस्ट्री नहीं कराने और हत्या का भय दिखाकर रूपये हड़पने वाले बदमाश को गुरूवार सुबह पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। बदमाश पूर्व में भी कई लोगों के रूपये हड़प चुका था।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि 27 अप्रैल को संत तुकाराम पथ के रहने वाले हितेश पिता नंदकिशोर सोनी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह सुबह मार्निंग वॉक पर निकला था। आमलारोड शासकीय कॉलेज के आगे उसे मनोज पिता नारायण चावड़ा निवासी ग्राम अमला मिला। जिससे उसकी मां द्वारा जमीन खरीदी थी। मनोज द्वारा काफी समय से रजिस्ट्री नहीं कराई जा रही थी। उसके मिलने पर रजिस्ट्री कराने की बात कहीं गई तो उसने गाली-गलौच करते हुए कहा कि रजिस्ट्री नहीं कराऊंगा और जो रूपये लिये है, वह भी वापस नहीं करूंगा। मैं यहां का दादा हूं, मेरा नाम चलता है, आज के बाद रजिस्ट्री कराने की बात कहीं तो जान से मारने दूंगा। हितेश सोनी की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 308 (5) का प्रकरण दर्ज किया गया और हत्या का भय दिखाने वाले की तलाश शुरू की गई। गुरूवार सुबह आरोपी मनोज चावड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी जमीन हड़पकर रूपये नहीं लौटाने के 3 से 4 शिकायती आवेदन प्राप्त हो चुके है। जिनकी जांच जारी है, उक्त मामलों में भी आरोपी के खिलाफ जांच पूरी होते ही प्रकरण दर्ज किया जायेगा।

### गांधीनगर में सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने का प्रयास

**उज्जैन।** ईद पर्व की सुबह गांधीनगर में सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने का प्रयास किया। एक मकान की चौखट पर खून लगा मांस रखा मिला। खबर मिलने पर पुलिस और क्षेत्रीय पार्षद मौके पर पहुंच गये। रहवासियों में आक्रोश दिखाई दिया। पुलिस ने जांच का आश्वासन देकर कार्रवाई की बात कहीं। चिमनगंज थाना क्षेत्र के गांधीनगर में रहने वाली स्नेहलता अगोने सुबह 7.30 बजे के लगभग घर-आंगन की सफाई अंदर चली गई थी। आधे घंटे बाद वापस बाहर आई तो चौखट पर खून लगा मांस रखा हुआ था। आसपास के लोगों को खबर मिली तो सभी एकत्रित हो गये और आक्रोश फैल गया। चिमनगंज थाना पुलिस की टीम और क्षेत्रीय पार्षद शिवेन्द्र तिवारी गांधीनगर पहुंच गये। पुलिस ने मामला शांत कराया और निष्पक्ष जांच का आश्वासन देकर कालोनी में लगे कैमरों के फुटेज देखने की बात कहीं। वही पार्षद ने कहा कि असामाजिक तत्वों की करतूत पर सख्त कार्रवाई की जाये। मामले में शाम को थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों से घटनाक्रम की पुष्टि नहीं हो पाई है। मकान के बाहर किसी व्यक्ति के फुट मार्क भी नहीं मिले है। बावजूद मामले की गंभीरता से जांच जारी है। पक्षी या जानवर के माध्यम से भी मांस घर के बाहर आने की आशंका बनी हुई है।

# ट्रेक्टर-ट्रालियों में भरी जा रही थी तालाब की मिट्टी

### जेसीबी की गई जप्त, खनिज विभाग दी सूचना

**उज्जैन।** रात के अंधेरे में अंतलवासा तालाब से मिट्टी खोदकर ट्रेक्टर-ट्रालियों में भरी जा रही थी। अवैध तरीके से हो रही तलाब की खुदाई का मामला पुलिस की संज्ञान में आया तो मौके पर पहुंची। जेसीबी को जप्त किया गया और चालक को हिरासत में लेकर खनिज विभाग को सूचना दी गई।



भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि 27 मई की रात गांव अंतलवासा तालाब में जेसीबी से अवैध खनन कर मिट्टी ट्रेक्टर-ट्राली में भरे जाने की खबर मिली थी। जिसके चलते पुलिस शासकीय वाहन से अंतलवासा तालाब की ओर रवाना हुई। पुलिस की गाडी आती देख 4 से 5 चालक ट्रेक्टर-ट्राली लेकर भाग निकले। तालाब में बिना नम्बर की जेसीबी से खुदाई की जा रही थी। पुलिस ने जेसीबी आपरेटर विनोद पिता गिरधारीलाल राठोर 26 वर्ष निवासी ग्राम लुनेरा थाना बिलपांक जिला रतलाम को हिरासत में लिया और खनन के संबंध में पूछताछ शुरू की गई। आपरेटर विनोद ने मिट्टी खोदने और परिवहन करने के दस्तावेज और अनुमति नहीं होने की बात कहीं। मौके पर अवैध उत्खनन होने पर पंचनामा बनाकर जेसीबी को जप्त कर लिया। थाना प्रभारी के अनुसार अग्रिम कार्यवाही के लिये खनिज विभाग को सूचना दी गई। जिनके द्वारा अवैध खनन में लगी ट्रेक्टर-ट्रालियों का पता लगाकर खुदाई में लगी जेसीबी के चालक से पूछताछ की जायेगी।

# मजदूर दंपति की 3 वर्षीय पुत्री पर चढ़ा ट्रेक्टर

### मौके पर मौत, 15 दिन पहले आया था परिवार

**उज्जैन।** सड़क निर्माण कार्य के दौरान गुरूवार शाम दर्दनाक हादसा हो गया। मजदूर दंपति की 3 वर्षीय पुत्री पर निर्माण कार्य में लगा ट्रेक्टर चढ़ गया। मासूम की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने ट्रेक्टर जप्त किया है। चालक घटनाक्रम के बाद भाग निकला था।

महाकाल थाना एएसआई बलराम थिरोठा ने बताया कि गौंसा क्षेत्र में सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। शाम को 3 साल की बालिका वंशिका पिता प्यारसिंह खेल रही थी, माता-पिता मजदूरी में लगे थे। उसी दौरान निर्माण कार्य में लगा नीले रंग का ट्रेक्टर चालक द्वारा रिवर्स लिया गया, खेल रही वंशिका पहिये की चपेट में आ गया। जिसकी चीख निकली और उसकी सांस थम गई। चालक ट्रेक्टर छोड़कर भाग निकला। वंशिका को चरक अस्पताल लाया गया।

डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेज दिया। परिजनों से पूछताछ में सामने आया कि वह धार के ग्राम सेवरीमाल ग्राम पंचायत भडकिया थाना नालछिया के रहने वाले है। 15 दिन पहले ही मजदूरी के लिये 2 बेटियों के साथ उज्जैन आये थे। वंशिका की एक छोटी बहन ओर है। एएआई थिरोठा के अनुसार मामले में दुर्घटना का मामला दर्ज कर मर्ग कायम किया गया है। शुक्रवार सुबह बालिका का पोस्टमार्टम कराया जायेगा। ट्रेक्टर जप्त कर लिया गया है। चालक की तलाश जारी है।

# ट्रेन में आभूषणों से भरा पर्स छीनकर भागा बदमाश



**उज्जैन।** महाकाल दर्शन करने आ रहे परिवार के साथ ट्रेन में बडी वारदात हो गई। बदमाश महिला के हाथ से आभूषण से भरा पर्स छीनकर भाग निकला। मामला जीआरपी के पास पहुंचा तो जांच के लिये भोपाल जीआरपी को भेजा गया।

अमरावती का रहने वाला परिवार यशवंतपुरा-डॉ अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस में सवार होकर महाकाल दर्शन करने उज्जैन आ रहा था। बुधवार-गुरूवार रात ट्रेन के सिहोर स्टेशन पहुंचने के दौरान रफ्तार कम हुई। उसी दौरान कोच एस-4 में अचानक एक बदमाश आया और परिवार की महिला आशा के हाथ से पर्स छीनकर वापस ट्रेन से कूदकर भाग निकला। परिवार ने शोर मचाया लेकिन बदमाश भाग निकला था। ट्रेन के उज्जैन पहुंचने पर परिवार ने मामले की शिकायत जीआरपी थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पर्स में सोने की चार अंगूठी, चेन, कान के टॉप्स, मंगलसूत्र और 31 हजार रूपये नगद रखे थे। जीआरपी ने मामले में जीरो पर कायमी करते हुए जांच भोपाल जीआरपी को भेज दी। बताया जा रहा है कि आभूषण और नगदी की कुल कीमत 4 लाख से अधिक है।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी 1. जसवंत सिंह पिता श्री तेजसिंह जी, 2. गोपाल सिंह पिता श्री तेजसिंह जी, 3. अजबकुंवर पिता श्री तेजसिंह जी, पति श्री प्रहलादसिंह जी, निवासी ग्राम पानोडिया, महिदपुर, उज्जैन म.प्र., 4. लाड़कुंवर पिता श्री तेजसिंह जी, पति श्री तोफानसिंह जी, निवासी ग्राम माउखेड़ी, आजमाबाद, उज्जैन म.प्र., 5. सीमा कुंवर उर्फ सीमा बाई राजपूत पिता श्री तेजसिंह जी, पति श्री रामसिंह जी, निवासी- हनुमान मौहल्ला, बरवाल शाजापुर म.प्र., 6. सुगन बाई पति तेजसिंह जी, 7. इंदरसिंह उर्फ ईश्वरसिंह पिता श्री तेजसिंह जी, निवासी ग्राम खेड़ा खजुरिया तहसील महिदपुर जिला उज्जैन म.प्र. से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 683/2 रकबा 0.260 हेक्टर, सर्वे नम्बर 696 रकबा 0.160 हेक्टर, सर्वे नम्बर 697 रकबा 0.080 हेक्टर, सर्वे नम्बर 703 रकबा 0.490 हेक्टर, सर्वे नम्बर 704/2 रकबा 0.150 हेक्टर, सर्वे नम्बर 695/1 रकबा 0.210 हेक्टर, सर्वे नम्बर 698/1 रकबा 0. 190 हेक्टर, सर्वे नम्बर 698/2 रकबा 0.180 हेक्टर, सर्वे नम्बर 699 रकबा 0.200 हेक्टर, कुल किता 09 कुल रकबा 1.920 हेक्टर भूमि, ग्राम खेड़ाखजूरिया तहसील महिदपुर जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि मे से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्ज व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्ज व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो। इति: दिनांक-28/05/2026

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस-डी-12भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन**
**मो. 94248 78460**

# भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान में शामिल हुए सीएम डॉ. मोहन यादव

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण महाअभियान के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का गुरवार को राजाराम रिसॉर्ट में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। प्रशिक्षण वर्ग में लगभग 200 कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ईवी मिनी ट्रेवलर से उज्जैन पहुंचे। उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सार्वजनिक जीवन में मितव्ययिता और संसाधनों के बेहतर उपयोग पर लगातार जोर देते हैं। उसी प्रेरणा से उन्होंने ईवी वाहन से यात्रा का विकल्प चुना। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा आज समय की आवश्यकता है और हर स्तर पर इसके लिए उदाहरण प्रस्तुत करने होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी इसलिए है क्योंकि उसके कार्यकर्ता विचारधारा से जुड़े हुए हैं और जनसेवा के लिए समर्पित हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में मंडल एवं जिला स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण वर्गों का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन, विचारधारा, जनसंपर्क और कार्यपद्धति का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना है।

**ध्वजारोहण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ शुभारंभ**-दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल द्वारा पार्टी ध्वज फहराकर किया गया। इसके बाद अतिथियों ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मंचासीन अतिथियों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार प्रशिक्षण वर्ग में कई महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। उद्घाटन सत्र को भाजपा नगर अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद उमेशनाथ जी महाराज ने संबोधित किया। प्रथम सत्र में विधायक आशीष शर्मा ने स्थानीय कार्यक्रम, बूथ प्रबंधन एवं आईटी विषय पर मार्गदर्शन दिया। द्वितीय सत्र में प्रदेश मंत्री राजेंद्र सिंह ने हमारा इतिहास एवं विकास विषय पर विचार रखे। तृतीय सत्र में इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने गरीब कल्याण योजनाओं एवं उनके क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका पर संबोधित किया। चतुर्थ सत्र में पंकज चतुर्वेदी एवं सोमेश पालीवाल ने सोशल मीडिया, मीडिया एवं एआई विषय पर जानकारी दी। पंचम सत्र में भाजपा अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य ने कार्य विस्तार विषय पर संबोधित किया। षष्ठफम सत्र में अशोक अधिकारी ने व्यावहारिक सत्र का संचालन किया। सप्तम सत्र में कान्हसिंह ने कार्यकर्ता विकास, संभाल एवं अपेक्षाओं पर मार्गदर्शन दिया। अष्टम सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे सरकार की उपलब्धियों और विचारधारा को जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अधोसंरचना विकास के साथ-साथ पर्यावरण, नदी संरक्षण, वन्यजीव संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन के क्षेत्र में भी कार्य किया है। उन्होंने उज्जैन की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस प्रकार विश्व में सात सागर हैं, उसी प्रकार उज्जैन में भी सात सागर हैं। यहां 84 महादेव और चार द्वारपालों की परंपरा धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष से जुड़ी हुई है।

# विज्ञान बनाम अध्यात्म



आधुनिक विज्ञान ने यह सिद्ध किया है कि पदार्थ कोई स्थायी और स्वतंत्र सत्ता नहीं है। जिसे हम पदार्थ, अणु या परमाणु कहते हैं, वह वास्तव में ऊर्जा का सघन रूप मात्र है। भौतिकवादी दृष्टिकोण में प्रायः यह मान लिया जाता है कि संसार केवल ऊर्जा व पदार्थ का खेल है और चेतना उसी की उपज है। यह विचार अधूरा है। चेतना को केवल ऊर्जा का गुण मान लेना आत्म-भ्रम है। यदि चेतना वास्तव में ऊर्जा की उपज होती, तो ऊर्जा से परे उसकी कोई स्वतंत्र सत्ता न होती। आध्यात्मिक अनुभव कहता है कि चेतना ऊर्जा से भी अधिक व्यापक और मौलिक है। भारतीय दर्शन इस चेतन सत्ता को शिव कहता है। क्या मनुष्य में चेतना अचानक शून्य से उत्पन्न हो गई? क्या विचार और अनुभूति जैसी शक्तियां केवल पदार्थ के संयोग से पैदा हो सकती हैं? नहीं। यदि आज मनुष्य में चेतना, संवेदना और विचार हैं, तो उनकी संभावनाएं सृष्टि के प्रारंभ में भी विद्यमान रही होंगी। लगभग दो अरब वर्ष पूर्व, जब पृथ्वी पर जीवन का कोई विकसित रूप नहीं था, तब केवल ऊर्जा के सूक्ष्म कण ही विद्यमान थे। उन्हीं में चेतना की संभावनाएं सुप्त अवस्था में छिपी हुई थीं। वही चेतना धीरे-धीरे प्रकृति की क्रियाशील शक्तियों के प्रभाव से विकसित होती गई। पेड़-पौधों, जीव-जंतुओं और अंततः मनुष्य में चेतना का क्रमिक विकास उसी प्रक्रिया का परिणाम है। भारतीय तांत्रिक दर्शन प्रकृति की इस क्रियाशील शक्ति को प्रकृति या शक्ति कहता है और चेतना को शिव। शक्ति गतिशील हैं, जबकि शिव साक्षी चेतना हैं। जब चेतना पदार्थ में सुप्त अवस्था में रहती है, तब उसका अनुभव करना कठिन होता है, किंतु जब वही चेतना जाग्रत होती है, तब वह समय, स्थान और व्यक्तित्व की सीमाओं को पार कर जाती है। यही आध्यात्मिक जागरण है। केवल तर्क के आधार पर चेतना या आत्मा के अस्तित्व को नकार देना उचित नहीं। कुछ लोग कह देते हैं कि दुनिया केवल परमाणुओं से बनी है, इसलिए आत्मा या सूक्ष्म सत्ता जैसी कोई चीज नहीं। ऐसा निष्कर्ष अधूरा है। किसी विषय को अस्वीकार करने के लिए भी उसके बारे में पर्याप्त ज्ञान आवश्यक है। मनोविज्ञान, चेतना व आध्यात्मिक अनुभव के क्षेत्रों को समझे बिना केवल भौतिक तर्कों से अंतिम निर्णय नहीं दिया जा सकता। विज्ञान और अध्यात्म के बीच संघर्ष नहीं है, बल्कि उनमें गहरे संबंध हैं। विज्ञान पदार्थ और ऊर्जा की खोज करता है, जबकि अध्यात्म उस चेतना की तलाश करता है, जो ऊर्जा के पीछे सक्रिय है। दोनों की दिशाएं अलग हो सकती हैं, लेकिन अंतिम सत्य की खोज में दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। मनुष्य जब केवल पदार्थ तक सीमित नहीं रहता, बल्कि चेतना की गहराइयों में उतरता है, तभी वह अस्तित्व के वास्तविक रहस्य को समझ पाता है।



**सम्पादकीय**

## हादसों से सबक

देश के दो अलग-अलग हिस्सों में दो हादसे हुए, जिनमें 10 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। ये सभी जिंदगियां यूं खत्म न हुई होतीं, अगर हमने संवेदनशील तंत्र या समाज गढ़ा होता। जैसे कि ब्योरे ?हैं, मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में बीहरपुवा गांव में कुआं खोदते हुए पांच लोग मिट्टी धंसने से असमय काल के गाल में समा गए, तो वहीं ओडिशा के कालाहांडी में एक सेप्टिक टैंक की जहरीली गैस ने छह लोगों की जान ले ली। ये दोनों हादसे यही याद दिलाते हैं कि अपने नागरिकों की जान की कीमत हम अब तक नहीं समझ पाए हैं, वरना प्रौद्योगिकीय चमत्कार के इस युग में ये दोनों काम मशीनों से हो रहे होते और इनके शिकार बने लोग उन सुविधाओं का लाभ उठाते! बीहरपुवा की घटना इस बात का एक और उदाहरण है कि आज भी देश में ऐसे अनेक गांव और इलाके हैं, जो साफ पेयजल के लिए तरस रहे हैं। गांव क्या, महानगरों और शहरों में भी स्थिति बहुत बेहतर नहीं कही जा सकती। अभी बहुत ज्यादा समय नहीं बीता है, जब देश के सबसे स्वच्छ शहर का तमगा हासिल करने वाले इंदौर में दूषित पेयजल पीने से कई लोगों की मौत हो गई थी और 40 से अधिक लोग अस्पताल पहुंच गए थे।

इसमें कोई दोराय नहीं कि आज देश को स्मार्ट सिटी की जरूरत है और सरकार ने उचित ही इस दिशा में कदम उठाया है। इस समय देश के सौ शहरों में इस पर काम हो रहा है, मगर इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि सरकारों का प्राथमिक दायित्व लोगों को भरपेट भोजन, साफ पेयजल, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करना है। ऐसी कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं, जिनमें पीने के पानी के लिए जान हथेली पर रखकर बच्चियों व महिलाओं को कुंड में उतरते या फिर लंबी दूरी तय करते देखा जा सकता है। इसी तरह, कुछ ही महीने पहले सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय ने संसद के जरिये देश को अवगत कराया था कि 2017 के बाद से अब तक 620 से अधिक सफाईकर्मियों की सीवर की सफाई में मृत्यु हो चुकी है। ये आंकड़े और मंगलवार को हुए दोनों हादसे हमारी पूरी तरक्की को मुंह चिढ़ा रहे हैं। कहा जा रहा है कि बीहरपुवा में मनरेगा के तहत कुएं की खुदाई हो रही थी। फिर तो इस आपराधिक लापरवाही के लिए जिम्मेदार स्थानीय अधिकारियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। सवाल यह है कि क्या ऐसा होगा?

### आने वाले संकट के संकेत

# सूरज के तीखे होते तेवर और अल-नीनो

देश के ज्यादातर भूभाग पर अंगड़ाई लेता पारा 45 से 48 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका है। दिल्ली राजधानी क्षेत्र समेत समूचा मध्य व उत्तर भारत इस समय भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। 25 मई को सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश नौतपा शुरू हो गया। धरती आसमान से बरसाने वाली इस आग से और अधिक गर्म हो गई। हालांकि भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसार धरती का अधिक तपना अच्छी बारिश का संकेत है। मौसम विभाग भी नौतपा में भीषण गर्मी बता रहा है। सनातन पंचांग में उल्लेख मिलता है की इन नौ-दिनों में एक ऐसा समय भी आता है जब सूर्य अपनी सबसे तीव्र ऊर्जा के साथ पृथ्वी पर प्रभाव डालता है। फलतः गर्मी चरम पर पहुंच जाती है।



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

इस परिप्रेक्ष्य में वैज्ञानिकों की मानें तो भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में एक ताकतवर महा-अलनीनो आकर ले रहा है। यह 1877 के बाद सबसे विध्वंसकारी मौसमी आपदा साबित हो सकता है। इसका सीधा असर भारत में देखने को मिल सकता है। क्योंकि अल-नीनो भारत की जीवन रेखा कहे जाने वाले दक्षिण-पश्चिम मानसून को भी प्रभावित कर सकता है। मौसम की जानकारी देने वाली निजी एजेंसी स्काई मेट के अनुसार इसका मुख्य कारण केवल सामान्य मौसमी बदलाव न होकर ऊष्मा का बन जाने वाला छत्रीनुमा गोला है, जो आधे भारत के राज्यों में मंडरा रहा है। इस समय दिल्ली, उप्र, राजस्थान, हरियाणा, मप्र, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और तेलांगाना में गर्मी एकाएक बढ़ गई है। इस प्राकृतिक स्थिति को ऊष्मा का क्षत्रप (हीट डोम) या गुंबद कहा जा रहा है। यह क्षत्रप तब बनता है, जब वायुमंडल में उच्च दबाव की एक प्रणाली लंबे समय तक किसी एक क्षेत्र में ठहर जाती है। इस समय बर्तन के एक ढक्कन की तरह गर्म हवा ऊष्मा को नीचे धरती की तरफ दवाए रखती है, जो तेज गर्मी का कारण बन जाती है। नतीजतन ऐसे क्षेत्रों में तापमान खतरनाक ढंग से बढ़ जाता है और कई दिनों या हफ्तों तक भीशण गर्मी या लू बनी रहती है। गर्मी की इस प्रचंड स्थिति को ग्लोबल वार्मिंग का कारन बताया जा रहा है।

इस बार गर्मी का मिजाज इसलिए भी अलग है, क्योंकि कई तटीय इलाकों और मैदानी क्षेत्रों में नमी वाली गर्मी यानी उमस का असर भी देखने में आ रहा है। इससे लू लगने का खतरा और अधिक बढ़ जाता है। आधे भारत में बढ़ा तापमान लोगों को पस्त कर रहा है। अतएव हरेक जुबान पर प्रचंड धूप और गर्मी जैसे बोल आमफहम हो गए हैं। हालांकि लू और प्रचंड गर्मी के बीच भी एक अंतर होता है। गर्मी के मौसम में ऐसे क्षेत्र जहां तापमान, औसत तापमान से कहीं ज्यादा हो और पांच दिन तक यही स्थिति यथावत बनी रहे तो इसे लू यानी गर्मी का गोला कहने लगते हैं। मौसम की इस असहनीय विलक्षण दशा में नमी भी समाहित हो जाती है। यही सर्द-गर्म थपेड़े लू की पीड़ा और रोग का कारण बन जाते हैं। किसी भी क्षेत्र का औसत तापमान, किस मौसम में कितना होगा, इसकी गणना एवं मूल्यांकन पिछले 30 साल के आंकड़ो के आधार पर की जाती है। वायुमंडल में गर्म हवाएं आमतौर से क्षेत्र विशेष में अधिक दबाव की वजह से उत्पन्न होती हैं। वैसे तेज गर्मी और लू पर्यावरण और बारिश के लिए अच्छी होती हैं। अच्छा मानसून इन्हीं आवारा हवाओं का पर्याय माना जाता है, क्योंकि तपिष और बारिश में गहरा अंतर्सबंध है।

धूप और लू के इस जानलेवा संयोग से कोई व्यक्ति पीड़ित हो जाता है, तो उसके लू उतारने के इंतजाम भी किए जाते हैं। दरअसल लू सीधे दिमागी गर्मी को बढ़ा देती है। अतएव इसे समय रहते ठंडा नहीं किया तो यह बिगडा अनुपात व्यक्ति को बौरा (पागल) भी सकता है। वैसे शरीर में प्राकृतिक रूप से तापमान को नियंत्रित करने का काम मस्तिष्क में हाइपोथैलेमस अर्थात अधश्चेतक क्षेत्र करता है। इसका सबसे महत्वपूर्ण कार्य पीयूष ग्रंथि के माध्यम से तंत्रिका तंत्र को अंतःस्त्रावी प्रक्रिया के माध्यम से तापमान को संतुलित बनाए रखना होता है। इसे चिकित्सा शास्त्र की भाषा में हाइपरपीरेक्सिया कहते हैं। यानी शरीर के तापमान में असमान वृद्धि या अधिकतम बुखार का बढ़ जाना। इसकी चपेट में बच्चे और बुजुर्ग आसानी से आ जाते हैं।

बाहरी तापमान जब शरीर के भीतरी तापमान को बढ़ा देता है, तो हाइपोथैलेमस तापमान को संतुलित बनाए रखने का काम नहीं कर पाता। नतीजतन शरीर के भीतर बढ़ गई अनावश्यक गर्मी बाहर नहीं निकल पाती है, जो शरीर में लू का कारण बन जाती है। इस स्थिति में शरीर में कई जगह प्रोटीन जमने लगता है और शरीर के कई अंग एक साथ निष्क्रियता की स्थिति में आने लग जाते हैं। ऐसा शरीर में पानी की कमी यानी डी-हाईड्रेशन के कारण भी होता है। दोनों ही स्थितियां जानलेवा होती हैं। इस स्थिति के निर्माण हो जाने पर बुखार उतारने वाली साधारण गोलियां काम नहीं करती हैं। क्योंकि ये दवाएं दिमाग में मौजूद हाइपोथैलेमस को ही अपने प्रभाव में लेकर तापमान को नियंत्रित करती हैं। जबकि लू में यह स्वयं शिथिल होने लग जाता है।

हवाएं गर्म या आवारा हो जाने का प्रमुख कारण ऋतुचक्र का उलटफेर और भूतापीकरण (ग्लोबल वार्मिंग) का औसत से ज्यादा बढ़ना है। इसीलिए वैज्ञानिक दावा कर रहे हैं कि इस बार प्रलय धरती से नहीं आकाशीय गर्मी से आएगी। जिस आकाश को हम निरीह और खोखला मानते हैं, परंतु वास्तव में यह खोखला है नहीं। भारतीय दर्शन में इसे पांचवां तत्व यूं ही नहीं माना गया है। सच्चाई है कि यदि परमात्मा ने आकाश तत्व की उत्पत्ति नहीं की होती, तो संभवतः आज हमारा अस्तित्व ही नहीं होता। हम श्वांस भी नहीं ले पाते। पृथ्वी, जल, अग्नि और वायु ये चारों तत्व आकाश से ऊर्जा लेकर ही क्रियाशील रहते हैं। ये सभी तत्व परस्पर परावलंबी हैं। यानी किसी एक तत्व का वजूद क्षीण होगा तो अन्य को भी छीजने की इसी अवस्था से गुजरना होगा। प्रत्येक प्राणी के शरीर में आंतरिक स्फूर्ति एवं प्रसन्नता की अनुभूति आकाश तत्व से ही संभव होती है, इसलिए इसे ब्रह्म तत्व भी कहा गया है। अतएव प्रकृति के संरक्षण के लिए सुख के भौतिकवादी उपकरणों से मुक्ति की जरूरत है। क्योंकि हम देख रहे कि कुछ एकाधिकारवादी देश भूमंडलीकरण का मुखौटा लगाकर ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन से दुनिया की छत यानी ओजोन परत में छेद को चौड़ा करने में लगे हैं। यह छेद जितना विस्तृत होगा वैष्विक तापमान उसी अनुपात में अनियंत्रित व असंतुलित होगा। इस बढ़े तापमान का प्रभाव जिन-जिन क्षेत्रों में पड़ेगा, वहां खेत बंजर हो जाएंगे। पालतू मावेशी और वन्य जीव गर्मी से तड़प-तड़प कर प्राण छोड़ने लग जाएंगे, जो मानव समुदाय अभावग्रस्त हैं, उन पर गर्म हवाओं का यह दबाव कहर बनकर टूटेगा। यह जानलेवा भी साबित होगा।

## उस दूसरे पंख की रहस्यमयी मौत

वह जून की एक ऐसी दोपहर थी जब सूरज आसमान में किसी क्रूर जमींदार की तरह तमाचा मार रहा था। मैं अपनी चमचमाती मोटरसाइकिल पर नब्बे की रफ्तार से हवा को चीर रहा था। गति का एक अपना नशा होता है जनाब। जब सुई नब्बे पार करती है तो लगता है कि आप समय से आगे निकल चुके हैं। तभी अचानक एक चीख सुनाई दी जो शायद सिर्फ ब्रह्मांड के कान सुन सकते थे। एक मासूम परों वाला कीड़ा सीधे मेरे हेलमेट के कांच से टकराया। एक भयानक चट् की आवाज हुई। वह वहीं शहीद हो गया। उसका एक पंख राष्ट्रध्वज की तरह मेरे हेलमेट पर चिपका रह गया और दूसरा पंख जाने किस अज्ञात दिशा में अनंत यात्रा पर निकल गया। एक संयुक्त परिवार पल भर में बिखर गया।

वह अभागा कीड़ा दोपहर की उस चिलचिलाती धूप में किसी नितांत जरूरी काम से निकला होगा। शायद वह पास के किसी गूलर के पेड़ से रस की बूंदें तलाशने जा रहा था या हवा के झोंके के साथ बहती किसी महक का पीछा करते हुए अपनी मादा साथी से मिलने की जल्दी में था। प्रकृति ने उसे उड़ने के लिए पंख दिए थे और वह बस अपनी सहज प्रवृत्ति के साथ जिंदगी जीने की जद्दोजहद में मसरूफ था। उसे क्या पता था कि इंसानी तरक्की की एक नब्बे किलोमीटर वाली क्रूर मशीन उसका रास्ता रोके खड़ी है। वह अपनी छोटी सी मंजिल की तरफ बढ़ ही रहा था कि बीच रास्ते में मेरे हेलमेट का वह अभेद्य शीशा आ गया। उसका वह छोटा सा प्राकृतिक काम हमेशा के लिए अधूरा रह गया और उसका पूरा वजूद पल भर में इतिहास बन गया। मैंने गाड़ी किनारे लगाई और हेलमेट पर चिपके उस अकेले पंख को देखने लगा। यह महज एक कीड़ा नहीं था। यह उस सभ्यता का प्रतिनिधि था जो नब्बे की रफ्तार वाली आधुनिकता के सामने घुटने टेक चुकी थी।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 29 मई 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 05:45 सूर्यास्त 19:03
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - त्रयोदशी 09:51 उपरांत चतुर्दशी
नक्षत्र - स्वाति 10:38 उपरांत विशाखा
योग - परिघ 04:35 उपरांत शिव
करण - तैतिल
चन्द्रमा - दिन पूर्ण तुला में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 11 तारिख

**मेष-** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार में लाभ होगा।

**वृषभ-** निवेश शुभ रहेगा। संतान पक्ष से आरोग्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें। हानि संभव है।

**मिथुन-** भागदौड़ रहेगी। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। पुराना रोग उभर सकता है।

**कर्क-** व्यापार में अधिक ध्यान देना पड़ेगा। जोखिम न उठाएं। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा।

**सिंह-** बजट बिगड़ेगा। दूर से शोक समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें।

**कन्या-** नई योजना बनेगी। लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। काफी समय से अटके काम पूरे होने के योग हैं।

**तुला-** भरपूर प्रयास करें। आय में मनोनुकूल वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। यात्रा सफल रहेगी।

**वृश्चिक-** यात्रा लाभदायक रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। वस्तुएं संभालकर रखें।

**धनु-** कोई राजकीय बाधा हो सकती है। जल्दबाजी में कोई भी गलत कार्य न करें। काफी समय से अटका हुआ पैसा मिलने का योग है। ठीक चलेगा।

**मकर-** नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। अचानक लाभ के योग हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। समय सुखमय व्यतीत होगा।

**कुंभ-** व्यापार में वृद्धि से संतुष्टि रहेगी। नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

**मीन-** उत्साह से काम कर पाएंगे। किसी की बातों में न आएं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**व्यंग्य**

## पहलवान उसे आय लव यू नही कह पाया

नाना -नानी ,मामा -मामी का रिश्ता ऐसा होता हैजब तक माँ जीवित रहती तब तक बेहद जुड़ा होता है। लाड प्यार ऐसा मिलता जैसे स्वर्ग मिल गया हो। यानि हर सुविधा बरकरार रहती है`कहने का तात्पर्य ये है कि नाना -नानी, मामा -मामी का पक्ष सबसे ज्यादा भारी होता है। इस बीच में मुझे पहलवानी का शौक लग गया था। पहले के जमाने में जिम वगैरे तो थे नहीं। वर्जिस के लिए देशी अखाड़े थे। मामा के यहाँ गाय का दूध भरपूर था।



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

जब पहली बार उज्जैन अखाड़े गया। बहुत ही बड़ा था। जगह -जगह रस्से लटक रहे ,कुश्ती लड़ने के लिए लाल मिटटी का अखाडा। दंड- बैठक के लिए आइना लगी व्यवस्था,मलखम्ब आदि के साथ एक छोटा सा मंदिर भी अंदर बना हुआ था। खाड़े के नियम होते है जो पहलवान पहले से वर्जिस कर रहा हो उसे वहाँ पर मौजूद पहलवान से अनुमति लेना पड़तीयानि कहना पड़ता था- हुकुम पहलवान। पहलवान बोलता था -बाबा का आशीर्वाद। ये सब बातें मुझे मालूम नहीं थी।

जैसे ही मै अखाड़े में पहले पहुँचा । एक बड़ा पहलवान वर्जिस करने के पहले पहले से आए पहलवान से अनुमति मांगी। यानि मुझसे बोला -हुक्म पहलवान। मैने भी बोल दिया -हुक्म पहलवान। फिर वो बोले -हुक्म पहलवान। मैने फिर बोल दिया- हुक्म पहलवान। जबकि मुझे बोलना था -बाबा का आशीर्वाद। पहलवान ने कहा -नए आए हो पहलवान। मैने कहा -हाँ , पहलवान में आज ही नया आया हूँ

मैं डेढ़ पसली का पहलवान और वहां के एक से बढ़कर एक भुजंग पहलवान पहलवानी कर रहे थे` लेकिन कायदा भले ही वर्जिस के लिए आया डेढ़ पसली के मनुष्य को वो उसे पहलवान ही कहते थे। मुझे पहली बार किसी ने पहलवान बोला -मुझे रात भर खुशी के मारे नींद ही नहीं आयी। पहले दिन ही कुछ ज्यादा वर्जिस कर ली थी। दूसरे दिन चले उठे ही नहीं जा पा रहा था। जब बाजार में हिम्मत कर के गया तो हाथ- पाव की स्टाइल बदल चुकी थी यानि अदा पहलवानो सी एक ही दिन में हो गई थी। शरीर की अकड़न को बड़ी मुश्किल से ठीक होने में दो चार दिन लग गए। जब अखाड़े गया तो पहलवानों ने हिदायत दी कि- पहलवान लंगोट लगा के आया करो। ये चड्डी नहीं चलेगी`साथ ही सरसो के तेल की शरीर पर मालिश करों। वर्जिस के बाद एकदम पानी नहीं पीना बल्कि केले खाना और दूध पीना है। बहुत सी हिदायत लिए घर पर आया। नाना-नानी, मामा -मामी के यहाँ किसी चीज की कमी नहीं थी।

उस समय एक लड़की मुझे प्यार करने लगी। अमिताभ की हेयर स्टाइल ज्यादा चलन में थी और बेल बॉटम की चौड़ाई में होड़ चलती थी जिसकी बॉटम ज्यादा के लिए उसमे कली (अलग से कपड़ा)लगाया जाता था ताकि वो ज्यादा आकर्षित लगे किन्तु अखाडा जाइन करने के बाद हेयर स्टाइल पहलवानी करने के पालन में बदल गई ,बाल एकदम पहलवानी कट। फैशन से विपरीत होने से सारी हीरो गर्दी रफूचक्कर हो गई। बस इसी कारण बिच में ही पहलवानी छोड़ दी। रोमांटिक हीरो का जमाना था। जमाने के साथ चलना था। फिर से स्टाइल बना ली किंतु वक्त ने और रिश्तेदारों ने भी करवट ली। नौकरी मिली और शादी भी हुई किंतु उससे नही जो मुझे प्यार करती थी। क्या करें पहलवान की हिम्मत ही नही थी कि उसे आय लव यू कहे या हां कहे।बाद में तो टीवी ,रेडियों पर दर्द भरे गाने सुनकर मन को तस्सली कर लेते थे और यही सोचते थे कि या तो पुरे पहलवान बन जाना था या या पूरा राँझा` ये अधूरापन ठीक वैसा ही होता जैसे बिना पतवार की नाव। उस समय मै पुराने ख्यालों में खोया था तभी पीछे से पत्नी की आवाज आई -जाओ ऊँगाओ मत नहा के बाजार से सब्जी भाजी ले आओ और आटा भी पिसा लाना। तब ऐसा लगा कि-ये छाती पर मूंग दल ने कहा से आगई।

# तंबाकू निषेध से जागरूकता लाने का प्रयास करें

तंबाकू सेवन से जन्मे अनेक रोगों से बचने हेतु सलाह दी जाना चाहिए। एक जानकारी के मुताबिक बढ़ती लत कारण मुख कैंसर के मरीजों की संख्या लाखों के लगभग है। घातक रसायन निकोटिन तंबाकू में पाया जाता है स्वैच्छिक संगठन एवं सामाजिक संस्था तंबाकू निषेध दिवस (31-मई ) पर अपना राग अलापते शायद थक सी गई है`आज भी स्थिति वैसी ही बनी हुई है।व्यसन मुख्य परामर्श केंद्र भी जागरूकता लाने का प्रयत्न कर रही है।व्यसन मुक्ति केंद्र भी चिकित्सालय के समीप में ही होना चाहिए ताकि इलाज हेतु मरीज को एक ही स्थान पर सुविधा प्राप्त हो सके। तम्बाकू सेवन से खतरों की जानकारी ग्रामीण क्षेत्रों में ना के बराबर है। कई बच्चे भी तंबाकू खाने की लत के शिकार है। उन्हें समझाइश की आवश्यकता है वर्तमान में कई क्षेत्रों में तम्बाकू सड़कों, कार्यस्थलों, सार्वजनिक स्थानों आदि पर थूके जाने पर जुमार्ना भी निर्धारित किया गया है. तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों से बचाव हेतु व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए. ताकि तम्बाकू सेवन कर्ताओं को असमय मौत का ग्रास बनने से बचाया जा सके।




साजिद अली
(दैनिक अवन्तिका)

तंबाकू ने बड़ा दुर्व्यसन का धारण कर लिया है बच्चों से लेकर वृद्ध तक इसे मुख से भरे मिल जाएंगेभोजन लार से पचता है। तंबाकू का प्रभाव रक्त पर पड़ता हैमुख से बदबू आने लगती,इसके परिणाम स्वरूप आँख की रोशनी कम हो जाना ,छयरोग ,हृद्य रोग ,नपुसंगता ,पागलपन, मुँह सड़ना,कैंसर जैसी घातक बीमारिया आ सकती है। साथ ही तंबाकू मांगने की आदत पड जाती है। तंबाकू को पुर्तगीज लोग इसे यहाँ लेकर आये थे`सर्वप्रथम कोलम्बस ने अमेरिका में वहाँ के निवासियों को तंबाकू पीते देखा थोसंसार का कोई भी पशु-पक्षी इसके पत्ते नहीं खाता,मुँह तक नहीं लगाता केवल एक प्रकार का कीड़ा है, जो तम्बाकू के पत्ते पर पैदा होता और पत्तों को खाता है। वैज्ञानिकों ने तंबाकू में छः प्रकार के विषों का पता लगाया हैनिकोटिन, प्रुसिक एसिड, पाइरीडीन, कोलीडीन, एनोमिया,कार्बन मोनोऑक्साइड इसके अलावा और भी विष निकलने की संभावना हैतंबाकू की खेती की जाने से अनाज की खेती का अनाज उत्पादन भी प्रभावित हुआ है पशुओं के लिए चारे का संकट दिनों दिन गंभीर होता जा रहा है चारे का उत्पादन में कमी आने से पशुओं पर इसका प्रभाव देखा गया है जैसे दूध का कम होना,बाजार से महंगा चारा पशुओं को पर्याप्त मात्रा में ना खिला पाना आदि कई कारण रहे है। तम्बाकू का सेवन इंसान मुख्य रूप से इन कामों के लिए करता है। ऐसा तंबाकू सेवन कर्ताओ का मानना है- शौच जाने के पहले ,भोजन करने के बाद, रात को जागते समय, पेट की गैस को कम करने के लिऐ अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार इस प्रकार के परोक्ष धूम्रपान के कारण विश्व भर में दो लाख व्यक्ति प्रतिवर्ष मर जाते है। ग्लोबल यूथ टोब्बेको सर्वे के अनुसार परोक्ष धूम्रपान से 36 .4 प्रतिशत बच्चे घरों में प्रभावित हो रहे है और विश्व में 70 करोड़ बच्चों को निष्क्रिय धूम्रपान का शिकार होना पड रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य संगठन में 31 मई को नो टोबेको -डे घोषित किया है। जिसका उदेश्य तंबाकू के सेवन में कमी लाना है। इस संबंध में किए गए प्रयास के अंतर्गत18 मई 2003 को तंबाकू के बढ़ते हुए उपयोग पर प्रतिबंध हेतु भारत सरकार ने तंबाकू नियंत्रण अधिनियम पास किया है। जिसे सन 2008 से लागु किया गया है। अधिनियम में सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध है शैक्षणिक संस्थाओं के 100 गज की परिधि में तम्बाकू उत्पादन बेचने पर प्रतिबन्ध, तम्बाकू उत्पादों पर चित्रमय स्वास्थ्य चेतावनी प्रदर्शित होनी चाहिए (कई स्थानों पर लगी भी है), सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने तथा किसी अवयस्क को तंबाकू उत्पाद बेचने के अपराध में जुमार्ना हो सकता है`समस्त कानूनी प्रतिबंधों के उपरांत भी तंबाकू सेवन पर पूर्ण प्रतिबन्ध नहीं हो पाया है।

**धर्म-आस्था**

# काशी की गलियों में मोक्ष की आस्था और मुंडन संस्कार का मौन रहस्य

भारत की सनातन परंपराओं में हर तीर्थ का अपना अलग महत्व, अपना अलग स्वभाव और अपना अलग आध्यात्मिक उद्देश्य रहा है। कहीं जन्मोत्सव की मंगल ध्वनि सुनाई देती है, कहीं विवाह संस्कार की पवित्रता दिखाई देती है और कहीं जीवन के अंतिम सत्य – मोक्ष – का गंभीर दर्शन होता है। यही कारण है कि भारत के प्रमुख तीर्थ केवल पूजा के केंद्र नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन की जीवंत पाठशालाएँ हैं।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

इसी परंपरा के बीच एक प्रश्न अक्सर लोगों के मन में उठता है कि जब प्रयागराज, गया, अयोध्या, तिरुपति बालाजी और देवी स्थलों पर बच्चों का मुंडन संस्कार बड़े उत्साह से कराया जाता है, तब काशी विश्वनाथ में यह परंपरा सामान्य रूप से क्यों दिखाई नहीं देती? आखिर ऐसा क्या कारण है कि बाबा विश्वनाथ की नगरी में लोग गंगा स्नान करते हैं, दर्शन करते हैं, रुद्राभिषेक कराते हैं, लेकिन छोटे बच्चों का पहला बाल उतारना बहुत कम होता है?

इस प्रश्न का उत्तर केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, दार्शनिक और लोकमान्यताओं से जुड़ा हुआ है। सनातन परंपरा में मुंडन संस्कार को सोलह संस्कारों में स्थान प्राप्त है। यह केवल बाल काटने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि नवजीवन, शुद्धि और गृहस्थ जीवन की शुभ शुरूआत का प्रतीक माना जाता है। इसलिए यह संस्कार सामान्यतः उन स्थानों पर कराया जाता है, जहाँ जीवन, ऊर्जा और आरंभ का भाव प्रमुख हो।

प्रयागराज को तीर्थराज कहा गया है। वहाँ संगम का जल जीवन, ज्ञान और आरंभ का प्रतीक माना जाता है। अयोध्या भगवान राम की जन्मभूमि है, इसलिए वहाँ बाल संस्कारों की परंपरा स्वाभाविक रूप से जुड़ी हुई है। गया पितरों के श्राद्ध और तर्पण का केंद्र है, जबकि तिरुपति बालाजी में बाल समर्पण को अहंकार त्याग का प्रतीक माना जाता है। दक्षिण भारत में तो मुंडन को भगवान के प्रति समर्पण और कृतज्ञता का माध्यम माना जाता है। लेकिन काशी का स्वभाव इन सबसे भिन्न है।

काशी को मोक्ष की नगरी कहा गया है। यहाँ आने वाला व्यक्ति केवल जीवन की सफलता नहीं, बल्कि जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति की कामना लेकर आता है। बाबा विश्वनाथ वैराग्य, तप और अंतिम सत्य के प्रतीक हैं। वे भस्म रमाने वाले, श्मशान में विराजने वाले, संसार के मोह से परे महादेव हैं। यही कारण है कि काशी का आध्यात्मिक वातावरण गृहस्थ जीवन की शुरूआत से अधिक जीवन के अंतिम बोध से जुड़ा हुआ माना जाता है।

पुरानी लोकमान्यता कहती है – काशी में मृत्यु हो तो स्वयं शिव तारक मंत्र देकर मोक्ष प्रदान करते हैं। इसलिए यहाँ अंतिम संस्कार, पिंडदान, श्राद्ध और वैराग्य की परंपरा अधिक प्रमुख रही है।

काशी के मणिकर्णिका और हरिश्चंद्र घाट चौबीसों घंटे जलती चिताओं के साक्षी हैं। जीवन और मृत्यु का यह सतत दर्शन काशी को एक गंभीर आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है। ऐसे वातावरण में जन्मोत्सव और मुंडन जैसे मंगल संस्कार परंपरागत रूप से कम होते गए।

बनारस की एक पुरानी लोकमान्यता काशी करवट से भी जुड़ी हुई है। पुराने लोग मानते थे कि यदि छोटे बच्चे का मुंडन काशी में करा दिया जाए तो उसका मन इस नगरी से ऐसा जुड़ जाएगा कि आगे चलकर उसका जीवन भी यहीं समाप्त हो सकता है। यह पूर्णतः आस्था और लोकविश्वास का विषय है, लेकिन सदियों तक ऐसी मान्यताओं ने लोगों की सोच को प्रभावित किया।

इसी कारण पुराने परिवार बच्चों का मुंडन देवी स्थलों, कुलदेवी मंदिरों या प्रयाग जैसे तीर्थों में कराना अधिक शुभ मानते थे। क्योंकि देवी स्थानों को जीवन, ऊर्जा और पालन का प्रतीक माना गया है। यही कारण है कि तिरुपति बालाजी जैसे स्थलों पर लाखों लोग मुंडन कराते हैं, जबकि काशी विश्वनाथ में यह परंपरा सीमित रूप में ही दिखाई देती है।

हालाँकि यह कहना भी गलत होगा कि काशी में बिल्कुल मुंडन नहीं होता। यदि किसी परिवार ने विशेष मन्नत मानी हो – जैसे बच्चा स्वस्थ हो जाए तो बाबा के दरबार में बाल चढ़ाएँगे – तब लोग मुंडन कराते हैं। लेकिन इसे संस्कार से अधिक भेंट माना जाता है।

काशी के कालभैरव मंदिर में भी कुछ लोग मुंडन कराते हैं, क्योंकि कालभैरव को काशी का कोतवाल माना गया है। वहाँ यह मान्यता जुड़ी है कि वे जन्म-मरण और कर्मों का लेखा रखते हैं।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द- 7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया- 10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,51,400 रवा- 1,51,100 चांदी- टंच- 2,57,500 पाट- 2,57,500।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## वरिष्ठ स्वयंसेवक, शिव भक्त दिनेश कोठारी की अंतिम यात्रा में शामिल हुए हजारों लोग

**तनोडिया।** क्षैत्र के धर्म ध्वजवाहक कई मंदिरों का निर्माण और जीर्णोद्धार करवाने वाले धर्म की साक्षात मुर्ती व क्षैत्र में धार्मिक भावनाओं से जुडे हुए एवं संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक,सेवा और परमार्थ की प्रतिमूर्ति समाजसेवी, शिव के अनन्य भक्त, पुण्यात्मा, धर्म परायण ,भोले के नाम जाने जाते थे। और भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता थे। वो सभी के लिए समस्याओं हल करने के लिए दौड पड़ते थे। शिवशक्ति के परिचायक व ऐसे वरिष्ठ शिव भक्त दिनेश कोठारी का गत दिवस मंगलमय को हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। जैसे ही क्षैत्रभर समाचार फैला पुरा क्षैत्र शोक की लहर में फैल गई। सभी लोगों ने बुधवार को सुबह उनके निवास स्थान पर बैंड-बाजे के साथ हजारों की संख्या में उनकी अंतिम यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। तब अपने अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बच्चों से लगाकर बुजुर्ग तक सभी की आंखे नम थी। इण्डेण गैस के ललित कोठारी के भ्राताश्री व अखलेश कोठारी के पिताश्री थे। जिसमें बडी संख्या में शिव भक्त, समाजजनों, व्यापारियों, वरिष्ठ गणमान्य नागरिक सनातन भक्त मंडल के सदस्य गण आदि शामिल होकर उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## जल संरक्षण की ली शपथ



**सुसनेर।** जल गंगा संवर्धन अभियान द्वितीय चरण के तहत मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक देवेन्द्र शर्मा के निदेर्शानुसार सेक्टर क्र 3 मोडी में नवांकुर संस्था सारथी युवा मंडल मोड़ी सेक्टर 3 मोडी के समस्त प्रस्फुटन समितियों द्वारा जल स्त्रोत पुजन एवं कलश यात्राए निकाली गई। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति देवपुर द्वारा गांव में विशाल कलश यात्रा निकाली गई। वहीं गांव पायली में जल स्त्रोत पुजन कर जल संरक्षण की शपथ ली गई।साथ ही नवांकुर संस्था सारथी युवा मंडल मोड़ी द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के साथ मिलकर गांव मोड़ी , सिरपोई, माणा, कजलास में भी जल स्त्रोत पुजन एवं कलश यात्रा निकालकर कर जल संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष संतोष चौधरी, परामर्शदाता देवकरण विश्वकर्मा, सारथी युवा मंडल मोड़ी के अध्यक्ष जगदीश परमार, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष देवकरण मीणा पायली, दिनेश बरेठा, मनोहर गुर्जर, सांवलिया शर्मा , एमएसडब्ल्यू छात्र राधा पंवार, रुक्मणी पंवार सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट

### कलेक्टर व एसपी ने कार्यक्रम स्थलों का किया निरीक्षण



**शुजालपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगामी 31 मई को प्रस्तावित शुजालपुर दौरे को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। कलेक्टर ऋतु बाफना एवं पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मां शारदा सांदीपनि विद्यालय एवं शासकीय जेएनएस महाविद्यालय शुजालपुर पहुंचकर प्रस्तावित कार्यक्रमों के लिए व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान बैठक व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, हेलीपैड निर्माण, मंच व्यवस्था एवं पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके पश्चात कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों को कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करने तथा सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने के निर्देश दिए गए।

## सेवानिवृत्ति एवं विदाई समारोह में कर्मचारियों का सम्मान



**शुजालपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, शुजालपुर द्वारा आयोजित सेवानिवृत्ति एवं सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीओ शुजालपुर योगिता मार्को ने की। मुख्य अतिथि के रूप में ईई के.एस. डामोर उपस्थित रहे,जबकि विशेष अतिथि के रूप में उपयंत्री रोहन डोडियार एवं शैलेन्द्र बंडोद मौजूद रहे। समारोह में 31 मई 2026 को सेवानिवृत्त हो रहे सुरेश पाठक सहित जून 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले राजेंद्र उपाध्याय, जितेंद्र सिंघवी, गंगाराम शर्मा, बाबूलाल योगी एवं यूनुस खान का सम्मान किया गया। साथ ही उपयंत्री अमृत धाकड़ के स्थानांतरण पर विदाई समारोह भी आयोजित किया गया। सम्मानित कर्मचारियों को शाल-श्रीफ ल, पुष्पमाला एवं बाबा जटाशंकर महादेव का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण जोशी ने किया। वक्ताओं ने कर्मचारियों की कर्मनिष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण भावना की सराहना करते हुए उनके सुखद एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

### नियमों को रौंदने वाले और मनमर्जी के प्रभारों पर राज्य सरकार का तगड़ा प्रहार, गुना नपा में मची खलबली

# नपाध्यक्ष का प्रभारी सीएमओ को दो टूक, अब आपका हर आदेश और दस्तखत वित्तीय कदाचार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना

गुना सहित प्रदेश के नगरीय निकायों में पिछले लंबे समय से शासन के नियमों और कैडर व्यवस्था को ताक पर रखकर चहेते अधिकारियों को बांटे जा रहे मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) के रेवड़ी नुमा अतिरिक्त प्रभारों पर राज्य सरकार ने अब तक का सबसे बड़ा और कड़ा प्रशासनिक चाबुक चलाया है।

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्य प्रदेश के आयुक्त कैलाश वानखेड़े द्वारा जारी एक अत्यंत कड़े और दो टूक आदेश ने पूरे प्रदेश सहित गुना प्रशासनिक हलके में भारी हडकंप मचा दिया है। दरअसल आयुक्त द्वारा जारी आदेश के तहत, विभागीय फीडर कैडर और निर्धारित पदक्रम के बाहर के किसी भी अन्य विभाग या संवर्ग के अधिकारी को दिए गए सीएमओ, यंत्री और वित्त अधिकारी के तमाम




अतिरिक्त प्रभारों और संलग्नीकरणों को तत्काल प्रभाव से निरस्त (शून्य) घोषित कर दिया गया है। राज्य स्तर के इस बड़े नीतिगत निर्णय के आते ही गुना नगर पालिका में पिछले 13 महीनों से नियम विरुद्ध तरीके से चल रही प्रशासनिक व्यवस्था ताश के पत्तों की तरह ढह गई है। इस आदेश के तुरंत बाद गुना नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने कड़ा और ऐतिहासिक रुख अख्तियार करते हुए प्रभारी सीएमओ व डिप्टी कलेक्टर मंजुषा खत्री को तत्काल पद छोड़ने और आगे कोई भी शासकीय कार्य न करने का लिखित नोटिस थमा दिया है। नपाध्यक्ष ने दो टूक कहा कि इस पत्र के बाद भी आप सीएमओ के पद पर कार्य का संचालन करती हैं तो उसकी समस्त जबावदारी आपकी होगी, मेरी नहीं। जो वित्तीय अनियमितता और कदाचार की श्रेणी में होगा।

### नगरीय प्रशासन आयुक्त के कड़े आदेश

नगरीय प्रशासन आयुक्त कैलाश वानखेड़े ने अपने नए आदेश में स्पष्ट और कड़े लहजे में चेताया है कि यदि अधिकारिता विहीन जारी आदेशों के तहत निर्धारित फीडर कैडर के अलावा कोई भी अन्य अधिकारी या कर्मचारी इस पद पर कार्य करता है, तो उसे वित्तीय अनियमितता और कदाचार की श्रेणी में माना जाएगा। इतना ही नहीं, ऐसे किसी भी अनाधिकृत अधिकारी द्वारा किए गए समस्त वित्तीय लेनदेन और प्रशासनिक संव्यवहार पूरी तरह से शून्यवत (वैधानिक रूप से अमान्य) माने जाएंगे। आयुक्त ने संभाग स्तर से मनमाने ढंग से प्रभार देने की प्रक्रिया पर पूरी तरह रोक लगाते हुए अब सीधे संचालनालय को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं।

### दो दर्जन से अधिक युवाओं ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

# पुलिस, सेना में चयनित विद्यार्थियों का सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

क्षेत्र की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था द परफेक्ट कोचिंग के विद्यार्थियों ने प्रतियोगी परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफ लता हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। संस्था के 15 विद्यार्थियों का चयन मध्यप्रदेश पुलिस में, 14 विद्यार्थियों का चयन भारतीय सेना में तथा एक विद्यार्थी का चयन रेलवे में टीसी पद पर हुआ है। इस उपलब्धि पर संस्था परिसर में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने चयनित विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खादी ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष पंकज जोशी, विशेष अतिथियों में जिला महामंत्री विजय सिंह बैस, नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, समाजसेवी देवराज सिंह परमार, पूर्व पार्षद प्रवीण जोशी एवं भूतपूर्व सैनिक धर्मेंद्र परमार मंचासीन रहे।



मुख्य अतिथि जोशी ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पुलिस सेवा केवल रोजगार नहीं, बल्कि समाज एवं राष्ट्र सेवा का सशक्त माध्यम है। उन्होंने युवाओं को ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी। साथ ही संस्था के संचालकों एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना अत्यंत सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने विद्यार्थियों की सफलता को कठिन परिश्रम, सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास का परिणाम बताते हुए संस्था की शैक्षणिक गतिविधियों की प्रशंसा की। अतिथियों ने संस्था के संचालक एवं शिक्षकगण की कार्यशैली, विद्यार्थियों के मार्गदर्शन और शिक्षा के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

संस्था के संचालक एवं शिक्षक श्याम परमार ने बताया कि संस्था का उद्देश्य ग्रामीण एवं सामान्य परिवारों के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर मार्गदर्शन उपलब्ध कराकर उन्हें सफ लता दिलाना है। कार्यक्रम में शिक्षकगण विजेंद्र, जितेंद्र, अरमान एवं राज चौहान की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन श्याम परमार व आभार विजेंद्र सिसोदिया ने माना।

## नगर परिषद् ने किया बस स्टैंड तालाब के गहरीकरण कार्य का शुभारंभ

**सुसनेर।** नगर के बस स्टैंड स्थित प्राचीन तालाब को नया स्वरूप देने की दिशा में नगर परिषद द्वारा गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य की शुरूआत कर दी गई है। नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी के निर्देश पर शुरू हुए इस अभियान में नगर परिषद के साथ-साथ जनसहयोग भी देखने को मिल रहा है। तालाब को स्वच्छ, गहरा एवं आकर्षक बनाने के उद्देश्य से बड़े स्तर पर कार्य प्रारंभ किया गया है। तालाब में लंबे समय से फैली जलकुंभी को हटाने के बाद अब गहरीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। कार्य में दो जेसीबी मशीनें, एक डंपर तथा दर्जनभर से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लगाई गई हैं। मशीनों की मदद से तालाब की तलहटी से मिट्टी निकाली जा रही है, जिससे तालाब की जल संग्रहण क्षमता बढ़ सकेगी। निकाली गई मिट्टी को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से अन्य स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि तालाब केवल जल स्त्रोत ही नहीं बल्कि नगर की पहचान भी है। आने वाले समय में यहां व्यापक स्तर पर सौंदर्यीकरण कार्य किए जाएंगे। तालाब के समीप स्थित पहाड़ी पर भगवान शिव की भव्य प्रतिमा स्थापित करने की योजना बनाई गई है। इसके अलावा बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, हरियाली एवं अन्य विकास कार्य भी प्रस्तावित हैं, जिससे यह क्षेत्र धार्मिक एवं पर्यटन दृष्टि से भी आकर्षण का केंद्र बन सके। उन्होंने बताया कि तालाब का गहरीकरण होने से बारिश के दौरान अधिक मात्रा में पानी संग्रहित हो सकेगा, जिससे जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

## खादी बोर्ड के अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**अकोदिया।** मध्यप्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष पंकज जोशी का बुधवार दोपहर 3 बजे पोलायकलां में प्रथम नगर आगमन हुआ। इस अवसर पर नगर में उनका जोरदार स्वागत किया गया। नगर प्रवेश करते ही भाजपा कार्यकताओं, व्यापारियों और नगरवासियों ने प्रमुख मार्गों पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। ढोल-नगाड़ों और जयघोष के साथ उनका स्वागत किया गया। जगह-जगह स्वागत मंच बनाए गए थे, जहां कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों ने उन्हें सम्मानित किया। भाजपा नेत्री बीना माहेश्वरी के आवास पर मुख्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। यहां पंकज जोशी का तिलक लगाकर और अपर्णा ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

# पीएचई विभाग के संविलियन के विरोध में कर्मचारियों की हुंकार

### ■ चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पीएचई को बंद कर कर्मचारियों के अन्य विभागों में संविलियन एवं प्रतिनियुक्ति किए जाने की चचाओं के विरोध में शाजापुर जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। फ्रीगंज स्थित किसोनी जोड़ सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कर्मचारियों ने शासन की मंशा पर नाराजगी जताते हुए एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया। बैठक में मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि शासन द्वारा विभाग को बंद करने अथवा कर्मचारियों के संविलियन संबंधी निर्णय वापस नहीं लिया गया तो आने वाले समय में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।




कर्मचारी संगठनों ने आरोप लगाया कि यदि पीएचई विभाग का अन्य विभागों में विलय किया गया तो ग्रामीण क्षेत्रों की शुद्ध पेयजल व्यवस्था प्रभावित होगी तथा गांवों में पेयजल संकट गहरा सकता है। कर्मचारियों ने कहा कि वर्तमान में भीषण गर्मी के बीच मैदानी अमला लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के लिए कार्य कर रहा है। जानकारी के अनुसार कर्मचारियों का संविलियन जनपद पंचायत, आरईएस विभाग, जल निगम एवं नगर परिषद में किए जाने की चर्चाएं चल रही हैं। बैठक में आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने पर भी चर्चा की गई। इसमें कार्यपालन यंत्री शाजापुर, सहायक यंत्री शुजालपुर, उपयंत्री, ब्लॉक समन्वयक, पीएमयू स्टॉफ , हैंडपंप तकनीशियन, नियमित, कार्यभारित,दैनिक वेतनभोगी,संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राजगढ़ पुलिस द्वारा चंदन चोर गिरोहों का पर्दाफाश

**ब्यावरा।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत शासकीय परिसरों एवं अधिकारियों के आवासों से लगातार चंदन चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं। वन विभाग परिसर, जिला न्यायालय प्रशासनिक अधिकारी आवास एवं एसडीएम बंगले से अज्ञात आरोपियों ने रात्रि के समय चंदन के पेड़ काटकर चोरी किए थे। घटनाओं पर थाना कोतवाली में अपराध बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किए। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित कर लगातार निगरानी एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। पुलिस ने पुर्व में आरोपी शाकिर अली पिता मुकीम अली ग्राम चतरूखेड़ी सारंगपुर, मुबारिक पिता रमजानी खां चतरूखेड़ी सारंगपुर, अयान पिता आजाद शेख चतरूखेड़ी सारंगपुर को गिरफ्तार किया।


## जाहिर सूचना

विकेतागण तुफानसिंह चौहान पिता जुवानसिंहजी चौहान जाति सौंधिया, सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने निवासीग्राम लसुडिया गोयल तहसील झारडा एवं रूगनाथ पिता कचरूलालजी जाति नाई निवासी ग्राम मालीखेड़ा तहसील महिदपुर जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं प्रत्यक्ष आधिपत्य की ग्राम काचरिया तहसील झारड़ा अनुभाग महिदपुर जिला उज्जैन स्थित कृषि भूमि सर्वे नम्बर 57/2 रकबा 0.35 हैक्टयर एवं सर्वे नम्बर 58 रकबा 0.31 हैक्टयर कृषि भूमियों को कय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है, तथा अनुबंध पत्र भी निष्पादित करवा लिया है, तथा शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त कृषि भूमियों में कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, सहुकारी या किसी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे सम्बंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में आकर प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद अवधि मेरा पक्षकार उक्त विक्रेतागण से उक्त कृषि भूमियों का रजिस्टर्ड विकय पत्र का पंजीयन करवा लेवेगा, तथा कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांकः-28-05-2026

**अतुल लश्करी एडव्होकेट**
**कार्यालय 9, लक्ष्मीबाई पथ, छीपा बाखल,**
**महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश**
**मो. न. 9669443020**




## एसडीएम राघौगढ ने किया साडा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण

**गुना।** कलेक्टर किशोर कन्याल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आज एसडीएम राघौगढ़ अमित सोनी द्वारा साडा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री सोनी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा कर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही डॉक्टर्स एवं स्वास्थ्य स्टाफ की उपस्थिति, ओपीडी व्यवस्था, मेडिसिन स्टॉक रूम, अस्पताल परिसर की साफ-सफाई तथा एनआरसी में भर्ती महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न रजिस्टरों जैसे ओपीडी रजिस्टर, उपस्थिति रजिस्टर, दवा वितरण रजिस्टर एवं अन्य अभिलेखों का भी परीक्षण किया गया तथा आवश्यक सुधार एवं नियमित संधारण के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं सुचारू बनाने के उद्देश्य से विभिन्न आवश्यक कार्यों एवं व्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने हेतु रोगी कल्याण समिति की बैठक आगामी सप्ताह प्रस्ताव सहित आयोजित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट लोकेंद्र शर्मा, बीएमओ डॉ. धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सीडीपीओ संतोष अलावा सहित डॉक्टर, स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 45 डिग्री पारे पर भी महाराज ने धूनी रमाई

तनोडिया। आगर रोड पर स्थित कैलाश टेकरी पर आस्था , अध्यात्म और कड़े तप का अनोखा दृश्य देखने को मिला। गंगा दशमी पर्व पर मंगलवार को स्थित हनुमान मंदिर के पास यहां आयोजित धूनी तपस्या क्षेत्र के भक्तों के लिए आस्था का केंद्र बनी हुई थी। चिलचिलाती धूप और 45 डिग्री के झुलसा देने वाले तापमान के बिच मंहत विष्णुदास त्यागी की यह कठिन साधना कौतुहल और श्रद्धा का विषय है। इस धुप में धूनी में लीन हैं। यह मंगलवार को सुबह 9 बजे 11 बजे रहे। इसके बाद महाआरती कर भंडारा आयोजित किया गया। इसके पुर्व 24 घंटे के लिए रामायण पाठ किया गया। रात्रि में भंजन किर्तन किया गया। बडी संख्या में आसपास गांवों के भक्त शामिल हुए।

## गुजरात से चोरी आइशर वाहन बरामद, दो चोरों को किया गिरफ्तार



**बदनावर।** कानवन पुलिस ने गुजरात के खेड़ा जिले से चोरी हुए एक आईसर वाहन को बरामद किया है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को तब पकड़ा, जब वे चोरी का वाहन बेचने के इरादे से सादलपुर से नागदा-कानवन की ओर आ रहे थे। पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारुल वेलापुरकर के निर्देशन में तथा एसडीओपी अरविंदसिंह तोमर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार बारिया और उनकी टीम ने यह कार्रवाई की। मंगलवार रात पुलिस को सूचना मिली थी कि दो युवक चोरी का आईसर वाहन बेचने के लिए ला रहे हैं। इस सूचना पर कानवन पुलिस टीम मनासा फाटा स्थित महू-नीमच फोरलेन रोड पर पहुंची। पुलिस ने संदिग्ध आईसर वाहन को रोका, जिस पर उसमें सवार दोनों युवक भागने का प्रयास करने लगे। हालांकि, पुलिस ने उन्हें तुरंत पकड़ लिया।


## कार्यालय नगर परिषद् तराना जिला उज्जैन (म.प्र.)

Notice Inviting e-Tenders
Government of Madhya Pradesh
Urban Administration and Development Department

**N.I.T. No/E-tender/Tarana/2026/986** **Dated 27/05/2026**

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

| S. No. | Name of Work | District | Probable Amount of Contract (Rs.in lakh) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rupees) | Cost of Bid Document (In Rupees) | Period of Completion (in Months) | Tendar Call |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | CC DRAIN WARD 13 DARGAH TO ASLAM VELDING 2026_UAD_510481_1 | Ujjain | 9.73 lacs | 9737/- | 2000/- | 03 MONTH | I |
| 02 | CC DRAIN WARD 10 Lakhan Bhati To Mistri Home Main Rode 2026_UAD_510497_1 | Ujjain | 5.64 lacs | 5647/- | 2000/- | 03 MONTH | I |
| 03 | CC DRAIN WARD 10 NIKESH CHOUHAN HOME TO JAJU HOME 2026_UAD_510773_1 | Ujjain | 6.56 lacs | 6567/- | 2000/- | 03 MONTH | I |
| 04 | CC DRAIN WARD 10 SHAILENDRA PATRKAR TO MAIN RODE 2026_UAD_510778_1 | Ujjain | 4.43 lacs | 4439/- | 2000/- | 03 MONTH | I |
| 05 | CC OVER-LAY WARD 10 GANESH PATEL HOME TO MATA JI TEMPAL 2026_UAD_510785_1 | Ujjain | 4.56 lacs | 4560/- | 2000/- | 03 MONTH | I |
| 06 | Construction of CC RODE WARD NO.03 2026_UAD_510793_1 | Ujjain | 7.59 lacs | 7595/- | 2000/- | 03 MONTH | II |
| 07 | Vehicle Hiring for FY 2026-27 2026_UAD_510869_1 | Ujjain | 10.00 lacs | 10000/- | 2000/- | 31-03-2027 | I |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://mptenders.gov.in.

(विरेन्द्रकुमार मेहता)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् तराना, जिला उज्जैन

## बहू से दुष्कर्म के दोषी ससुर को 15-15 वर्ष के कठोर कारावास की सजा

**शुजालपुर।** चतुर्थ अपर सत्र न्यायालय शुजालपुर ने आरोपी ससुर आरिफ खां को अपनी बहू के साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी ठहराते हुए कठोर सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी को अलग-अलग धाराओं में 15-15 वर्ष के कठोर कारावास एवं कुल 1200 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन के अनुसार पीड़िता का निकाह करीब दो वर्ष पूर्व हुआ था। उसका पति रोजगार के सिलसिले में इंदौर में रहकर काम करता था, जिसके चलते पीड़िता ससुराल में अन्य परिजनों के साथ रहती थी। इसी दौरान आरोपी ससुर ने घर में अकेला पाकर पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने किसी को जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर घटना की जानकारी अपने पति एवं सास को दी, लेकिन दोनों ने उसकी बात पर विश्वास नहीं किया। बताया गया कि इसके बाद आरोपी ने दोबारा मौका पाकर पीड़िता के साथ फिर दुष्कर्म किया। लगातार हो रही प्रताड़ना और मानसिक दबाव से परेशान होकर पीड़िता ने अपने पिता एवं भाई को बुलाया और मायके जाने का निर्णय लिया। मायके पहुंचने के बाद पीड़िता ने परिजनों के साथ पुलिस थाने पहुंचकर आरोपी ससुर के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की और आवश्यक साक्ष्य जुटाने के बाद न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई चतुर्थ अपर सत्र न्यायालय शुजालपुर में हुई। शासन की ओर से एजीपी ने न्यायालय के समक्ष साक्ष्य एवं गवाह प्रस्तुत किए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और उपलब्ध साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद न्यायालय ने आरोपी आरिफ खां को दोषी करार देते हुए विभिन्न धाराओं के तहत 15-15 वर्ष के कठोर कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई।

## एकादशी पर ताली कीर्तन श्याम भजनों पर झूमे श्रद्धालु



**शुजालपुर।** पुरुषोत्तम मास की पद्मिनी एकादशी पर नगर के शनि धाम स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही बाबा श्याम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। इस अवसर पर अकोदिया नरेश का आकर्षक श्रृंगार कर मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया। शाम 5.30 बजे बाबा की अखंड ज्योत प्रज्वलित कर छप्पन भोग अर्पित किया गया। इसके बाद एक शाम खाटू वाले के नाम ताली कीर्तन का आयोजन हुआ। भजन गायक सतीश अग्रवाल चाटूखेड़ा एवं दीपक सिसोदिया अकोदिया ने श्याम भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिस पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। पूरा मंदिर परिसर श्याम नाम के जयकारों से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम के दौरान श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट अकोदिया की ओर से भजन गायकों का शाल, श्रीफल एवं बाबा श्याम की तस्वीर भेंटकर सम्मान किया गया। एकादशी सेवा का लाभ ट्रस्ट के शाजापुर जिला अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार गेहलोत ने लिया। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरित की गई।

## ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस ने मनाई पं. नेहरू की पुण्यतिथि

**शुजालपुर।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने पंडित नेहरू के जीवन एवं स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश की आजादी एवं आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वक्ताओं ने बताया कि पंडित नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद में हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा के बाद वे इंग्लैंड गए, जहां कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से प्राकृतिक विज्ञान में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। भारत लौटने के बाद वे स्वतंत्रता आंदोलन से सक्रिय रूप से जुड़ गए। उन्होंने असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह एवं भारत छोड़ो आंदोलन सहित कई आंदोलनों में भाग लिया और कई बार जेल भी गए। 1929 में वे कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन के अध्यक्ष चुने गए, जहां पूर्ण स्वराज का लक्ष्य निर्धारित किया गया। स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश के विकास और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड़, शहर अध्यक्ष रईस पठान,पार्षद बल्ला सोनी, विशाल शर्मा,विष्णु शमा, कैलाश कुशवाह, जिला महामंत्री मनोहर जाटव, भोजराज परमार,अंकुर जैन,अवधेश परमार सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एकादशी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**शुजालपुर।** ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष के पुरुषोत्तम मास की पावन एकादशी के अवसर पर गणेश मंदिर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कायक्रम में जन अभियान परिषद कालापीपल के ब्लॉक समन्वयक धनसिंह धनगर एवं परामर्शदाता हनुमंत सिंह परमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने उपस्थित माता-बहनों को अधिक मास में किए जाने वाले जप, तप, हवन, यज्ञ, दान-पुण्य के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पुरुषोत्तम मास में किए गए धार्मिक एवं पुण्य कार्यों का विशेष महत्व होता है। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक समन्वयक धनसिंह धनगर द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र को दान स्वरूप एक पंखा भेंट किया गया। इस पहल की उपस्थितजनों ने सराहना की। कार्यक्रम के अंत में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ममता यादव ने अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

# ईदगाह और मस्जिदों में अता हुई नमाज, ईद उल अजहा हर्षोल्लास से मनाया

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर









त्याग, बलिदान और आपसी भाईचारे का प्रतीक ईद-उल-अजहा (बकरीद) का मुकद्दस पर्व गुरुवार को शहर सहित पूरे जिले में अकीदत और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर मुस्लिम समाज में खासा उत्साह नजर आया। सुबह से ही नए परिधानों में सजे अकीदतमंदों का हुजूम शहर और ग्रामीण अंचलों की प्रमुख मस्जिदों व ईदगाहों की ओर उमड़ पड़ा। सामूहिक नमाज के बाद समाजजनों ने मुल्क में शांति, सौहार्द, तरक्की और खुशहाली के लिए परवरदिगार से खुसूसी दुआएं मांगी। जिलेभर की ईदगाहों और मस्जिदों में सामूहिक नमाज के साथ ही तीन दिवसीय ईद-उल-अजहा के त्योहार का विधिवत आगाज हो गया। ईद की नमाज गिरवर स्थित ईदगाह मस्जिद में अदा की गई, जहां अब्दुल गफ्फार साहब ने नमाज पढाई और शहर काजी रेहमत उल्ला साहब ने खुत्बा पढ़ा। इसके बाद सभी ने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाया और ईद की मुबारकबाद दी।

नमाज से निवृत होने के बाद समाजजन सीधे कब्रिस्तान पहुंचे, जहां उन्होंने अपने मरहूम (मृत) परिजनों की कब्रों पर फातिहा पढ़कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद परंपरा के अनुसार सुन्नत-ए-इब्राहिमी को अदा करते हुए घरों में का सिलसिला प्रारम्भ हुआ, जो शनिवार तक चलेगा। त्योहार के इस उल्लास भरे माहौल में बड़ी संख्या में ईदगाह पहुंचे समाजजनों को बधाई और शुभकामनाएं देने के लिए शहर के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस महकमा भी मौजूद रहा। इसके अतिरिक्त, शहर की विभिन्न अन्य मस्जिदों में भी ईद की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से पढ़ी गई।

### ईद-उल-अजहा पर ईदगाहों पर झुके नमाजियों के सिर

**गुना।** ईद का यह पावन त्योहार हमें

प्यार, इंसानियत, भाईचारे, त्याग और एकता का संदेश देता है। तो आइए इस मुबारक मौके पर हम सब मिलकर धर्म, जाति और ऊंच-नीच के भेदभाव को भूलकर एक-दूसरे का सम्मान करें और

देश में मोहब्बत, अमन और भाईचारे को मजबूत बनाएं। दुआ है कि यह ईद हर घर में खुशियां, तरक्की, सुकून और बरकत लेकर आए। हर चेहरा मुस्कुराता रहे और हर परिवार खुशहाल और सलामत रहे। हम सभी की एकता ही हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत है। ईद-उल-अजहा के इस खास मौके पर सोशल मीडिया प्लेट फॉर्म से लेकर ईदगाहों, मस्जिदों में इस साथ सिर झुकाकर देश में अमन चैन की दुआ मांगी। वहीं एक दूसरे से गले मिलकर समस्त देशवासियों को दिली मुबारकबाद दी। भाईचारे, त्याग और समर्पण का प्रतीक यह त्योहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) जिला मुख्यालय सहित पूरे अंचल में अकीदत, अदब और बेहद हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरुवार सुबह से ही शहर की तमाम मस्जिदों और ईदगाहों पर मजहबी उल्लास का माहौल नजर आया। त्योहार की मुख्य नमाज सुबह 7:30 बजे मुख्य ईदगाह पर अदा की गई, जिसके बाद ईदगाह बाड़ी स्थित बड़ी ईदगाह पर सुबह 9:30 बजे हजारों अकीदतमंदों ने अल्लाह की बारगाह में सिर झुकाया। नमाज के मुकम्मल होने के बाद इमाम साहब के नेतृत्व में सामूहिक रूप से बारगाह-ए-इलाही में हाथ उठाकर मुल्क और सूबे की तरक्की, आपसी सौहार्द, अमन-चैन और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं। जैसे ही नमाज संपन्न हुई, पूरा परिसर ईद मुबारक की सदाओं से गूंज उठा। लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी। जहां बुजुर्गों ने बच्चों को प्यार दुलार के साथ ईदी (उपहार या नगद राशि) बांटकर उनके चेहरों पर खुशियां बिखेर दीं।

### ईदगाह पर नमाज अदा की

**शुजालपुरल।** ईद उल अजहा का पर्व शहर में गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ परंपरागत रूप से मनाया गया। शहर में ईदगाह व ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में मुस्लिम समाजजनों ने सामूहिक रूप से नमाज अदा कर अमन चैन, खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी। सुबह से ही नमाज को लेकर उत्साह का माहौल बना रहा। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। सिटी में ईदगाह पर सुबह 8 बजे मुख्य नमाज अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। इसके अलावा शहर की विभिन्न मस्जिदों में भी विशेष नमाज अदा की गई। ईद की नमाज के उपरांत परंपरा अनुसार कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। पर्व को लेकर बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# कलेक्टर ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का किया शुभारंभ

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन में गुरुवार जिला कलेक्ट्रेट सभागार में दिव्यांगजन जागरूकता, संवेदनशीलता एवं समावेशी अभिसरण योजना विषयक तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य दिव्यांगजन के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के साथ-साथ विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय स्थापित कर समावेशी एवं अधिकार-आधारित सेवाओं को सुदृढ़ करना है।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि जो भी संस्था अथवा फाउंडेशन समाजहित में कार्य कर रही है, उनके प्रयासों का सम्मान किया जाना चाहिए तथा प्रशासन द्वारा ऐसे सकारात्मक कार्यों में हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस तीन दिवसीय कार्यशाला का लाभ सभी प्रतिभागियों को मिलेगा, विशेष रूप से उन दिव्यांगजन भाई-बहनों को, जिनके कल्याण एवं सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

कलेक्टर श्री कन्याल ने समृद्धि केंद्र की जानकारी देते हुए बताया कि देश में केवल तीन समृद्धि केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें से एक गुना जिले में संचालित है। उन्होंने बताया कि इस योजना की शुरुआत केंद्रीय मंत्री एवं सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी। समृद्धि केंद्र के माध्यम से दिव्यांगजन को डिस्टेंस लर्निंग कार्यक्रमों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।

कार्यशाला का संचालन पुणे की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया जा रहा है।



संस्था के निदेशक एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित विशेषज्ञ समीर घोष ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि गुना जिले में आयोजित यह कार्यशाला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से संचालित राष्ट्रीय पायलट पहल का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इस मॉडल पर देश के 10 जिलों में कार्य किया जाना प्रस्तावित है तथा इस पहल के प्रथम जिले के रूप में गुना का चयन होना जिले के लिए गौरव का विषय है।

उन्होंने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य केवल जागरूकता तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय, आजीविका, लोक निर्माण, आपदा प्रबंधन, जल एवं स्वच्छता जैसे विभागों के मध्य समन्वित एवं समावेशी कार्यप्रणाली विकसित करना भी है, ताकि दिव्यांगजन हेतु प्रभावी सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को अनुभवात्मक गतिविधियों, संवाद एवं समूह अभ्यासों के माध्यम से दिव्यांगजन से जुड़े सामाजिक, व्यवहारिक एवं प्रशासनिक पहलुओं के प्रति संवेदनशील बनाया जाएगा। साथ ही समावेशी संचार, विभागीय भूमिकाएं, आपदा प्रबंधन में दिव्यांगजन की आवश्यकताएं तथा रिजल्ट बेस्ड मैनेजमेंट जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी।

उक्त आयोजित कार्यशाला में डॉ. प्रवीक वशिष्ठ, प्रॉस्थेटिस्ट एवं ऑर्थोटिस्ट तथा पुनर्वास विशेषज्ञ (दिल्ली) एवं सुश्री कृपाली बिदाये, समावेशन एवं इंटरसेक्शनैलिटी विषय की विशेषज्ञ परामर्शदाता (मुंबई) द्वारा विभिन्न तकनीकी सत्रों का संचालन किया जाएगा। जिला स्तर पर ऐसी समावेशी कार्यप्रणाली विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे भविष्य में योजनाओं, सेवाओं एवं संसाधनों तक दिव्यांगजन की पहुंच और भागीदारी को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। कार्यशाला के दौरान सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग दिनेश चंदेल सहित संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# इलाज के बहाने घर आए डॉक्टर ने महिला से की छेड़छाड़, राज खोलने पर दी जान से मारने की धमकी

**शाजापुर।** जिले के सुनेरा थाना क्षेत्र में चिकित्सा के पेशे को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। यहां एक स्थानीय डॉक्टर पर इलाज के दौरान महिला मरीज के साथ अश्लील हरकत करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगा है। पीडि़ता की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महिला थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीडि़ता ने अपने पति के साथ थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। महिला ने बताया कि 21 मई 2026 को सुबह करीब 11 बजे उसे अचानक पेट में तेज दर्द उठा था। तबीयत बिगड़ती देख पति गांव के ही रहने वाले डॉक्टर जितेंद्र को इलाज के लिए घर बुलाकर लाया था। पीडि़ता का आरोप है कि जांच के दौरान डॉक्टर ने उसके पति को गर्म पानी लाने के बहाने रसोई में भेज दिया। पति के कमरे से जाते ही डॉक्टर ने उसके साथ गलत नीयत से छेड़छाड़ शुरू कर दी और उसे जबरन गले लगाने की कोशिश की। अचानक हुई इस हरकत पर जब शोर मचाया, तो रसोई से उसका पति दौड़कर कमरे में आ गया। पकड़े जाने के डर से डॉक्टर वहां से भाग निकला, लेकिन जाते-जाते उसने धमकी दी कि यदि इस घटना के बारे में किसी को बताया तो वह उन्हें जान से मार देगा। घटना के वक्त पीडिता के सास-ससुर गांव से बाहर गए हुए थे, जिस कारण शिकायत करने में थोड़ी देरी हुई। जब सास-ससुर वापस लौटे, तो पीडि़ता ने उन्हें पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों के साथ मिलकर पति-पत्नी ने थाने पहुंचकर आरोपी डॉक्टर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीडि़ता की शिकायत के आधार पर आरोपी डॉक्टर के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी डॉक्टर फरार बताया जा रहा है, जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## डिवाइडर से टकराई कार, दो घायल

**शाजापुर।** जिले से गुजरने वाले नेशनल हाईवे-52 पर देर रात चालक को नींद की झपकी आने के कारण एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। इस हादसे में कार सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह हादसा सुनेरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अभयपुर ब्रिज के पास बुधवार रात करीब 3 बजे हुआ। एक स्विफ्ट कार उज्जैन से सारंगपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान कार चालक को नींद की झपकी आ गई और वह स्टीयरिंग से अपना नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित कार सीधे डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1- श्रीमती हरू बाई पति स्व. श्री रामा जी, 2 कान्हा पिता स्व. श्री रामा जी. 3. श्रीमती सीमा बाई पति श्री टीकम सिंह पुत्री स्व. श्री रामाजी निवासीगण ग्राम नलवा तहसील व जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 482/1/1 रकबा 0.8100 हेक्टेयर भूमि, स्थित ग्राम नलवा पटवारी हल्का नंबर 01 तहसील व जिला उज्जैन में है, उक्त वर्णित कृषि भूमि को कय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से बयाना राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का संपादन करवाया जाना है यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिकी या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी। सो सूचित हो ।

इति दिनांक 28/05/2026

**श्रीमती पुष्पा शर्मा ( चौधरी ) ( एडवोकेट )**
**कार्यालय - सीएफ-2, भरतपुरी कॉम्पलेक्स,**
**देवास रोड, उज्जैन मो. 79876-46909**

# मोदी सरकार की उपलब्धियां जनजन तक पहुंचायेंगी भाजपा

**गुना।** सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याणभारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 12 सफल वर्ष पूर्ण किए हैं। इन वर्षों में देश ने विकास, आत्मनिर्भरता, डिजिटल क्रांति, आधारभूत संरचना, विदेश नीति तथा जनकल्याण के क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आज वैश्विक मंच पर एक सशक्त एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं वंचित वर्गों के उत्थान हेतु अनेक जनकल्याणकारी योजनाएँ प्रभावी रूप से संचालित की गई हैं, जिनका लाभ करोड़ों नागरिकों तक पहुँचा है।

ये बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री एवं 12 साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के कार्यक्रम के संभागीय प्रभारी लोकेन्द्र पाराशर ने आयोजित विचार गोष्ठी के दौरान उपस्थित अपेक्षित कार्यकर्ताओं के समक्ष अपने संवोधन में कही। जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने गरीब,शोषित वर्गों के उत्थान हेतु उल्लेखनीय कार्य किये हैं जो विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में तीव्र गति से आगे बढ़ रही है ।

मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के बारह वर्ष पूर्ण होने पर पाँच जून से इक्कीस जून तक विभिन्न सामाजिक, जनसेवा, पर्यावरण संरक्षण, जनसंवाद आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिनके सफल क्रियान्वयन के लिए जिला टोली बनाई गई है। जिसमें जिला महामंत्री संतोष धाकड़ को संयोजक, वहीं जिला उपाध्यक्ष शिवपाल परमार, जिला मंत्री अनिल जैन, जिला मंत्री वीर बहादुर सिंह यादव एवं कुसुमलता कुशवाह को सह संयोजक बनाया गया है। विचारगोष्ठी में नपा अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता, जिला महामंत्री रविन्द्र रघुवंशी, चन्द्रप्रकाश अहिरवार मंचासीन रहे।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जितेन्द्र सिंह पिता श्री यशवंत सिंह निवासी- 26 ग्राम अरोलिया जस्सा तहसील नागदा जिला उज्जैन के द्वारा ऋय अनुबधींत कृषि भूमि सर्वे ऋमांक 676/2 रकबा 0इ600है. ग्राम गुराडिया पित्रामल तहसील नागदा जिला उज्जैन मे स्थित है। उपरौक्त वर्णित सर्वे ऋमांक की कृषि भूमि को ऋय किये जाने का सर्वोक्त ऋ्रण भार से मुक्त मालिकाना अधिकारो सहीत लिखित अनुबंध मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार के हित मे नियत अवधि मे विऋय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित सर्वे क्रमांक की कृषि भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त भूमि पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय मे कार्यालयीन समय सायं 05 से 07 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित सर्वे ऋमांक की कृषि भूमि के विऋय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हित मे करवा लिया जावेगा व अवधि सामप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 28/05/2026

**सर्विस प्रोवाईडर यशपाल गेहलोत**
**कार्यालय सीएफ-3 भरतपुरी काम्पलेक्स**
**उज्जैन मो. नं. 88397-42938**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधरण को इस जाहिर सचना के माध्यम से सावधान किया जाता है कि हमारे पक्षकारगण श्री रितेश आंजना पिता श्री हीरालाल आंजना, श्री मनोज आंजना पिता श्री हीरालाल आंजना निवासीगण 151 ग्राम आम्बाचंदन तहसील महू जिला इन्दौर म.प्र. के द्वारा भूमि स्वामीगण श्री बहादुर सिंह पिता श्री रामसिंह, श्री मांगीलाल पित श्री रामसिंह जी सीमा पिता श्री रामसिंह जी, रामसिंह पिता श्री रूगनाथ सिंह जी, निवासी- ग्राम पगारा तहसील उन्हेल जिला उज्जैन म.प्र. के सहस्वामित्व एवं सह आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 320 रकबा 0.8500 हेक्टर, एवं सर्वे क्रमांक 300 रकबा 1.4300 हेक्टर, कुल रकबा 2.2800 हेक्टर, जो कि ग्राम पगारा तहसील उन्हेल नागदा जिला उज्जैन से मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय अनुबधं निष्पादित कर बयाना राशि का भुगतान भी कर दिया गया है। तथा शेष बची विक्रय मूल्य की राशि अदा करके मेरे पक्षकार के हित में उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन एंव पंजीयन किया शेष है। विकीत अनुबंधं के अनुसार भूमि की वैध नपती सरकारी भूमि को छोडकर नपती करवाया जाना तय हुआ है। परन्तु विक्रेतागण के द्वारा आज दिनांक तक उक्त नपती करवाकर मेरे पक्षकारगण को नही दी जा रही है। जिसके सम्बध में मेरे पक्षकार के द्वारा विधिवत जाहिर सूचना का प्रकाशित कर प्रेषित किया गया है। इसलिए उपरोक्त सर्वे नम्बरों की भूमि को कोई भी व्यक्ति क्रय किये जाने के सम्बध में कोई अनुबंध, करार, भारित आदि ना करे यदि ऐसा किसी के व्यक्ति, संस्था द्वारा किया जाता है। तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी ना होकर उससे होने वाली हानि का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। एदतानुसार सूचित किया जाता है। इति दिनांक 28.05.2026

**श्रीमती शिवांगिनी निलेश धाकड. ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**कार्यालय - डी एफ 12 प्रथम मंजिल भरतपुरी कॉम्पलेक्स**
**देवास रोड उज्जैन म.प्र. मो 907422050**

## डॉक्टर छगनलाल बागड़ी का निधन

**नीमच।** लखेरा समाज के पूर्व राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं समाज के आधार स्तंभ आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉक्टर छगनलाल बागड़ी निवासी नीमच सिटी का 100 वर्ष की आयु में एकादशी बुधवार 27 मई को शाम 5 बजे पुखरत्न अस्पताल में उपचार के दौरान देवलोक गमन हो गया है। शव यात्रा आज गुरुवार 28 मई को सुबह 11 बजे निज निवास नीमच सिटी से नीमच सिटी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।स्वर्गीय छगनलाल बागड़ी, लखेरा समाज नीमच के सचिव सुरेश चंद, कैलाश ,कृष्णकांत के पिता, बृजेश मुकेश कमल , कुलदीप के दादाजी, श्रेयांश राजवीर दर्शील निहित के पड दादाजी थे।स्वर्गीय छगनलाल बागड़ी ने 1951 में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के रूप में सेवाएं प्रारंभ की और 1985 में 34 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत हो गए थे। डॉक्टर साहब का जीवन सभी के लिए प्रेरणादायक रहा। समाज के उत्थान, मंदिर निर्माण एवं धार्मिक आयोजनों में आपका योगदान_सदैव अविस्मरणीय रहा है।

## दो सड़क हादसों में दो लोगों की जान चली गई

**मन्दसौर।** जिले में दो सड़क हादसों में दो लोगों को अपनी जान गवाना पड़ी। पुलिस ने मर्ग की जांच पर आरोपी बस क्र. एमपी 14 पी 07422 के चालक के खिलाफ सीतामऊ थाने पर व शामगढ़ थाने पर आरोपी ट्रक क्र. आरजे 52 जीए 2569 के चालक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया। सड़क हादसा जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र के कयामपुर सुवासरा रोड़ ग्राम रहीमगढ़ पर 25 मई को आरोपी बस के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलकर एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मोटरसायकल पर सवार एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। इसी प्रकार एक अन्य हादसा शामगढ़ थाना क्षेत्र शामगढ़ सुवासरा रोड़ पर ग्राम बलाई खेड़ा पर ट्रक के चालक ने विष्णु (45) पिता रतनलाल जाति बलाई निवासी टकरावद की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे मृतक विष्णु को चोट लगने पर उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने इन दोनों प्रकरणों में आरोपी के खिलाफ संबंधित थाने पर बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

## एसडीएम ने किया अस्पतालों व होटलों का औचक निरीक्षण

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार बुधवार को एसडीएम मनासा सुश्री किरण आंजना के नेतृत्व में मनासा नगर के निजी चिकित्सालयों, होटलों एवं शॉपिंग मॉल का औचक निरीक्षण किया गया। जांच दल में तहसीलदार, सीएमओ, विद्युत सुरक्षा, पीडब्ल्यूडी, एमपीईबी व नगर परिषद के अधिकारी शामिल रहे। एसडीएम सुश्री किरण ने उत्तर जानकारी देते हुए बताया कि जांच दल द्वारा गणपत होटल में अस्वच्छता व गंदगी मिलने पर मावे का सैंपल लेकर होटल सील किया गया। बालू होटल में बिना लाइसेंस मावा निर्माण पर 5100 रुपये का स्पॉट फाइन कर परिसर सील किया गया। लीलावती हॉस्पिटल का मेडिकल स्टोर बिना फार्मासिस्ट के संचालित पाए जाने पर मौके पर बंद कर सील किया गया। गांधी सुपर स्टोर मार्ट में एक्सपायरी फायर उपकरण मिले, जिन्हें बदलने के निर्देश दिए। तुलसी किरण मार्ट में एक्सपायरी खाद्य सामग्री जब्त कर नष्ट की गई।

## कांग्रेस वरिष्ठ नेता अनिल शुक्ला का निधन

**नीमच।** रतलाम जिले के ताल के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष व नगर परिषद अध्यक्ष अनिल कुमार शुक्ला का लंबी बीमारी के बाद बुधवार को निधन हो गया। यह समाचार जानकर ताल नगर सहित क्षेत्र मे शोक व्याप्त हो गया। गुरुवार को उनके ताल स्थित निवास से निकली अंतिम यात्रा मे समाज जनों, गणमान्य नगर वासियो सहित बड़ी संख्या मे लोग सम्मिलित हुए। पूरे मार्ग मे जगह जगह लोगों, संस्थाओ ने पार्थिव देह को पुष्पांजलि अर्पित की गई।चंबल किनारे मुक्तिधाम पर पार्थिव शरीर को उनके पुत्र पंकज शुक्ला एवं परिवार के सदस्यों के साथ मुखाग्नि दी। ताल मे नगर पंचायत के अध्यक्ष रहे कांग्रेस पार्टी में ब्लॉक अध्यक्ष सहित कई पदों पर रहकर जन सेवा में अग्रणी रहे स्व श्री शुक्ला को सम्मिलित सभी लोगों ने यहाँ शोक सभा मे श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा 2026 का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा 2026 की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य का प्रारंभ आज शासकीय माध्यमिक विद्यालय, रतलाम स्थित मूल्यांकन केंद्र पर किया गया।

प्रथम चरण में हाई स्कूल के हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान तथा हायर सेकेंडरी के हिंदी, अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, वाणिज्य, इतिहास, अर्थशास्त्र एवं कृषि विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रारंभ हुआ। मूल्यांकन कार्य प्रारंभ होने से पूर्व मूल्यांकन केंद्र अधिकारी द्वारा समस्त मूल्यांकनकर्ताओं को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर सहायक मूल्यांकन अधिकारी माया मौर्या, विशेष मूल्यांकन अधिकारी डॉ. ललित मेहता, श्री शरद शर्मा एवं श्रीमती प्रेमलता व्यास उपस्थित रहे।

मूल्यांकन अधिकारी श्री कुमावत ने सभी मूल्यांकनकताओं को मंडल के दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए मुख्य परीक्षक, उपमुख्य परीक्षक एवं सुपरवाइजर के दायित्वों की जानकारी दी। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक मूल्यांकन कर्ता प्रतिदिन न्यूनतम 45 एवं अधिकतम 60 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करेंगे। साथ ही मूल्यांकन कार्य पूर्ण होने तक किसी भी परीक्षक को केंद्र छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने मूल्यांकन प्रक्रिया में निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शुद्धता बनाए रखने पर विशेष बल देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाए। मूल्यांकन केंद्र पर मोबाइल फोन लाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

इस दौरान प्रेक्षक डॉ. ए.के. मिश्रा, प्राचार्य शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रतलाम द्वारा मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सभी मूल्यांकन कर्ताओं को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण मूल्यांकन कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। मूल्यांकन कार्य के प्रथम दिवस कुल 155 मूल्यांकनकर्ता उपस्थित रहे तथा लगभग तीन हजार उत्तर पुस्तिकाओं का सफलता पूर्वक मूल्यांकन किया गया।

# बीएलओ को छह माह बीत जाने के बाद भी मानदेय का भुगतान नहीं हो सका

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रतलाम जिले में एसआईआर सर्वे का कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों (बीएल ओ) को छह माह बीत जाने के बाद भी मानदेय का भुगतान नहीं हो सका है। इसे लेकर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने गहरी नाराजगी जताते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र सौंपकर शीघ्र भुगतान की माँग की है।

?मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के संभागीय सह संगठन मंत्री सर्वेश कुमार माथुर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रतलाम जिले के समस्त बीएलओ को एसआईआर सर्वे का कार्य करने हेतु आदेशित किया गया था। इस आदेश के परिपालन में सभी बीएलओ ने दिन-रात मेहनत करके समय अवधि के भीतर कार्य को पूरी निष्ठा के साथ संपन्न किया था।

अत्यंत खेद का विषय है कि इस महत्वपूर्ण कार्य को पूर्ण हुए लगभग 6 माह का समय बीत चुका है, लेकिन निर्वाचन आयोग द्वारा आज दिनांक तक संबंधित बीएलओ को उनके मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है।

### पदाधिकारियों ने की खाते में राशि जमा करने की माँग

बीएलओ के हक की आवाज उठाते हुए मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला संगठन मंत्री बद्रीलाल मडोतिया, जिला अध्यक्ष गोपाल उपाध्याय, सचिव जितेंद्र सिंह चौहान, जिला कोषाध्यक्ष बाबूलाल छाबड़ा एवं जिला उपाध्यक्ष सुखदेव शर्मा ने जिला निर्वाचन अधिकारी से अनुरोध किया है कि सभी बीएलओ का रुका हुआ मानदेय तत्काल उनके बैंक खातों में जमा कराया जाए।

इस संबंध में संभागीय सह संगठन मंत्री सर्वेश कुमार माथुर, जिला अध्यक्ष गोपाल उपाध्याय जिला सचिव जितेंद्र सिंह चौहान जिला संगठन मंत्री लाल मलोटिया सदस्य संजय द्विवेदी, संजय ज किए जाने की पुरजोर माँग की है।

## रतलाम पुलिस ने एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**रतलाम।** पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अमित कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक कुमार लाल एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री आनंद स्वरूप सोनी के मार्गदर्शन में जिले में लगातार यातायात जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य आमजन, विशेषकर युवाओं एवं विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। इसी क्रम में आज दिनांक 27 मई को 21वीं बटालियन एनसीसी ट्रेनिंग कैंप में यातायात जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में यातायात पुलिस रतलाम के सूबेदार श्री अनोखीलाल परमार द्वारा एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा उपायों एवं सुरक्षित वाहन संचालन के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। सेमिनार के दौरान कैडेट्स को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, ट्रैफिक सिग्नल एवं संकेतकों का पालन करने तथा सड़क पर अनुशासित व्यवहार रखने के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों एवं उनसे बचाव के उपायों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में लगभग ४०० एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कैडेट्स को यातायात नियमों का स्वयं पालन करने एवं समाज में भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु प्रेरित किया गया। रतलाम पुलिस द्वारा भविष्य में भी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विभिन्न संस्थानों में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

## नास्ता के दौरान,यात्रा में माता-पिता से बिछड़ी 3 वर्षीय बालिका , डायल-112 ने परिजन से मिलाया

**नीमच।** जिले के थाना नीमच सिटी क्षेत्र अंतर्गत जैतपुरा बालाजी मंदिर के पास रेस्टोरेंट में एक 3 वर्षीय बच्ची मिली है, जो परिजन का साथ छूटने से रास्ता भटक गयी है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में 27 मई को सुबह 8.29 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल नीमच सिटी थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ सउनि अशोक मोड पायलेट तरुण राठौर ने मौके पर पहुँचकर बच्ची को संरक्षण में लिया, बच्ची परिजन के सम्बन्ध में कोई जानकारी नही दे पा रही थी, डायल-112 जवानों ने रेस्टोरेंट में लगे सीसीटीवी कैमरा में देखा तो पता चला की बच्ची के परिजन यात्रा कर रहे थे जो नास्ता करने रेस्ट्रोरेंट पर रुके थे वापस जाते समय बच्ची छूट गयी थी। डायल-112 जवानों द्वारा बच्ची की तलाश एवं पूछताछ करने पर बच्ची के परिजन ढूँढ़ते हुए कुछ समय बाद वापस रेस्टोरेंट आये। जिन्हें बच्ची द्वारा पहचान व सत्यापन उपरांत परिजनों के सुपुर्द किया।





# पुलिस ने नाकाबंदी कर 60 किग्रा डोड़ाचूरा के साथ राजस्थान के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर



वायडी नगर थाना पुलिस टीम ने दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध डोडाचूरा, एक बोलेरो जीप और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

प्राप्त जानकारी अनुसार मुखबिर की सूचना पर वायडी नगर पुलिस टीम ने महू-नीमच हाईवे फोरलेन मार्ग पर घेराबंदी कर नाकाबंदी की । इसी दौरान एक संदिग्ध ग्रे-मेहंदी रंग की महिंद्रा बोलेरो जीप क्र. एमपी 11 बीई 0552 को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया ।

जीप रुकते ही उसमें सवार दो बदमाशों ने उतरकर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर दोनों को मौके पर ही दबोच लिया ।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान राजस्थान के बालोतरा जिले के मण्डली थाना अंतर्गत कोरना निवासी दो सगे भाइयों, हीरसिंह (31 वर्ष) और बाबूसिंह (28 वर्ष), पिता हड़मानसिंह राज पुरोहित के रूप में हुई है । पुलिस द्वारा जब उनकी बोलेरो जीप की तलाशी ली गई, तो पीछे वाली सीट पर काले रंग के तीन प्लास्टिक के कट्टे बरामद हुए, जिनमें कुल 60 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा भरा हुआ था ।

जब्त किए गए डोडाचूरा की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रु. आंकी गई है । पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है ।

# वीर सावरकर जयंती पर मजदूर कल्याण समिति ने टीबी मरीजों को बांटी पोषण किट

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर

महान स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर वीर सावरकर जी की जन्म जयंती के अवसर पर मजदूर कल्याण समिति जिला मंदसौर द्वारा वीर सावरकर पुलिया पर एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पावन दिन को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए श्टीबी मुक्त अभियानश के अंतर्गत मरीजों को फूड बास्केट (पोषण किट) वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रेस क्लब के संरक्षक ब्रजेश जोशी, भाजपा जिला महामंत्री विजय सुराणा, सांसद प्रतिनिधि गौरव अग्रवाल, भाजपा नेता अजयसिंह चौहान, नपा सभापति दीपमाला मकवाना, पार्षद भावना पमनानी सहित कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष करणसिंह परिहार ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्र नायक को याद करने के साथ पीड़ित वर्ग की सेवा करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। उपस्थित अतिथियों ने समिति के इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए कहा कि टीबी मरीजों को दी गई यह पोषण सहायता उन्हें जल्द स्वस्थ होने में मदद करेगी और समाज को एक नई दिशा दिखाएगी। कार्यक्रम का समापन वीर सावरकर जी के चित्र पर पुष्पांजलि और उनके मार्ग पर चलने के संकल्प के साथ हुआ।

## मनासा में गंगा दशहरा पर जल संरक्षण का संकल्प, भव्य गंगा आरती

**नीमच।** जिले के ?मनासा मे प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'जल संवर्धन अभियान' के तहत, नगर परिषद मनासा द्वारा 26 मई को राम तलाई पर गंगा दशहरा पर्व का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर जहां एक ओर गंगा आरती की दिव्य छटा बिखरी, वहीं दूसरी ओर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया "जल है तो कल है" विधायक अनिरुद्ध माधव मारूकार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनासा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक अनिरुद्ध माधव मारू ने जल की महत्ता पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि "जल है तो कल है" और जल को बचाना प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि वे अपने आसपास जीव-जंतुओं और गौमाता के लिए पानी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि भीषण गर्मी में किसी भी बेजुबान को प्यासा न रहना पड़े स्वच्छता और जल संचयन का आह्वान नगर परिषद मनासा की अध्यक्ष डॉ. सीमा अजय तिवारी ने कहा कि मंदिरों की नगरी मनासा को साफ और स्वच्छ रखना हम सभी का कर्तव्य है।

# भारत विकास परिषद शाखा नीमच ने मनाई वीर सावरकर की जयंती

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच



सेवा संस्कार में अग्रणी भारत विकास परिषद शाखा नीमच द्वारा स्वतंत्र वीर विनायक दामोदर सावरकर की जन्म जयंती 28 मई पर उनकी बघाना में प्रतिमा स्थल पर जो की परिषद परिवार द्वारा ही लगाई गई है पर माल्यार्पण कर और उनके जयघोष के नारे लगा उन्हें याद किया और स्मरण किया।

सर्वप्रथम सदस्यों द्वारा वीर सावरकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया एवं उन्हें जय घोष के नारों के साथ स्मरण किया गया। माल्यार्पण के पश्चात सर्वप्रथम मनोज माहेश्वरी ने वीर सावरकर के जीवन पर अपने विचार रखते हुए उन्हें एक महान क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक बताया। स्वागत उद्बोधन कार्यकारी अध्यक्ष जीतू शक्तावत ने दिया एवं संस्थापक अध्यक्ष अशोक अग्रवाल एलआईसी ने भी वीर सावरकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा ब्रिटिश सरकार के विरोध स्वरूप काला पानी की सजा काटते हुए जो यातनाए सही उनको याद किया।कार्यक्रम का संचालन मनोज माहेश्वरी ने किया एवं आभार कोषाध्यक्ष संदीप दरक ने माना।

कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष जीतू शक्तावत, संदीप दरक, पिंटू शर्मा ,मनोज माहेश्वरी ,अशोक मंगल, संदीप खाबिया , शिखर जैन, मधुसूदन खंडेलवाल मुकेश डबकरा, बनवारीलाल अग्रवाल, निमिष चेलावत, राजेश जायसवाल, रूपेश जाधव, डॉक्टर स्वप्निल वधवा, स्वप्नेश मंडोवरा, हिम्मत सिंह चंद्रावत, सुनीश चौरडिया ,प्रशांत मित्तल, विश्वास खंडेलवाल, अशोक अग्रवाल, सुशील गट्टानी, राजेश गट्टानी, संजय डांगी, पंकज दुबे आदि सदस्य मौजूद थे । उपरोक्त जानकारी भारत विकास परिषद शाखा नीमच के मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी द्वारा दी गई।

### न्यूज कालम



## इंदौर में सीए सिद्धार्थ अग्रवाल दो प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स से सम्मानित

**मन्दसौर।** लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड के सक्रिय सदस्य लायन सीए सिद्धार्थ अग्रवाल को इंदौर में आयोजित मल्टीपल काउंसिल अधिवेशन में दो बड़े और प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वितीय अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष लायन मनोज शाह और मल्टीपल काउंसिल अध्यक्ष लायन मनीष शाह ने सिद्धार्थ अग्रवाल को उनकी उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता और वक्तव्य कला के लिए च्बेस्ट पब्लिक स्पीकिंगज (सर्वश्रेष्ठ वक्ता) और च्बेस्ट नॉलेजेबल लायनज (सर्वश्रेष्ठ जानकार) के अवॉर्ड प्रदान किए। इस बहुप्रांत 3233 के अंतर्गत 800 से अधिक क्लबों के 25 हजार से ज्यादा सदस्य आते हैं, जिसके बीच यह सम्मान मिलना गौरव की बात है। समारोह में लायंस इंटरनेशनल के कई वरिष्ठ पदाधिकारी व पूर्व गवर्नर उपस्थित थे। सीए सिद्धार्थ अग्रवाल की इस बड़ी उपलब्धि पर क्लब के अध्यक्ष संजय पारिख सहित पूरी कार्यकारिणी ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। गौरतलब है कि वह पिछले वर्ष भी सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष के पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं और लगातार कई सामाजिक सेवा कार्यों का संचालन कर रहे हैं।

## जीतो चैप्टर का गठन, कीमती चेयरमैन और सीए भंडारी बने सचिव

**मन्दसौर।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) का मंदसौर में नए चैप्टर का गठन किया है, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज सेवा, व्यापारिक नेटवर्किंग, शिक्षा और युवाओं व महिलाओं का सशक्तिकरण करना है। घोषित की गई नई टीम में अंकित कीमती को चेयरमैन, सीए विकास भंडारी को चीफ सेक्रेटरी और मयूर सुराना को ट्रेजरर का दायित्व सौंपा गया है, जबकि पिंकेश चोरड़िया व वैभव दुग्गड़ वाइस चेयरमैन तथा हर्षित सोनगरा व मनीष बोहरा जॉइंट सेक्रेटरी नियुक्त किए गए हैं। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन विस्तार और सेवा कार्यों को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है।


अंकीत कीमती


विकास भण्डारी

## ईद पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता, एसपी ने किया संवेदनशील इलाकों का दौरा



**मंदसौर।** जिले में ईद का त्योहार बेहद सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर जिले की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए एसपी विनोद कुमार मीना ने पुलिस बल के साथ शहर के विभिन्न संवेदनशील इलाकों और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों का सघन भ्रमण किया। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ-साथ उन्होंने शिवना नदी, रामघाट बैराज, कालाभाटा डैम और अन्य जल संग्रहण स्थलों का भी निरीक्षण किया ताकि कोई भी अवशिष्ट पदार्थ जल स्रोतों में न फेंका जाए और स्वच्छता बनी रहे। चेकिंग के दौरान एसपी ने मौके पर तैनात पुलिस बल को पूरी सतर्कता और मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ एडिशनल एसपी टी एस बघेल, एसडीएम शिवलाल शाक्य, सीएसपी जितेंद्र भास्कर सहित कोतवाली, वाय डी नगर और नई आबादी थाने के प्रभारी मय पुलिस बल उपस्थित रहे।

## ईद उल अजहा पर मुस्लिम धर्मावलंबियों को दी बधाई



**पिपलीया मंडी।** ईद उल अजहा पर्व पर कांग्रेसनेता गणो ने गुरुवार को प्रातः 9 बजे काचरिया रोड़ स्थित ईदगाह पर मुस्लिम धर्मावलंबियों को गले लगकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसनेता अनिल शर्मा,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा,पूर्व मंडलम अध्यक्ष दिनेश गुप्ता काचरिया,नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उणियारा, पूर्व अध्यक्ष रामप्रसाद फरक्या आदि मौजूद थे।

## मंत्री काश्यप ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं से किया संवाद



**रतलाम।** मध्य प्रदेश शासन के मंत्री चेतन्य काश्यप ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकताओं से संवाद किया। मंत्री श्री काश्यप ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जन समस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से संवाद करते हुए उनकी कठिनाइयों को समझा और उन्हें जल्द से जल्द समाधान दिलाने का आश्वासन दिया।



## कांग्रेस कमेटी ने पं.जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**ब्यावरा।** ब्लॉक शहर एवं मंडलम कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में ब्यावरा में मातामंड चौराहे पर महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं देश के प्रथम प्रधानमंत्री, भारत रत्न पं.जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसजनों ने अपने विचार रखे कि पंडित नेहरू की लोकतंत्र, वैज्ञानिक सोच और राष्ट्रीय एकता की विचारधारा से ही देश एक सशक्त एवं समावेशी राष्ट्र बनेगा उक्त कार्यक्रम में संकल्प लिया कि हम पं. नेहरू की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएंगे साथ ही निर्णय लिया कि अब ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आगामी सभी जयंती व पुण्यतिथि मंडलम, वार्ड एवं पंचायत स्तर पर मनाई जाएगी, उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया, पूर्व नपा अध्यक्ष डॉक्टर भारत वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, आफताब खान, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमन अरोरा, नेता प्रतिपक्ष ज्ञानु विजयवर्गीय, लक्की दांगी, जगदीश सेन, मंडलम अध्यक्ष यूनुस मोहमद, मंडलम अध्यक्ष राजू वर्मा, पूर्व पार्षद समीर खान, संजय बंसल, फूलसिंह वर्मा, फरीद भाई, घनश्याम वर्मा, राजा, कमलेश विश्वकर्मा, राम पंवार, लेखराज लोधी, राजू सोंधिया , विकास गुप्ता, साजिद ठेकेदार, जीतू महावर, विष्णु मोंगिया, चंदर पेंटर सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिवधाम कॉलोनी में भव्य शोभायात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा स्थित शिवधाम कॉलोनी में भव्य कलश शोभायात्रा के साथ सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ, आचार्य प्रमोद नागर के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा की ज्ञान गंगा प्रवाहित होगी, शोभायात्रा क प्रातः 8 बजे इंदिरा नगर राजगढ़ बायपास चौराहा स्थित मनकामेश्वर माता मंदिर से प्रारंभ हुई जो मुख्य मार्ग से होते हुए बैंड-बाजे और भक्ति संगीत की धुनों के साथ शिवधाम कॉलोनी स्थित कथा स्थल पहुंची शोभायात्रा में महिलाओं ने लाल वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखा, जबकि पुरुषों ने सफेद वस्त्र धारण किये, बच्चों और बुजुर्गों ने काफी उत्साहपूर्वक देखा गया, संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक होगी, कथा के माध्यम से सनातन धर्म के आदर्शों, संस्कारों और जीवन मूल्य की महत्ता से श्रद्धालुओं को अवगत कराया जाएगा एक जून को पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी के साथ कथा का समापन होगा।

## एनसीसी कैडेट्स का आर्मी अग्निवीर में चयन महाविद्यालय में खुशी का माहौल





**शुजालपुर।** जेएनएसएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर के एनसीसी विभाग के पांच कैडेट्स का आर्मी अग्निवीर में चयन हुआ है। कैडेट्स की इस उपलब्धि से महाविद्यालय में हर्ष का वातावरण है। चयनित कैडेट्स में पंकज सूर्यवंशी, राज पाटीदार, हरिओम कटारिया, देवेंद्र धनगर एवं रौनक बंजारा शामिल हैं। 04 मप्र बटालियन एनसीसी भोपाल की महाविद्यालय इकाई से जुड़े इन कैडेट्स की सफलता को महाविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रवीणा धारीवाल ने चयनित कैडेट्स की मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. रवि राठौर ने बताया कि कैडेट्स ने न केवल महाविद्यालय बल्कि एनसीसी बटालियन एवं अपने परिवार का भी नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि यह सफ लता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी तथा युवाओं को सेना में सेवाएं देने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

## भागवत कथा शुभारंभ पर उन्हेल में भव्य कलश यात्रा निकाली



**उन्हेल।** जांगड़ा पोरवाल समाज द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ बुधवार को राधा कृष्ण मंदिर परिसर में हुआ। इसके पूर्व भव्य कलश यात्रा धाकड़ धर्मशाला से कलश यात्रा पूजन कर भागवत पोथी का पूजन कर नगर के प्रमुख मार्ग से होती हुई मंदिर परिसर पहुँची ।यात्रा में कथा के मुख्य यजमान भागवत पोथी लेकर चल चल रहे थे । भागवत पोथी का जगह-जगह पुष्प माला अर्पण कर स्वागत किया गया । प्रथम दिवस दोपहर 2:30 से 5:30 बजे तक कथा व्यास आरती त्रिपाठी के मुखारविंद से भागवत कथा का श्रवण श्रद्धालुओं ने किया । कथा के प्रथम दिवस के लाभार्थी हरि वल्लभ मेहता परिवार थे।

### जल संरक्षण का संदेश लेकर श्रद्धा एवं जनभागीदारी के साथ मनाई गई गंगा दशमी

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत श्रमदान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

### गंगा दशहरा पर जल स्त्रोत एवं वटवृक्ष का किया पूजन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा।

यह देश की विडंबना है कि पिछले करीब 40 साल से पेयजल जल संकट से जुझ रहे नागरिकों की भावनाओं के साथ एक बार फिर खिलवाड़ किया जा रहा है। शहर की पेयजल समस्या को मुद्दा बनाकर कई नेताओं ने राजनीति का लंबा सफर तय किया मगर राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में आज ही लगभग 8 से 10 दिन में एक बार वह भी आधा घंटे के लिए पेयजल सप्लाई किया जा रहा। नौ-तपे की भीषण गर्मी में ब्यावरा शहर के लोग एक-एक बूंद पानी के लिए भटक रहे हैं। मंत्री से लेकर संत्री तक जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल है तो कल है का संदेश देते हुए भव्य कार्यक्रम आयोजित कर एक बार फिर शहरवासियों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने में लगे हैं। सूखे पड़े जल स्त्रोतों के पूजन, महाआरती, श्रमदान एवं जल संरक्षण जागरूकता के न केवल फोटो सेशन किए जा रहे बल्कि नागरिकों को जल संवर्धन एवं स्वच्छता का संदेश भी दिया जा रहा। नागरिकों से जल बचाने एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखने का आह्वान किया। वर्तमान समय में भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है ऐसे में पानी बचाओ का संदेश जन-जन तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। पानी किसी फैक्ट्री में निर्मित नहीं किया जा सकता, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जल संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी समझना होगा। लेकिन यही जिम्मेदारी स्थानीय नेताओ को चुनाव के समय क्यों याद नहीं आती। उधर नागरिकों का कहना है कि यदि क्षेत्र में पानी होगा तो उसे बचाया जाएगा फिलहाल तो नौतपा की भीषण गर्मी में एक-एक बूंद पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। शासन प्रशासन सरकारी कार्यक्रमों की बजाय यदि योजनाओं पर अधिक ध्यान देती तो योजनाएं धरातल पर बहती हुई नजर आती।



**महिदपुर रोड**

म.प्र. जन अभियान परिषद आलोट के सेक्टर शेरपुर खुर्द सेक्टर की नवांकुर संस्था दुधावती सेवा समिति द्वारा गंगा दशहरा पर ग्राम आदर्श ग्राम लूनी में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर लूनी पर जल स्त्रोत, वट वृक्ष पीपल वृक्ष पूजन, मन्दिर पर स्वच्छता एवं जनजागरूकता कलश शोभायात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण जनों को जल संरक्षण, जल संवर्धन एवं जल स्त्रोतों की स्वच्छ ता एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में प्राचीन हनुमान मंदिर के संकट मोचन बालाजी का पूजन पूर्व शिक्षक पं. बाबूलाल व्यास द्वारा पर वैदिक मंत्रोच्चार से पूजन- अर्चन किया।

इसके साथ पीपल तथा वटवृक्ष का पूजन कार्यक्रम उपस्थित ग्रामीण महिलाओं कन्याओं द्वारा संपन्न हुआ। ग्रामीण बालिकाओं महिला ओं ने गांव में कलश शोभायात्रा निकाली जिसका संदेश जल गंगा संवर्धन अभियान हेतु जल संरक्षण जल स्त्रोतों की स्वच्छता पवित्रता वृक्षारोपण आदि था। शोभायात्रा पुरे गांव मैं घूम कर मंदिर पर आई जिसने कलश के जल से शिवलिंग का जलाभिषेक के पूजा आराधना की गई। कलश यात्रा के पश्चात उपस्थित सभी ग्रामीण ने जल संरक्षण तथा जल स्त्रोतों की स्वच्छता , संवर्धन संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम में सेक्टर परामर्शदाता मिथिलेश जोशी द्वारा जल संरक्षण की महत्ता पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य जल के महत्व के प्रति जागरूक करना, वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण तथा जल की बबार्दी को रोकना है।

तालाब, बावड़ी, कुएं एवं अन्य जल स्त्रोतों की नियमित सफाई एवं संरक्षण हेतु सामूहिक प्रयास के साथ ही वर्षा जल को संरक्षित कर भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए भी सभी से आगे करने को कहा। ग्राम पंचायत सरपंच सतीश बोड़ाना,सचिव गजेंद्रसिंह, नवांकुर संस्था अध्यक्ष अमर सिंह झाला दुधावती सेवा समिति, परामर्शदाता मिथिलेश जोशी, आदर्श ग्राम लुनी विकास प्रस्फुटन समिति के के अध्यक्ष अर्जुन सिंह डोडिया, लोकेंद्र चौधरी, हनुमानजी मंदिर पुजारी बापूलाल व्यास आंगनवाड़ी कार्यकर्ता,आशा कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, समिति सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में पुरुष प्रतिभागी निकट स्थित पीने के पीने के पानी के स्त्रोत गांव के कुएं पर पूजन किया।

### अप्रैल में उठे थे सवाल, आज भी हाट बाजार की स्थिति जस की तस

# अब नगर परिषद की सख्ती का दावा सड़क पर नहीं लगने देंगे रेहड़ियां

दैनिक अवन्तिका ▶▶ जीरापुर

नगर के साप्ताहिक हाट बाजार की अव्यवस्था को लेकर अप्रैल माह में प्रकाशित समाचार में जिस समस्या को प्रमुखता से उठाया गया था, स्थिति आज भी लगभग वैसी ही बनी हुई है। उस समय समाचार में बताया गया था कि नगर पंचायत द्वारा हाट बाजार को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से आवास रोड से हटाकर छोटे तालाब क्षेत्र में सीमेंट-कंक्रीट का फर्श बनाकर नई व्यवस्था लागू की गई थी, ताकि जाम की समस्या से राहत मिल सके और नागरिक सुविधाजनक माहौल में खरीदारी कर सकें।



लेकिन समाचार में यह भी सामने आया था कि स्थान परिवर्तन के बावजूद अधिकांश दुकानदार सड़क किनारे ही दुकानें लगाने लगे, जिससे मुख्य मार्ग पर जाम और अव्यवस्था की स्थिति बनी रही। बाजार में महिलाओं, बुजुर्गों एवं ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। नगरवासियों ने तब भी सवाल उठाया था कि आखिर नई व्यवस्था का लाभ किसे मिला, जब सड़क पर जाम और अव्यवस्थित बाजार की स्थिति पहले जैसी ही बनी हुई है।

समय बीतने के बाद भी हालात में विशेष सुधार नजर नहीं आ रहा है। आज भी बाजार के दिन मुख्य मार्गों पर रेहड़ियां और वाहन अव्यवस्थित रूप से खड़े दिखाई देते हैं, जिससे खरीदारी करने आने वाले नगरवासी और क्षेत्रवासी परेशान होते हैं। लोगों का कहना है कि जिम्मेदारों को आमजन की समस्याओं से कोई खास फर्क नहीं पड़ता और हर सप्ताह लोग अव्यवस्था के बीच बाजार करने को मजबूर हैं।

इधर मामले को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा ने बताया कि इस बुधवार से व्यवस्था को लेकर सख्ती बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि अब कोई भी रेहड़ी वाला सड़क पर अपनी रेहड़ी नहीं लगाएगा तथा सभी दुकानदारों को सीमेंट के बने हुए फर्श पर ही दुकान लगानी होगी।

उन्होंने यह भी कहा कि पूरी व्यवस्था नगर परिषद कर्मचारियों की निगरानी में रहेगी, ताकि नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और साप्ताहिक हाट बाजार सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो सके।

## स्कूलों के बाहर लगाए ड्रग फ्री जोन के पोस्टर

**सुसनेर।** थाना अंतर्गत मंगलवार को थाना प्रभारी अक्षय बेस के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कस्बे के विभिन्न स्कूलों के बाहर एवं आसपास ड्रग फ्री जोन के पोस्टर और बैनर लगाए गए तथा आम नागरिकों को स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में धूम्रपान, तंबाकू सेवन एवं अन्य प्रकार के नशे से दूर रहने की समझाइश दी गई।

## कोटा नागदा ट्रेन का परिचालन कोटा चौमहला के बीच होगा

**महिदपुर रोड।** जन प्रतिनिधियों तथा यात्रियों की मांग पर रेल्वे प्रशासन द्वारा 61624- 61623 कोटा-चौमहला मेमू यात्री ट्रेन को उज्जैन तक बढ़ाने के संबंध में खबरें आ रही है वहीं दूसरी और रेल्वे प्रशासन के गलियारे से यह भी जानकारी मिल रही है कि वर्तमान में कोटा से नागदा के बीच चल रही 61615 - 61616 मेमू यात्री ट्रेन को कोटा से चौमहला के बीच शार्ट टर्मिनेट करने की खबरें आ रही है यदि रेल्वे प्रशासन द्वारा ऐसा किया गया तो इससे आलोट, महिदपुर नागदा, खाचरौद के सैकड़ों यात्रियों और व्यापारियों को रतलाम जाने आने के लिये यात्री ट्रेन की उम्मीदों पर निराशा हाथ लगेगी क्योंकि काफी समय से राजस्थान तथा मध्य प्रदेश के कोटा से महिदपुर क्षेत्र के तमाम यात्री कोटा नागदा ट्रेन को रतलाम तक विस्तारित करने की मांग लंबे समय से करते आ रहे हैं वैसे भी वर्तमान में सुबह हरिद्वार बांद्रा के बीच चलने वाली देहरादून एक्सप्रेस के बाद पूरे 8 घंटे के बीच ऐसी एक भी यात्री ट्रेन नहीं है जो छोटे बड़े सभी स्टेशनों के यात्रियों को रतलाम की और यात्रा करने के लिये सहज रूप में उपलब्ध हो ऐसी स्थिति में यात्रियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कोटा नागदा मेमू यात्री ट्रेन को रतलाम तक विस्तारित करना चाहिये।

## अभद्रता कर कपड़े फाड़ने वाला आरोपी को जेल भेजा

**सुसनेर।** ग्राम बराई में महिला के साथ अभद्रता कर कपड़े फाड़ने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में सोयत पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जहां से उसे 7 दिनों के लिए जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह एक महिला घर से गोबर इकट्ठा कर रोड़ी पर डालने जा रही थी। इसी दौरान गांव का ही रहने वाला दिलीप पिता दिनेश विश्वकर्मा उसका पीछा करते हुए पहुंचा और बुरी नियत से पीछे से पकड़ लिया।

### विधानसभा स्तरीय दायित्व बोध कार्यक्रम आयोजित

# संगठन के प्रति हमेशा सद्भावना रख कार्य करे- डॉ सोनकर

भौंरासा

नगर बाबा भंवरनाथ मंडल के अंतर्गत सोनकच्छ विधानसभा स्तरीय दायित्व बोध कार्यक्रम ग्राम महुडी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ रायसिंह सेंधव सोनकच्छ विधायक डॉ राजेश सोनकर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम प्रारंभ के दौरान अतिथियों द्वारा सर्व प्रथम मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया उसके पश्चात सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने, कार्यकताओं की भूमिका को प्रभावी ढंग से निभाने तथा राष्ट्रहित एवं जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य करने का संदेश दिया गया। वरिष्ठ नेतागणों के मार्गदर्शन से सभी कार्यकर्ताओं में नवीन ऊर्जा, उत्साह एवं संगठन के प्रति समर्पण की भावना का संचार हुआ।

कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष डॉ सेंधव ने अपने उदबोधन में कहा कि जिन कार्यकर्ताओं को दायित्व मिला वे सभी संगठन के प्रति ईमानदारी से अपने दायित्व का निर्वाह करे और जो योग्य थे ओर छूट गये हे वे भी चिंता न करे संगठन की ओर से प्रत्येक माह विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हे जिसमें जिला ओर मंडल टोली का भी गठन होता हे 18 माह में अभी तक 4500 कार्यकताओं की टोली विभिन्न दायित्वों के साथ बनाई गई हे सभी कार्यकर्ताओं पर संगठन की निगाहें हे कोई छूटेगा नहीं इसके पश्चात विधायक डॉ राजेश सोनकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि कार्यकर्ता ओर पदाधिकारी अपने संगठन के प्रति सद्भावना रख कार्य करे विपक्ष द्वारा सोशल मीडिया या अन्य सार्वजनिक माध्यमों से भाजपा सरकार के कार्यों की निंदा कर अपनी बात रखता हे आप उसका जवाब भाजपा सरकार की उपलब्धियों को बताकर तुरंत दे मेने देखा हे कि कुछ कार्यकर्ता थोड़ी नाराजगी के चलते विपक्ष की बातों का समर्थन कर देता हे आपकी नाराजगी आपसी हे न कि संगठन से हे



भाजपा सरकार द्वारा जो जनकल्याण योजना बनाई हे उसकी व्याख्यान करे राज्य सरकार ओर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याण योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना ओर उसका लाभ दिलवाना हम सभी का दायित्व हे ओर जो भी दायित्व कार्यकर्ता हे अगर संगठन की तीन बैठकों में उपस्थित नहीं होता हे उसका दायित्व ले लिया जाएगा ये संगठन शख्त आदेश हे

सशक्त संगठन, समर्पित कार्यकर्ता और सेवा का संकल्प ही राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी ताकत है।

आज भारतीय जनता पार्टी बाबा भंवरनाथ मंडल भोरासा के ग्राम महुडी में विधानसभा स्तरीय दायित्व बोध कार्यक्रम का भव्य एवं गरिमामय सफल आयोजन संपन्न हुआ इसके लिए में आप सबको बहुत बहुत बधाई देता

इस अवसर पृथ्वीराज सिंह राजापुर,बहादुर सिंह पिलवानी,सुखदेव सिंह लालखेड़ी,निरंजनसिंह सेंगर मंडल अध्यक्ष टीना अनिल चावड़ा,

विजेन्द्र सिंह मनासा, नरेंद्र पाटीदार, हरेन्द्र पिलवानी,जितेंद्र मंडलोई, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, मंडल महामंत्री रामचरण धाकड़, कैलाश यादव, उपाध्यक्ष अजबसिंह धाकड़,नीरज ठाकुर, एल्डरमैन प्रदीप मंत्री हिम्मत सिंह ठाकुर, नरेंद्र माली सहित विधानसभा क्षेत्र के सभी वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, नेतागण, पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम का आभार मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा ने माना उक्त जानकारी मंडल मीडिया प्रभारी प्रेमचंद अग्रवाल ने दी।



## महिदपुर के वरिष्ठ भाजपा नेता जोशी ने की मुख्यमंत्री यादव से भेंट

**महिदपुर।** महिदपुर के वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. भगवती जोशी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात कर महिदपुर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। डॉ. जोशी ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की जनसमस्याओं से अवगत कराते हुए उनके शीघ्र निराकरण की मांग की। इस दौरान क्षेत्र के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का शुभारंभ



**महिदपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय महिदपुर के तत्वावधान में 6 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए पंच दिवसीय बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस बच्चों को व्यायाम तथा गिरधारीलाल उथरा के मार्गदर्शन में योगा प्राणायाम कराया गया।तत्पश्चात ₹आज्ञाकारिता₹ विषय पर ब्रह्माकुमारी सोनू दीदी ने बच्चों की कक्षा ली।इसके बाद दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र प्रारंभ किया गया।उद्घाटन सत्र में पधारे जेल अधीक्षक मनोहर बारेकर ने मूल्यों को बाल्यावस्था में धारण करने तथा संस्कारों की नींव को मजबूत करने पर जोर दिया तथा कहा कि ऐसे शिविर का आयोजन होते रहना चाहिए।मंडी सचिव आश्विन सिंहा ने कहा संस्था के द्वारा जो भी बातें बताई जा रही है यदि उनमें से एक भी बात बच्चे धारण कर ले तो निश्चित रूप से बच्चों के जीवन में बदलाव आएगा। वरिष्ठ पत्रकार जवाहर डोसी पीयूष ने कहा कि बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होते हैं। यह शिविर सही ढांचे में ढलने के लिए रास्ता दिखाता है। साथ ही बच्चों को दो प्रेरणादाई प्रसंग के माध्यम से कौन क्या कह रहा है,इस बात पर कभी भी ध्यान नहीं देना है। ब्रह्माकुमारी मधु दीदी ने अपने वक्तव्य में कहा यह शिविर बच्चों को क्या बनना है,नहीं सिखाता बल्कि कैसा इंसान बनना है सीखता है क्योंकि बच्चे एक अनमोल बीज है जिसमें उनकी प्रतिभा ,ऊर्जा,शक्ति तथा उज्जवल भविष्य छिपा हुआ है।आवश्यकता उन्हें सही मार्गदर्शन देने की है।बच्चों को यह भी कहा कि उन्हें अपनी कमियों को ना देख अपनी विशेषताओं पर जोर देना चाहिए।काफी संख्या में शिविर में बच्चों ने भाग लिया।कार्यक्रम में कुमारी प्रिंसी ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का सफल संचालन विनोद जैन ने किया। आभार भरत कुमावत ने माना।अंत में सभी बच्चों को प्रभु प्रसाद दिया गया।

## नेत्र शिविर में 85 मरीजों की जांच 32 मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु भोपाल रवाना



**शुजालपुर।** सेवा सदन शाखा शुजालपुर मंडी द्वारा स्वर्गीय चिरौंजीलाल बंसल एवं स्वर्गीय रमेशचंद्र बंसल की पुण्य स्मृति में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन उनके सुपुत्र के सहयोग से सेवा सदन केंद्र पर संपन्न हुआ। शिविर में कुल 85 मरीजों की आंखों की जांच की गई। साथ ही मरीजों का शुगर एवं बीपी परीक्षण भी किया गया। चिकित्सक एवं ने स्वास्थ्य परीक्षण कर 32 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया। चयनित मरीजों को बस द्वारा संत हिरदाराम नगर,एरोड्रम रोड गांधीनगर, स्थित चिकित्सालय भेजा गया। आयोजकों की ओर से मरीजों के लिए खिचड़ी, आमरस एवं पानी की बोतलों की व्यवस्था भी की गई। सभी मरीजों की पुनः जांच 4 जून को की जाएगी। शिविर में सेवा सदन जिला प्रभारी खुशीराम आचार्य हरि नारायण परमार, रमेश परमार, गंगाधर शर्मा, राजेंद्र कात्यानी, अरुण गोविद सिंह राजपूत वीरेंद्र सिंह आचार्य का सहयोग रहा।

## ऑन-जॉब ट्रेनिंग में छात्राओं ने सीखे कृषि और आईटी के व्यावहारिक हुनर

**शुजालपुर।** शासकीय पीएम श्री एकीकृत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा एनएसक्यूएफ अंतर्गत छात्राओं के कौशल विकास के लिए आयोजित 20 दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग का सफ लतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण के दौरान कृषि एवं आईटी ट्रेड की छात्राओं को व्यावहारिक ज्ञान एवं तकनीकी दक्षता प्रदान की गई। कृषि ट्रेड की छात्राओं को स्थानीय पौधशाला का भ्रमण कराया गया, जहां व्यावसायिक प्रशिक्षक कृष्णकांत परमार ने पौधों की देखरेख, ग्राफ्टिंग, मिट्टी तैयार करने, आधुनिक सिंचाई पद्धति एवं नर्सरी प्रबंधन की जानकारी दी। छात्राओं ने व्यावहारिक रूप से पौधों का निरीक्षण कर कृषि क्षेत्र में स्वरोजगार की संभावनाओं को समझा।



फिल्म ज़्विगाटो में शहाना गोस्वामी ने कपिल शर्मा के किरदार मानस की पत्नी प्रतिमा का रोल किया था।


# एक्ट्रेस शहाना गोस्वामी ने कहा- वह ओपन रिलेशनशिप में

## बोलीं- मेरी जिंदगी में कई पार्टनर हैं, लेकिन ये रिश्ते कैजुअल नहीं हैं

बॉलीवुड एक्ट्रेस शहाना गोस्वामी ने हाल ही में बताया कि वह बिना किसी प्राइमरी पार्टनर के ओपन रिलेशनशिप में हैं।

सिद्धार्थ कन्नन को दिए इंटरव्यू में शहाना ने कहा, ह्यफिलहाल मेरी जिंदगी में ऐसा कोई एक खास पार्टनर नहीं है। मेरी जिंदगी में कई लोग हैं, जिनसे मेरा लंबे समय से जुड़ाव है, लेकिन ये रिश्ते कैजुअल नहीं हैं। मेरे लिए कोई भी रिश्ता हल्का या टाइमपास नहीं होता ह्म उन्होंने आगे कहा, 'मेरे लिए ओपननेस का मतलब यह है कि किसी एक इंसान के साथ तय रिश्ता जरूरी नहीं है, लेकिन लोगों के साथ जुड़ाव और अपनापन बना रहता है। कभी वह सिर्फ दोस्ती होती है, कभी रिश्ता थोड़ा और गहरा भी हो सकता है। हर चीज को किसी एक नाम या दिशा में बांधना जरूरी नहीं है। सबसे जरूरी चीज प्यार और दोस्ती है। मेरे लिए दोस्त वही है, जिसके लिए दिल में सच्चा अपनापन हो।'

### कई पार्टनर्स एक-दूसरे से मिल चुके हैं: शहाना



शहाना ने कहा कि कम उम्र में ही उन्हें ओपन रिलेशनशिप के बारे में समझ आ गई थी। एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे हमेशा लगा कि प्यार आजाद होना चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि रिश्ता किसी इंसान को बांध दे या उसकी जिंदगी सीमित कर दे। इसी सोच ने मेरे रिश्तों और उन्हें निभाने के तरीके को तय किया है।' उन्होंने बताया कि उनके कई ओपन रिलेशनशिप पार्टनर्स एक-दूसरे से मिल चुके हैं। उनके मुताबिक, ऐसे रिश्ते तभी चल पाते हैं, जब उनमें ईमानदारी और खुलकर बातचीत हो। शहाना ने यह भी कहा कि लोग अक्सर यह सोच लेते हैं कि उनकी जिंदगी आसान है या उन्हें कभी मुश्किल भावनाओं का सामना नहीं करना पड़ा। लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। उनके मुताबिक, आजादी का मतलब मुश्किलों से भागना नहीं होता। असली आजादी तब आती है, जब इंसान अपनी परेशानियों, डर और भावनाओं का सामना करता है और उनसे भागता नहीं। शहाना का कहना है कि बाहर से देखने वाले लोग अक्सर इसी बात को समझ नहीं पाते।



### चुनरी चुनरी गाने के रीमेक पर भड़के अभिजीत भट्टाचार्या

वरुण धवन की अपकमिंग फिल्म है जवानी तो इश्क होना है से गाना चुनरी चुनरी रिलीज हो चुका है। ये गाना 1999 की फिल्म बीवी नं. 1 के गाने का रीमेक है, जिसे अभिजीत भट्टाचार्या और अनुराधा श्रीराम ने गाया था। अब अभिजीत नया गाना देख भड़क गए हैं। उन्होंने कहा कि सुनकर ये किसी भजन जैसा लग रहा है। साथ ही उन्होंने कहा है कि वरुण इस गाने से कभी सलमान नहीं बन सकेंगे।

हाल ही में एएनआई से बातचीत में सिंगर अभिजीत भट्टाचार्या ने कहा है, जब मैंने ये गाना (चुनरी चुनरी रीमेक सॉन्ग) सुना तो मुझे लगा कि ये कोई भजन है। चुनरी चुनरी एक रोमांटिक ट्रेक था और इन लोगों ने अब इसे भजन बना दिया है।



# श्रद्धा कपूर का माइकल जैक्सन के गाने पर फनी डांस

## कथित बॉयफ्रेंड को टैग कर लिखा- कोई ऐसा ढूंढो जो आपका ऐसा डांस निकाल पाए

बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपना एक फनी डांस वीडियो शेयर किया। वीडियो में वह पजामा पहनकर डांस करती नजर आईं। श्रद्धा ने माइकल जैक्सन के गाने बैड पर डांस किया। जिसमें उनके मजेदार और एनर्जेटिक मूव्स दिख रहे हैं। हालांकि, वीडियो के साथ-साथ उनके कैप्शन ने लोगों का ध्यान खींचा। अपने कथित बॉयफ्रेंड राहुल मोदी को टैग करते हुए उन्होंने लिखा, ह्यकोई ऐसा ढूंढो जो आपका ऐसा डांस निकाल पाए। जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह वीडियो राहुल मोदी ने रिकॉर्ड किया है। श्रद्धा और राहुल के रिश्ते की चर्चा पहली बार 2024 की शुरूआत में तब हुई, जब दोनों को मुंबई में एक डिनर डेट के बाद साथ देखा गया था। हालांकि, दोनों ने अपने रिश्ते को सार्वजनिक रूप से कभी स्वीकार नहीं किया है, लेकिन उन्हें अक्सर साथ स्पॉट किया गया है। वहीं, इसी साल जनवरी के महीने में सोशल मीडिया पर श्रद्धा की शादी की चचाएं तेज हुई थीं।

### शादी और उम्र पर ट्रोल करने पर भड़कीं शमिता शेट्टी



शिल्पा शेट्टी की बहन और एक्ट्रेस शमिता शेट्टी ने सोशल मीडिया पर अपनी उम्र और शादी को लेकर कमेंट करने वाले ट्रोलर्स को कड़ा जवाब दिया है। इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए शमिता ने उन लोगों पर निशाना साधा जो सिंगल महिलाओं को ऐज-शेम करते हैं। 47 वर्षीय शमिता ने कहा कि वे शादी करने की किसी जल्दबाजी में नहीं हैं और अपनी जिंदगी में बेहद फिट और खुश हैं। उन्होंने ट्रोलर्स की पुरुष-प्रधान और पिछड़ी सोच पर आपत्ति जताते हुए उन्हें तुरंत अनफॉलो करने की सलाह दी है। कमेंट करने वाले को कहा- बदलाव प्राकृतिक है शमिता शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक ट्रोलर की पोस्ट का स्क्रीनशॉट शेयर किया। इसमें यूजर ने लिखा था कि आपकी उम्र हो गई है और अब पहले वाली बात नहीं रही।





### गेल ने 30 बॉल में 100 बनाए थे, सूर्यवंशी 3 रन से चूके

# वैभव बोले- गेल का रिकॉर्ड पता नहीं था, बस टीम के लिए खेलना था

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राजस्थान के ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने बुधवार को क्ढछ के एलिमिनेटर में हैदराबाद के खिलाफ 29 गेंदों में 97 रन बनाए। वे क्ढछ इतिहास का सबसे तेज शतक बनाने के क्रिस गेल (30 गेंद) के रिकॉर्ड से चूक गए।

मैच के बाद वैभव से पूछा गया कि क्या उन्हें सबसे तेज शतक के रिकॉर्ड की जानकारी थी। उन्होंने कहा, 'मुझे आउट होने के बाद ही इस रिकॉर्ड के बारे में पता चला। उस समय मेरा पूरा ध्यान सिर्फ टीम के लिए ज्यादा से ज्यादा रन बनाने पर था। शतक तो आगे भी बनते रहेंगे, लेकिन अभी हमारा पूरा फोकस इस बात पर है कि टीम के लिए ट्रॉफी कैसे जीती जाए।' वैभव ने कहा, ह्यजब हम जीतते हैं तो हम बस उसी पॉजिटिव अप्रोच को आगे ले जाते हैं और अगले मैच पर ध्यान लगाते हैं। हमारी कोशिश अगले मैच को भी इसी तरह जीतकर फाइनल में पहुंचने की है।



### वैभव का विकेट प्रफुल्ल हिंगे को मिला

वैभव सूर्यवंशी 8वें ओवर में प्रफुल्ल हिंगे की गेंद पर थर्ड मैन पर कैच दे बैठे। इस पर वैभव ने कहा- ह्यमैं शतक के बारे में नहीं सोच रहा था। मैंने मैदान पर मौजूद फील्डर्स को देखने के बाद वह शॉट खेला था, लेकिन टाइमिंग गलत हो गई। अगर मैंने गेंद को सीधे थर्ड मैन की तरफ जाने दिया होता, तो वह आसानी से बाउंड्री पार चली जाती। वैभव ने बताया- मैच से पहले सभी कोच ने मुझसे कहा था कि जो कुछ भी मैंने नेट प्रैक्टिस के दौरान किया है, ठीक वैसा ही मैदान पर करना। मुझे गेम एन्जॉय करने और एक्स्ट्रा प्रेशर न लेने की सलाह दी थी। वैभव ने कहा कि टीम इससे बड़ा स्कोर बना सकती थी। मेरे आउट होने के बाद भी मुझे ऐसा लग रहा था कि इस पिच पर 260 से ज्यादा का स्कोर बनाना मुमकिन था।

# आयरलैंड के खिलाफ ब्लंडेल का शतक, 217 रन की पार्टनरशिप की

एजेंसी ▸▸ बेलफॉस्ट

न्यूजीलैंड ने आयरलैंड के खिलाफ इकलौते टेस्ट मैच में मजबूत शुरूआत की है। टीम ने बुधवार को स्टंप्स तक 5 विकेट पर 361 रन बना लिए। टॉम ब्लंडेल 142 और डीन फॉक्स क्रॉफ्ट 38 रन पर नाबाद रहे।

बेलफास्ट में कीवियों ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। लेकिन, उनकी शुरूआत उम्मीदों के अनुरूप नहीं रही। टीम ने पहले सेशन में 86 रन बनाने में 4 विकेट गंवा दिए थे। यहां से रचिन रवींद्र और टॉम ब्लंडेल ने शतक



लगाकर पारी को संभाला। दोनों ने 5वें विकेट के लिए रिकॉर्ड 217 रन जोड़े। मार्क अडायर ने दिन की शुरूआत में ही कीवी ओपनर्स को पवेलियन भेज दिया। उन्होंने दूसरी ही गेंद पर टॉम लाथम को इन स्विंग बॉल पर बोल्ड कर दिया। फिर डेवोन कॉन्वे को डेब्यू मैच खेल रहे लियाम मैकार्थी के हाथों कैच करा दिया। मैकार्थी ने केन विलियम्सन (36 रन) को छह्ह करके टेस्ट करियर का पहला विकेट लिया। फिर अडायर ने डेरिल मिचेल को भी विकेटकीपर के हाथों कैच कराया। 38वें ओवर में रूबेन विल्सन की गेंद पर दूसरी स्लिप में एंड्रयू बालबर्नी ने रचिन रवींद्र का आसान कैच छोड़ दिया। इसके बाद रचिन और ब्लंडेल ने दूसरे सेशन में कोई विकेट नहीं गिरने दिया।

### प्रज्ञानानंदा ने कार्लसन को हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने नॉर्वे चेस टूनामेंट में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर बड़ा उलटफेर किया। वहीं, वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश लगातार दूसरे दौर में हार गए। अगले दौर में उनका सामना मैग्नस कार्लसन से होगा। प्रज्ञानानंदा ने क्लासिकल मुकाबले में कार्लसन को हराकर तीन अंक हासिल किए।

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें। पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### एटीएम तोड़कर चोरी की कोशिश करने वाला बदमाश कैमरे की जद में आया

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में एक निजी बैंक के एटीएम में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने बुधवार को आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। घटना के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं, जिनमें बनियान पहने एक व्यक्ति एटीएम में घुसकर तोड़फोड़ करता दिखाई दे रहा है। तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक सुदामा नगर निवासी अमित बोहती की शिकायत पर नायता मुडला स्थित इंडिया वन एटीएम में तोड़फोड़ के मामले में केस दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी चोरी की नीयत से एटीएम में घुसा था। उसने एटीएम मशीन की वायरिंग, डोर हैंडल, डोर लॉक, कैमरा और मशीन का लॉक तोड़ दिया। हालांकि वह एटीएम से नकदी चोरी करने में सफल नहीं हो पाया। पुलिस के अनुसार करीब एक माह पहले असरावद खुर्द इलाके में इसी कंपनी के एटीएम में भी चोरी की कोशिश की गई थी। उस मामले में भी पुलिस को बनियान पहने एक संदिग्ध व्यक्ति के फुटेज मिले थे। टीआई देवेंद्र मरकाम ने बताया कि दोनों घटनाओं में एक ही तरह का व्यक्ति दिखाई दे रहा है। पुलिस आरोपी की पहचान कर उसकी तलाश में जुटी हुई है।

### ऑनलाइन कंपनी में काम करने वाले युवक के खाते से 1.89 लाख उड़ाए

**इंदौर।** विजयनगर क्षेत्र में एक ऑनलाइन कंपनी में काम करने वाले युवक के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है। युवक के मोबाइल में अचानक सॉफ्टवेयर अपडेट शुरू हुआ और कुछ ही देर में उसके बैंक खाते से 1 लाख 89 हजार रुपए निकल गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विजयनगर थाना पुलिस के मुताबिक ओमेक्स सिटी निवासी सूरज पुत्र तेजराम कुशवाह ने ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। सूरज ने पुलिस को बताया कि वह ईयरकार्ट कंपनी में नौकरी करता है। मंगलवार दोपहर वह काम कर रहा था, तभी उसके मोबाइल पर अचानक सॉफ्टवेयर अपडेट ऑटोमैटिक शुरू हो गया। उसने मोबाइल बंद करने की कोशिश की, लेकिन फोन बंद नहीं हुआ। इसी दौरान उसके मोबाइल पर लगातार ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के मैसेज आने लगे। जब उसने अपने बैंक खातों का बैलेंस चेक किया तो उसके होश उड़ गए। उसके खाते से कुल 1 लाख 89 हजार रुपए कट चुके थे। यह रकम एक्सिस बैंक, पीएनबी और एसबीआई के क्रेडिट कार्ड में यूपीआई के जरिए ट्रांसफर की गई थी। घटना के बाद सूरज ने अपने परिचितों को जानकारी दी और तुरंत साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। बुधवार को उसे विजयनगर थाने बुलाया गया, जहां पुलिस ने उसकी शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि मोबाइल में आया सॉफ्टवेयर अपडेट असली था या किसी साइबर ठग द्वारा भेजा गया फर्जी लिंक या मैलवेयर। अधिकारियों ने लोगों से अनजान लिंक और संदिग्ध अपडेट से सतर्क रहने की अपील की है।

### गहरी खदान से लापता व्यक्ति की तलाश एसडीआरएफ ने शुरू किया सर्च ऑपरेशन

**इंदौर।** पीथमपुर के सेक्टर-1 थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति बुधवार दोपहर से एक गहरी खदान में लापता हो गया है। 40 वर्षीय भोलाराम के कपड़े खदान के किनारे मिले हैं, जिससे उनके पानी में डूबने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। लापता व्यक्ति की पहचान 40 वर्षीय भोलाराम, पिता प्रहलाद अहिरवार के रूप में हुई है। भोलाराम बुधवार दोपहर को मारीमाता क्षेत्र स्थित खदान की ओर गए थे। शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान खदान के किनारे उनके कपड़े और अन्य सामान मिला। खदान में अत्यधिक पानी की गहराई के कारण आशंका है कि वे नहाते समय डूब गए। परिजनों और स्थानीय लोगों ने तत्काल सेक्टर-1 थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स को बुलाया। एसडीआरएफ के गोताखोर खदान के गहरे पानी में लगातार रेस्क्यू और सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। भोलाराम के लापता होने की खबर से परिवार में मातम छा गया है। खदान के पास परिजनों और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सर्च ऑपरेशन तेजी से जारी है और मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने स्थानीय निवासियों से खतरनाक और गहरी खदानों से दूर रहने की अपील की है।

### मशहूर फूड स्ट्रीट छप्पन दुकान एक बार फिर विवाद में आई, डोसे में निकली ब्लेड

**इंदौर।** शहर की मशहूर फूड स्ट्रीट छप्पन दुकान एक बार फिर विवादों में आ गई है। इस बार मामला छप्पन दुकान स्थित देसी मसाला आउटलेट से जुड़ा है, जहां एक ग्राहक के डोसे में कथित तौर पर ब्लेड निकलने का मामला सामने आया है। घटना के बाद ग्राहक भड़क गया और मौके पर जमकर हंगामा हुआ। अब पूरे मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग खाद्य सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। बताया जा रहा है कि ग्राहक अपने परिवार के साथ डोसा खाने पहुंचा था। जैसे ही उसने डोसा खाना शुरू किया, उसमें से ब्लेड जैसा धारदार टुकड़ा निकल आया। यह देखकर ग्राहक और वहां मौजूद लोग दंग रह गए। गनीमत रही कि



कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, वरना यह लापरवाही गंभीर चोट का कारण बन सकती थी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही लोगों ने नाराजगी जाहिर करना शुरू कर दिया। कई लोगों ने सवाल उठाए कि आखिर शहर में लगातार खाद्य विभाग की कार्रवाई के बावजूद नामी फूड आउटलेट्स में इस तरह की लापरवाही कैसे हो रही है। इससे पहले भी इंदौर के कई चर्चित रेस्टोरेंट और कैफे में खाने में कीड़े, गंदगी और खराब क्वालिटी की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर की पहचान बन चुके फूड पॉइंट्स पर सिर्फ चमक-दमक दिखाई जाती है, लेकिन किचन की साफ-सफाई और गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। वायरल वीडियो के बाद अब लोग खाद्य विभाग से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। फिलहाल मामले को लेकर संबंधित दुकान संचालक की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन सोशल मीडिया पर यह मामला जमकर चर्चाओं में बना हुआ है।

---

#### इंदौर में रहवासियों ने कहा- अतिक्रमण नहीं, हमारा घर था, 10 फीट की जगह 15 फीट तोड़ दिया

# सड़क के लिए टूटीं पीढ़ियों की यादें, छावनी में आक्रोश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर छावनी क्षेत्र में हुई कार्रवाई के बाद अब बरसों पुराने घरों और दुकानों के टूटने का दर्द लोगों की जुबान पर आने लगा है। रहवासियों और व्यापारियों का कहना है कि कार्रवाई केवल निर्माण हटाने तक सीमित नहीं रही, बल्कि पीढ़ियों से बसे परिवारों की जिंदगी उजाड़ दी गई। कई परिवारों के घर टूट चुके हैं, कारोबार ठप हो गए हैं और अब लोग प्रशासन से कम से कम उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

रहवासियों का आरोप है कि उन्हें पर्याप्त समय और विकल्प दिए बिना ही कार्रवाई कर दी गई। लोगों का कहना है कि जिन मकानों को अतिक्रमण बताकर तोड़ा गया, वे वैध और वर्षों पुराने थे।

**100 साल पुराना घर टूट गया-** रहवासी श्याम अग्रवाल ने बताया कि उनका घर 100 साल से भी अधिक पुराना था। नोटिस मिलने के बाद उन्होंने आगे का हिस्सा खुद हटाया, लेकिन पुराना और कच्चा निर्माण होने से पूरा मकान ही गिर गया।

उन्होंने कहा कि यहां जिन मकानों पर कार्रवाई हुई, वे अवैध नहीं थे। सभी के पास रजिस्ट्री और दस्तावेज मौजूद हैं। सड़क निर्माण के लिए लोगों से जमीन ली जा रही है, लेकिन मुआवजा नहीं दिया जा रहा। यह भी आरोप लगाया कि कार्रवाई बेहद जल्दबाजी में की गई। एक दिन पहले नोटिस दिया गया और अगले दिन सुबह ही तोड़फोड़ शुरू कर दी गई। क्षेत्र में बुजुर्ग, बच्चे और परिवार रहते हैं, ऐसे में लोगों को सामान तक निकालने का पर्याप्त समय नहीं मिला।

**अंदर तक तोड़ दिया मकान-** व्यापारी विनोद अग्रवाल ने बताया कि उनके 100 साल पुराने मकान पर पहले 10 फीट तक तोड़ने के निशान लगाए गए थे। उन्होंने खुद मजदूर लगाकर निर्माण हटाने की बात कही, लेकिन प्रशासनिक अमले ने मजदूरों को नीचे उतार दिया और मशीनों से तोड़फोड़ शुरू कर दी। उनका आरोप है कि तय सीमा से अधिक हिस्सा तोड़ दिया गया, जिससे पीछे का निर्माण भी क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब दूसरी जगह सड़क निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहित की जाती है तो मुआवजा दिया जाता है, फिर यहां लोगों को उसका अधिकार क्यों नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि वे नगर निगम के विरोध में नहीं हैं, लेकिन प्रशासन को भी प्रभावित लोगों का साथ देना चाहिए।

#### मकान टूटने के बाद चोरी की घटनाएं बढ़ी

प्रभावित व्यापारियों ने आरोप लगाया कि कार्रवाई के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई। उनके मकान के ताले टूट गए और गैस सिलेंडर, वेल्डिंग कटर सहित अन्य सामान चोरी हो गया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अन्य जगहों पर भी चोरी की घटनाएं हुई हैं। लोगों का कहना है कि कार्रवाई के बाद खाली पड़े मकानों और दुकानों की सुरक्षा के लिए पुलिस गश्त बढ़ाई जानी चाहिए थी।

#### तय सीमा से ज्यादा हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ

सीए नमन ऐरन ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान उनके मकान का भी बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ। उन्होंने कहा कि 80 फीट मास्टर प्लान के तहत कार्रवाई की गई थी और सीमित हिस्से को हटाने की बात कही गई थी, लेकिन अपेक्षा से अधिक निर्माण तोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि अब भी क्षेत्र में मलबा पड़ा है और लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। प्रशासन की ओर से यह भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई कि मलबा कब तक हटेगा और नुकसान का आकलन कैसे होगा।

#### एक-दो दिन में मलबा साफ हो जाएगा

मलबा हटाने का काम कर रही ठेका कंपनी के कर्मचारी हिमांशु मिश्रा ने बताया कि छावनी चौराहे से जगन्नाथ धर्मशाला तक अधिकांश मलबा हटाया जा चुका है। कुछ स्थानों पर लोगों का सामान होने के कारण काम धीमा हुआ, लेकिन अब तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि दो-तीन जेसीबी और कई मजदूर लगातार काम कर रहे हैं तथा एक-दो दिन में रास्ता पूरी तरह साफ कर दिया जाएगा।

---

#### महाकाल लोक की तर्ज पर सुव्यवस्थित दर्शन व्यवस्था रहेगी, गर्भगृह का मुख्य द्वारा भी होगा चौड़ा

# खजराना मंदिर के मास्टर प्लान का भूमिपूजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में खजराना श्री गणेश मंदिर के मास्टर प्लान के प्रथम चरण के विकास कार्यों का पूजन-अर्चन गुरुवार को मंदिर प्रबंध समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम इंदौर कलेक्टर व मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष शिवम वर्मा और नगर निगम कमिश्नर व मंदिर प्रशासक क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। पूजन-अर्चन मुख्य पुजारी अशोक भट्ट व विनीत भट्ट के सानिध्य में सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर समाजसेवी सुरेश फेरवानी, निर्माण एजेंसी के राजू आगर, मंदिर प्रबंधक घनश्याम शुक्ला, गौरी शंकर मिश्रा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।



#### ये विकास कार्य होंगे

मास्टर प्लान के तहत मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे।

- मंदिर परिसर का विस्तार 8.5 एकड़ से बढ़ाकर लगभग 26.5 एकड़ तक करना।
- महाकाल लोक की तर्ज पर सुव्यवस्थित दर्शन व्यवस्था विकसित करना।
- नागर शैली में भव्य मंडप और प्रवेश क्षेत्र का निर्माण।
- श्रद्धालुओं के लिए क्लॉक रूम, प्रतीक्षालय, विश्राम स्थल, फीडिंग रूम, डे-केयर सेंटर और प्राथमिक उपचार केंद्र जैसी सुविधाएं विकसित करना।
- मंदिर तक पहुंचने वाले मार्गों और मास्टर प्लान सड़कों का चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण।
- पार्किंग और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना, ताकि त्योहारों और भीड़भाड़ के समय श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके।
- भविष्य में भक्त सदन, धर्मशाला और अन्य धार्मिक-सामाजिक सुविधाओं का निर्माण।

---

# पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन के माली पर एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन के यहां माली का काम करने वाले व्यक्ति का घर के सामने रास्ते में खड़े होने की बात पर पड़ोसियों से विवाद हो गया। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

बाणगंगा पुलिस ने माली अरविंद यादव की शिकायत पर राजेश चौहान, संगीता चौहान, विवेक चौहान, अमन चौहान, विक्की चौहान, मिथुन चौहान और अर्जुन चौहान के खिलाफ मारपीट और विवाद का मामला दर्ज किया है। दूसरे पक्ष की शिकायत पर अरविंद यादव और उसके परिवार के लोगों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है। एसीपी रूबीना मिजवानी के अनुसार अरविंद पूर्व सांसद के यहां माली का काम करता है। उसने राजेश को घर के सामने खड़े होने पर टोका था, जिसके बाद विवाद और मारपीट हो गई। यह घटना 24 मई को हुई, जिसके बाद उसी दिन दोनों पक्षों पर एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने दोनों पक्षों को नोटिस देकर थाने बुलाया था। इस दौरान पूर्व सांसद की ओर से मामले की जानकारी ली गई और शिकायत भी दर्ज कराई गई।

---

# अभि तोमर हत्याकांड में तीन और गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लसूड़िया थाना क्षेत्र में 21 मई को गुलाब बाग पेट्रोल पंप के सामने हुए अभि तोमर हत्याकांड में पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक बाइक भी बरामद की है। वहीं इस सनसनीखेज हत्याकांड के तीन मुख्य आरोपी अब भी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

एडीशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी गुलशन यादव ने अपने भाई विष्णु की हत्या का बदला लेने के लिए अभि तोमर की हत्या की साजिश रची थी। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया और बाद में फरार हो गया।

**इन आरोपियों ने मुख्य आरोपियों को संरक्षण दिया-** पुलिस ने मामले में जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनमें पीयूष गुर्जर (18) निवासी विजयनगर, सत्ते उर्फ सत्यवीर (23) निवासी चंदनपुरा भिंड, गौरव उर्फ संजू (22) निवासी गुलमोहर का बगीचा चितावद रोड, नरेश चौरसिया (36) निवासी ब्रिटिश पार्क और भानु गुर्जर (29) निवासी ब्रिटिश पार्क शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक इन आरोपियों ने मुख्य आरोपियों को संरक्षण देने और फरार होने में मदद की थी।

# ऑटो ड्राइवर ने किया सुसाइड

**इंदौर।** विजयनगर इलाके में रहने वाले एक युवक ने बुधवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान विशाल वर्मा (28) निवासी अंबिका नगर के रूप में हुई है। विजयनगर पुलिस के अनुसार विशाल ने घर में फांसी लगाई। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई शुभम ने बताया कि विशाल ऑटो रिक्शा चलाता था। उसने बजाज फाइनेंस से पांच साल के लिए लोन लिया था और तीन साल से किश्तें भर रहा था। पिछले दो महीनों से वह किश्तें जमा नहीं कर पा रहा था, जिससे वह तनाव में था।

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

श्री मद भागवत महापुराण पितृकथा
पितृ शांति एवं पुण्य लाभ का अवसर
अधिक मास के पावन अवसर पर, अपने पितरों की आत्मिक शांति और मोक्ष की कामना हेतु हम श्री मद भागवत महापुराण पितृ कथा का आयोजन करने जा रहे हैं।
पतित पावनी नगरी उज्जैन की पवित्र धरा पर, भागवत आचार्य डॉ. पं. नलिन शर्मा जी के मुखारविंद से अमृतमयी कथा का श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त करें।
तिथि: 1 जून से 7 जून 2026
अपने पितरों की मोक्ष प्राप्ति हेतु इस पितृ भागवत में यजमान बनने का सौभाग्य प्राप्त करें।
कथा स्थल : श्री राम मंदिर गढ़कालिका चौराहा उज्जैन
भगवताचार्य डॉ. पं. नलिन शर्मा (मोबा.9179271166)

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा | नागदा
मकान बेचना है | मकान बेचना है
Size 12.5x30 | Size 20x40
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा | श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com